सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.5 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 21.5 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,442.04 |
| निफ्टी | 24,750.90 |
| सोना | 98,163 |
| चांदी | 1,04,675 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मेलों को लेकर कुछ नेताओं के पेट में होती है दर्द, उन्हें चूर्ण लेने की जरूरत: अग्निहोत्री

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 6 जून 2025 | 24 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 158, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### एक करोड़ रुपए का इनामी नक्सली ढेर

**एजेंसी, बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में केंद्रीय कमेटी मेंबर सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम के ढेर होने की खबर है। वह तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड था। सुधाकर पर एक करोड़ का इनाम घोषित था। वीरवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही थी। बताया जा रहा है कि नेशनल पार्क एरिया में माओवादियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबल निकले थे। (अनंत ज्ञान)

### मोदी ने पीएम आवास में रोपा सिंदूर का पौधा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पीएम आवास पर सिंदूर का पौधा लगाया। यह पौधा उन्हें 25-26 मई को गुजरात दौरे के दौरान कच्छ में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में बहादुरी दिखाने वाली महिलाओं के ग्रुप ने भेंट किया था। दरअसल, इस सिंदूर के पौधे को ऑपरेशन सिंदूर से जोड़कर देखा जा रहा है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को पीओके और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में 12 देशों के नागरिकों की एंट्री बैन

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 12 देशों के लोगों के अमेरिका आने पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश जारी किया है। इन देशों में अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिका की सुरक्षा और लोगों की जान की हिफाजत के लिए जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

### टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने रचाई शादी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने जर्मनी में बीजू जनता दल के नेता पिनाकी मिश्रा के साथ शादी कर ली है। दोनों ने जर्मनी में शादी रचाई है। महुआ मोइत्रा बंगाल के कृष्णानगर से सांसद हैं और उन्हें काफी तेजतर्रार नेता माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- नगर निगम में होंगे 15 वार्ड, ड्राफ्ट लगभग फाइनल पेज 2
- प्लास्टिक का उपयोग करने वालों का ऐप से कटेगा चालान -पेज 3
- एक डॉक्टर के सहारे चल रहा सिविल अस्पताल बरठीं -पेज 6
- अभिलाषी में सुख आश्रय योजना से पांच छात्रों को मिला प्रवेश -पेज 9
- मोदी आज करेंगे दुनिया के सबसे ऊंचे पुल का उद्घाटन -पेज 13


# अयोध्या में अभिजीत मुहूर्त में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा

## सूरत के कारोबारी ने हीरे के आभूषण दान किए, योगी बोले- मोदी आधुनिक भारत के भगीरथ



अयोध्या के भव्य राम मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा करवाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**101 पंडितों ने करवाई प्राण प्रतिष्ठा**

**एजेंसी अयोध्या**

अयोध्या के राम मंदिर में वीरवार को राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। सीएम योगी ने राम दरबार का पूजन किया। प्राण प्रतिष्ठा अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.25 से 11.40 बजे के बीच हुई। सूरत के कारोबारी मुकेश पटेल ने हीरे, सोने-चांदी के आभूषण दान किए। रामलला के गर्भगृह के ऊपर यानी फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार बनाया गया है। इसमें श्रीराम, मां सीता, तीनों भाई-लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के साथ हनुमानजी की मूर्तियां हैं। काशी के पुरोहित जय प्रकाश त्रिपाठी ने 101 पंडितों के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई। मंत्रोच्चारण के बाद मूर्तियों की आंखों पर बंधी पट्टियां खोली गईं, उन्हें आइना दिखाया गया। भगवान राम सहित चारों भाइयों के हाथों में धनुष हैं। जहां गर्भगृह में भगवान राम बालक के रूप में हैं, वहीं राम दरबार में राजा के रूप में विराजमान हैं। श्रद्धालु राम दरबार के दर्शन कब से कर सकेंगे, ट्रस्ट ने अभी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को आधुनिक भारत का भगीरथ बताया। नमामि गंगे परियोजना से पीएम ने गंगा की पवित्रता को फिर से हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

# सीएम सुक्खू ने 'प्लास्टिक मुक्त हिमाचल' का दोहराया संकल्प





'प्लास्टिक न्यूट्रल हिमाचल-2030' अभियान का शुभारंभ करते हुए सीएम सुक्खू।

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना' के वैश्विक ध्येय को आत्मसात करते हुए, एक महत्वाकांक्षी 'प्लास्टिक न्यूट्रल हिमाचल-2030' अभियान का शिमला से शुभारंभ किया। ओक ओवर से एक विशाल साइकिल रन को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री ने प्रकृति के संरक्षण को हिमाचली संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए आगामी पांच वर्षों में राज्य को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

**'प्लास्टिक न्यूट्रल हिमाचल-2030' अभियान का किया शुभारंभ**

पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'स्वच्छ शिमला अभियान' का भी आगाज किया।

### प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने इस बात पर जोर दिया कि अगले 5 वर्षों में हिमाचल प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त बनाने के निरंतर प्रयासों के साथ-साथ, व्यापक जन-जागरूकता लाने के लिए भी गंभीर प्रयासों की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने प्रकृति के प्रति हिमाचल के गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव को रेखांकित करते हुए कहा, 'प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सौंदर्य से अपनी दुनियाभर में अलग ही पहचान है। इसे सदैव बनाए रखने के लिए हमें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निरंतर प्रयास करने होंगे।'

### अभियान में सभी की सहभागिता जरूरी

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उपस्थित जनसमूह को हिमाचल प्रदेश को प्लास्टिक न्यूट्रल बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्पष्ट किया कि हिमाचल को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी की सहभागिता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा, 'पर्यावरण को प्लास्टिक से बचाना हम सभी का दायित्व है।'

# सीबीआई ही करेगी विमल नेगी मौत मामले की जांच

## गांधी की अपील पर हाईकोर्ट ने सरकार, सीबीआई व किरण नेगी को भेजा नोटिस

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने विमल नेगी मौत मामले में निलंबित चल रहे एसएसपी संजीव गांधी की अपील पर पर राज्य सरकार, सीबीआई और किरण नेगी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पूछा है कि क्या एसीएस और डीजीपी की रिपोर्टों के आधार पर निलंबित चल रहे एसएसपी गांधी की सदस्यता वाली एसआईटी के खिलाफ की गई टिप्पणी से उनका सेवाकाल प्रभावित होगा?

हालांकि खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि वह चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत केस की जांच सीबीआई को सौंपने के आदेशों के मामले में दखल नहीं देगी। यानी इस केस की जांच आगे भी सीबीआई ही करती रहेगी। वहीं, संजीव गांधी ने सीबीआई जांच का विरोध नहीं किया, बल्कि एकल पीठ द्वारा सीबीआई जांच सौंपने के आधार पर आपत्ति जताई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी सीबीआई जांच के फैसले को चुनौती न देने का ऐलान किया था, जबकि संजीव गांधी ने इसे चुनौती देने की घोषणा की थी।





### हाईकोर्ट ने पूर्व एमडी हरिकेश मीणा को 16 जून तक दी अंतरिम राहत

**शिमला।** प्रदेश हाईकोर्ट ने चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत से जुड़े मामले में हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के पूर्व एमडी हरिकेश मीणा को मिली अंतरिम राहत 16 जून तक बढ़ा दी है। 7 अप्रैल को हाईकोर्ट ने जांच टीम को मीणा के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई न करने का आदेश दिया था। न्यायाधीश विरेंदर सिंह के समक्ष हुई सुनवाई में कोर्ट को बताया गया कि यह मामला अब सीबीआई को सौंप दिया गया है। इन परिस्थितियों में मीणा ने उचित आवेदन दाखिल करने की अनुमति मांगी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 16 जून को होगी।

## अमरनाथ यात्रा

### पहलगाम-बालटाल रूट पर पहली बार लगाए जाएंगे जैमर

**एजेंसी, श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा के काफिले की सुरक्षा के लिए पहली बार जैमर लगाए जाएंगे, जिसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सुरक्षा प्रदान करेगी। काफिले के गुजरने के दौरान सुरक्षा के लिए यात्रा के दोनों रूट और नेशनल हाईवे की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया जाएगा। इसके अलावा यात्रा के लिए अलग-अलग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 581 कंपनियां तैनात की जाएंगी। इनमें लगभग 42000 से 58,000 जवान शामिल हैं। CAPF में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, सशस्त्र सीमा बल, इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस, सेंट्रल इंडस्ट्री सिक्योरिटी फोर्स शामिल रहती है। (अनंत ज्ञान)

# बेंगलुरु भगदड़: कर्नाटक सरकार को नोटिस

## हाईकोर्ट ने रिपोर्ट पेश करने को कहा, अगली सुनवाई 10 जून को

**एजेंसी, बेंगलुरु**

बेंगलुरु भगदड़ मामले की वीरवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान एक्टिंग चीफ जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस सीएम जोशी बेंच ने राज्य सरकार को हादसे पर रिपोर्ट पेश करने का नोटिस दिया है। अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी। राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया, 'भगदड़ के बाद घायलों को तुरंत इलाज मुहैया करवाया गया। विक्ट्री परेड के दौरान 1380 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।' हालांकि, डिप्टी सीएम एक दिन पहले 1000 सुरक्षाकर्मी तैनात होने की जानकारी दी थी। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से कहा, 'राज्य सरकार को यह बताना चाहिए कि आरसीबी के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किसने लिया है। जो खिलाड़ी देश के लिए नहीं खेलते, उन्हें सम्मानित करने की क्या मजबूरी थी।'



दरअसल, 4 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली बार आईपीएल खिताब जीतने पर बेंगलुरु में विक्ट्री परेड का आयोजन किया था। पहले राज्य सरकार ने विधानसभा परिसर में सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया। इसके बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम में हुआ। इससे पहले ही स्टेडियम के बाहर जुटी भीड़ में भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई। 33 घायल हैं। सभी मरने वाले 35 साल से कम उम्र के थे, 3 टीनेजर हैं। (अनंत ज्ञान)

### आरसीबी समेत तीन के खिलाफ एफआईआर

**कर्नाटक** पुलिस ने वीरवार को भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इन पर विक्ट्री परेड के दौरान आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि भगदड़ की घटना अव्यवस्था और जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही की वजह से हुई। हालांकि भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों के परिवारों को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

### हिमाचल में आज से बदलेगा मौसम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दो सप्ताह तक बारिश, ओलावृष्टि और ऊंचे पहाड़ों पर हल्के हिमपात से मौसम ठंडा बना रहा, लेकिन आज यानी 6 जून से पूरे प्रदेश में मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा। देशभर में पड़ी रही गर्मी से बचने को पहाड़ों पर आने वाले टूरिस्ट के लिए मौसम सुहावना हो जाएगा। मौसम विभाग केंद्र शिमला की मानें तो 6 से 10 जून के बीच पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। हालांकि छह जून को मंडी, कुल्लू, शिमला, सोलन व सिरमौर जिला के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी हो सकती है, जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम पूरी तरह साफ रहेगा। इससे तापमान में पांच से छह डिग्री का उछाल आएगा।

# ओपीडी शुल्क पर सुक्खू का यू-टर्न बोले- सरकार ने नहीं दिए आदेश

## अस्पताल खुद लें फैसला, सरकार ने कोई अधिसूचना जारी नहीं की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के अस्पतालों में ओपीडी पर्ची सहित विभिन्न जांचों पर शुल्क लगाने के फैसले पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्टीकरण देते हुए यू-टर्न ले लिया है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के बाद मचे बवाल के बीच मुख्यमंत्री ने वीरवार को साफ किया कि सरकार की ओर से 10 रुपए का ओपीडी शुल्क लेने की कोई सिफारिश नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधन यदि सफाई व्यवस्था के लिए शुल्क लेना चाहता है, तो यह निर्णय रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) अपने स्तर पर ले सकती है। सरकार ने इस संबंध में कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। यह बयान पर्यावरण दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान आया। मुख्यमंत्री के इस बयान से उन अटकलों पर विराम लग गया है, जो बुधवार को जारी अधिसूचना के बाद लग रही थीं।

### एक दिन पहले जारी की थी अधिसूचना

**बुधवार** को स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव (स्वास्थ्य) की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, वीरवार से सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में ओपीडी पर्ची के 10 रुपए, एक्स-रे के 60 रुपए, अल्ट्रासाउंड के 120 रुपए और ईसीजी का 35 रुपए शुल्क लेने की बात कही गई थी। हालांकि, यह भी बताया गया था कि कई अस्पतालों में ये शुल्क पिछले एक महीने से लिए जा रहे थे और 133 तरह के टेस्ट पहले की तरह निशुल्क रहेंगे। बता दें कि पूर्व भाजपा सरकार ने वर्ष 2018 में मरीजों से पर्ची के पैसे लेने बंद कर दिए थे।

# पक्के मकान वाले परिवार होंगे बीपीएल सूची से बाहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में अब केवल जरूरतमंदों को ही गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों की सूची में शामिल किया जाएगा। सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने बीपीएल सूची के चयन के लिए कड़े नए मापदंड निर्धारित किए हैं। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि जिन परिवारों के पास अपना पक्का मकान है, उन्हें बीपीएल सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। वेरिफिकेशन के दौरान ऐसे परिवारों का नाम स्पॉट पर ही काट दिया जाएगा।

**वेरिफिकेशन पर स्पॉट पर कटेगा नाम**

**25 जून तक जारी होगी अंतिम सूची**

प्रदेश सरकार का मानना है कि हिमाचल में प्रति व्यक्ति आय बेहतर है और कई गरीब परिवारों के पास भी अपने पक्के मकान हैं, जिससे उनका जीवन स्तर अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। आपको बता दें कि हिमाचल में बीपीएल सूची के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अब आवेदनों के वेरिफिकेशन का कार्य चल रहा है। आगामी 25 जून तक अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

## डिफेंस डील

### टाटा ग्रुप और दसॉल्ट एविएशन के बीच हुई डील, 4 प्रोडक्शन ट्रांसफर एग्रीमेंट पर किए साइन

# अब भारत में बनेगी राफेल फाइटर जेट की बॉडी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राफेल फाइटर जेट बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट एविएशन और टाटा ग्रुप के बीच बड़ी डील हुई है। दसॉल्ट एविएशन अब टाटा ग्रुप के साथ मिलकर भारत में ही फाइटर जेट राफेल की बॉडी बनाएगी। इसके लिए दोनों कंपनियों ने एक डील साइन की है। टाटा और डसॉल्ट ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के बॉडी पार्ट के लिए चार प्रोडक्शन ट्रांसफर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह समझौता देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और ग्लोबल सप्लाई चेन को मजूबत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस कदम को भारत में सामरिक और सैन्य विमानों के निर्माण की दिशा में एक अहम पड़ाव माना जा रहा है। जहां राफेल फाइटर जेट के अहम हिस्सों का निर्माण किया जाएगा। इनमें विमान का फ्यूजलाज, पीछे का पूरा हिस्सा, सेंट्रल फ्यूजलाज और सामने का हिस्सा शामिल है। माना जा रहा है कि इस प्रोडक्शन प्लांट से 2028 तक राफेल का पहला फ्यूजलाज असेंबली लाइन से बाहर आ जाएगा। जब फैक्टरी पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगी, तो यहां तो यहां हर महीने में 2 फ्यूजलाज तैयार होंगे। (अनंत ज्ञान)



**यह डील देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत बनाने में अहम कदम**

### क्या होता है राफेल जेट का फ्यूजलाज?

**राफेल** फाइटर जेट में फ्यूजलाज विमान का मुख्य ढांचा है, जो इसका केंद्रीय संरचनात्मक हिस्सा होता है। यह पायलट कॉकपिट, इंजन, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, और हथियारों को जोड़ता है, साथ ही विंग्स और टेल को सहारा देता है दसॉल्ट एविएशन के अनुसार राफेल का फ्यूजलाज हल्के और मजबूत कम्पोजिट सामग्रियों (जैसे कार्बन और केवलर फाइबर) से बना होता है, जो इसका वजन कम करता है और अधिकतम टेक-ऑफ वजन को खाली वजन के अनुपात में 40 प्रतिशत तक बढ़ाता है। यह डिजाइन उच्च गति को संभव बनाता है।

### फ्रांस के बाहर पहली बार बनेगा फ्यूजलाज

**दसॉल्ट** एविएशन के चेयरमैन और सीईओ ने कहा कि पहली बार राफेल के फ्यूजलाज का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जा रहा है। यह भारत में हमारी सप्लाई चेन को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। वहीं, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा, 'यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत में संपूर्ण राफेल फ्यूजलाज का उत्पादन टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते भरोसे व डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की ताकत को रेखांकित करता है।

ABHILASHI GROUP OF INSTITUTIONS

NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)

Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC, Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE

ADMISSION OPEN 2025-26

T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH. — B.TECH (CE/EE/CSE), DIPLOMA (CE/EE)

T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE — ITI in ELECTRICIAN, SANITARY HEALTH INSPECTOR, SOLAR TECHNICIAN (ELECTRICAL), FITTER

ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY — B. PHARMACY

ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES — M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY

ABHILASHI COLLEGE OF NURSING — B.Sc. NURSING, M.Sc. NURSING, POST BASIC B.Sc. NURSING, GNM

ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION — D.EL.Ed, B.Ed — Accredited by NAAC with B++ Grade

SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply

CONTACT FOR ADMISSION: 9816005139, 9816102238, 9129500063, 9418484847, 9816242139

Website: www.abhilashi-edu.in, www.tramiet.in

Email: abhilashigroup@gmail.com

# नगर निगम में होंगे 15 वार्ड, ड्राफ्ट लगभग फाइनल

## सरकार की हरी झंडी; चुनाव लड़ने वालों की धुकधुकी बढ़ी, ऑब्जेक्शंस के लिए 7 दिन का समय, 9 तक दे सकते हैं आपत्तियां

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर नगर निगम के वार्डों का ड्राफ्ट लगभग तैयार हो गया है। इसकी मकम्मल अधिसूचना किसी भी समय हो सकती है। 15 वार्ड बनाए गए हैं। कुछ वार्डों की फिर से कांट-छांट हुई है। हालांकि शुरुआती दौर में 17 या 18 वार्ड बनाए जाने का प्रस्ताव था, लेकिन अब ये 15 पर सीमित कर दिए हैं। डीसी अमरजीत सिंह के हवाले से जारी इस ड्राफ्ट में 9 जून तक आपत्तियां मांगी गई हैं।

हमीरपुर नगर परिषद में पहले 11 वार्ड थे, अब इनमें चार की और वृद्धि हुई है। आसपास के जो इलाके उनके राजस्व रिकॉर्ड के मुताबिक नगर निगम में शामिल हुए हैं, उसका विस्तृत ब्यौरा इस प्रकार तैयार हुआ है। हालांकि जो ड्राफ्ट अब तैयार हुआ है, उसको लेकर कई गांव के लोग नाराज भी हैं, उनके हाथ जो ड्राफ्ट लगा है, उस पर वे सहमत नहीं है। एनआईटी का जो नया वार्ड बनाया गया है, उसको लेकर भी काफी नाराजगी है।


नगर निगम का भवन। (फाइल फोटो)

**नगर निगम में डीलिमिटेशन के तहत बनाए गए वार्डों में आने वाले गांव व जनसंख्या :** वार्ड नंबर एक एनआईटी में आने वाले गांव सराहकड़, रोपड़ी, बलौगणी, भरनांग, सलोट, खरोह, धार सबरियां व उप महाल धार सवारी एनआईटी तक जनसंख्या 2612 है।

वार्ड नंबर दो मति टीहरा में आने वाले गांव बहाल, डोडरू, चैकी, क्रस्ट, घरयाणा ब्राहम्णा, घरयाणा जसवलां, ककरू, खास ग्रा, बस्सी, सियूणी, घराण मसंदा, उप महाल अणु तक जनसंख्या 2259 है। वार्ड नंबर तीन हीरानगर में आने वाले गांव घराहट, दुगनेहड़ा, मोहन, बस्सी, छल बूहला, डिब, अधवाणी, चुनाल, छल उपरला, रियालड़ी, नडियाणा सडियाणा, उपमहाल हीरानगर तक जनसंख्या 2695 है। वार्ड नंबर 4 कृष्णा नगर- में उप महाल कृष्णा नगर, गोपाल नगर, मटाणी, लकूई, कोहलड़ी, रखरयाल, खेंडा, बल्ह बल्हवालन, बल्ह धदवालन, घिरथेड़ी बल्हवालन, घिरथेड़ी ब्राह्मणा तक जनसंख्या 2245 है।

वार्ड नंबर 5 दड़ूही में आने वाले गांव दड़ूही, बर्नवाड़, सासन, सस्त्र तक जनसंख्या 2577 है। वार्ड नंबर 6 देव नगर में आने वाले गांव खाला, वार्ड नंबर 7 मिल्खी पेट्रोल पंप से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, वार्ड नंबर 8 से मिल्खी पेट्रोल पंप से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, चमारडी, दुलेहड़ा तक जनसंख्या 2059 है। वार्ड नंबर 7 अणुकलां में आने वाले गांव अणुकलां, अणु खुर्द, वार्ड नंबर से कोर्ट से दीप कुमार के घर ब्रह्मणी तक जनसंख्या 2733 है।

वार्ड नंबर 8 बल्ह में आने वाले गांव बल्ह, मायना, भटेड़ चिंबियां, मोहीं, उप महाल बडू, उप महाल घुराड़ा तक जनसंख्या 2157 है। वार्ड नंबर 9 शिव नगर में आने वाले गांव वार्ड नंबर 3, वार्ड नंबर 4, वार्ड नंबर 5, घनाल कलां, घनाल खुर्द, वार्ड नंबर 6 का इलाहबाद गली से चड्डा गली तक जनसंख्या 4735 है। वार्ड नंबर10 नया नगर में आने वाले क्षेत्र वार्ड नंबर 7 मिल्खी राम पेट्रोल पंप से पीडब्लयूडी चीफ आफिस तक, वार्ड नंबर 8 से मिल्खी राम पेट्रोल पंप से प्रकाश लॉज गली तक, वार्ड नंबर 2 से टेलीफोन एक्सचेंज से सैशन जज रेजीडेंस तक, वार्ड नंबर 6 से नादौन चौक से इलाहाबाद बैंक गली तक, वार्ड नंबर 10 के एडवोकेट जग्गी के मकान से न्यू पार्क वार्ड नंबर 10 तक जनसंख्या 2116 है।

वार्ड नंबर 11 बजूरी में आने वाले गांव राडा, दुगनेड़ी, बजूरी खास, घिरथेड़ी, पडल, निजाद, झरेड़ी, भटेड़ खुर्द, लाहड़ जसूर तक जनसंख्या 2526 है। वार्ड नंबर 12 राम नगर में आने वाले क्षेत्र वार्ड नंबर 10 न्यू पार्क से लेकर वार्ड के अंतिम छोर तक, वार्ड नंबर 9 व बारल तक जनसंख्या 2151 है। वार्ड नंबर 13 बरोहा में आने वाले गांव बोहणी, तरोपका, बरोहा, पंजैहली तक जनसंख्या 2361 है। वार्ड नंबर 14 हलाणा में आने वाले गांव भरवां, बरोटी, समरयाल, धलोट, हरी नगर, भिड़ा, हलाणा, कलर परोहितां, कलर दत्यालन, सुनाली, कलर पड़यां, उप महान रणजीत नगर, डेराबस्सी, साई उगयालता, साई ब्राह्मणा तक जनसंख्या 2721 है। वार्ड नंबर 15 सुभाष नगर में शामिल गांव उपमहाल लाहलड़ी, डुग्घा कलां, डुग्घा खुर्द तक जनसंख्या 1784 है।

### विरोध के स्वर भी लगे हैं उठने

**अभी** तो यह हमीरपुर नगर निगम का नया स्वरूप तैयार हुआ है, लेकिन इसको लेकर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। शुक्रवार को कई डेपुटेशन डीसी अमरजीत सिंह से मिलने वाले हैं। कारण यह है कि कई जगह पर जिस तरीके से राजनीतिक कारणों का प्रभाव दिखाई दे रहा है वहां पर विरोध की चिंगारी सुलग रही है।

### तैयार ड्राफ्ट का स्वागत



**हमीरपुर** नगर परिषद के पूर्व सेवानिवृत्त कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर ने नगर निगम के नए ड्राफ्ट का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इसमें सभी इलाकों का बराबर ध्यान रखा गया है। अजमेर ने कहा कि अब क्योंकि नए ड्राफ्ट में 15 वार्ड बनाए गए हैं। नगर निगम की जनसंख्या के हिसाब से यह बेहतर कदम उठाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग 8 को मैहरे में जनता से होंगे रू-ब-रू

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** भाजपा के तेजतर्रार नेता एवं हमीरपुर सांसदअनुराग सिंह ठाकुर रविवार को रेस्ट हाउस मैहरे में बड़सर की जनता से रू-ब-रू होंगे तथा उनकी समस्याओं को सुनेंगे। ठाकुर हाल ही में विदेश के दौरे पर थे, जहां पर उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का झूठा दुनिया के सामने बयां किया। वह अब 8 जून को सुबह 10 से लेकर 12 तक मैहरे रेस्ट हाउस में जन समस्याएं सुनेंगे, साथ-साथ बड़सर विधानसभा क्षेत्र के दोनों भाजपा मंडलों की कार्यप्रणाली का भी फीडबैक लेंगे। यह जानकारी विधायक बड़सर इंद्रदत्त लखनपाल ने साझा की।

### धूमल ने एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पर पौधरोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए मातृशक्ति को सम्मान दिया। प्रो. धूमल ने कहा कि मातृशक्ति हमारे जीवन का आधार है और वृक्ष हमारे पर्यावरण का। इस पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने अपील की कि हर व्यक्ति अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाए और उसका संरक्षण करे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार का ही नहीं, बल्कि हम सबका दायित्व है। पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

### पर्यावरण दिवस पर सहकारिता विभाग ने निकाली पदयात्रा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर सहकारिता विभाग और जिला सहकारी विकास संघ ने जिला मुख्यालय में पदयात्रा निकालकर आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। सहकारी सभाओं के रजिस्ट्रार डॉ. आरके पुर्थी ने सुबह करीब साढ़े सात बजे इस पदयात्रा को उपायुक्त कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त अमरजीत सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### छात्रों ने पृथ्वी को हरा-भरा रखने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली का आयोजन करके लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। एनसीसी व एनएसएस के वालंटियर्स ने अपने आसपास की सफाई करके स्थानीय लोगों को जागरूक किया। नौनिहाल हरे रंग की पोशाक व क्राउन धारण करके बच्चों को पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बने हुए नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'प्लास्टिक बैग हटाएं पेपर बैग अपनाएं' गतिविधि के द्वारा बताया।

### भगवती स्कूल जलाड़ी के बच्चों ने किया जागरूक



**शशि सोहल, अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने स्कूल से जलाड़ी भड्डा तक रैली निकाल कर लोगों को पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए वनों में आग आदि न लगाने बारे स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली में इशिका, निशांत, आकृति, आक्षित, अनिका, आहान अंशुमान, प्रांचल, आर्यन, परीक्षित, मन्नत, अदिति, आरुषि, अनिकेत, सारांश, वंशिका, आरव, मनुवर, नंदिनी, आशीष, अनिकेत, वंश, कशिश, मानव, रितिक, तुषार, ईशिता, अनीश, एंजल, आदित्य, अंकिता, निशांत, आदित्य, रिधिमा, भुवनेश, वंश, आक्षित, अर्नव, समृति, अंशुल, कनिष्का, युवराज, मिताली, आस्था, शिखा ने अध्यापकों ने रैली में भाग लिया।

### डीएवी आलमपुर ने धूमधाम से मनाया पर्यावरण दिवस



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** डीएवी विद्यालय आलमपुर जिला कांगड़ा के छात्रों द्वारा पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्ण मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित गतिविधियों में पर्यावरण से संबंधित भाषण प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया, साथ ही एक भव्य रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने लोगों को पर्यावरण को सुरक्षित व स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा पौधरोपण भी किया गया। प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण हेतु पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

### वन विभाग ने चलाया सफाई अभियान



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र अधिकारी बिझड़ी के अंतर्गत समस्त वनरक्षक साथ में वन मित्रों ने पर्यावरण को भी साफ-सुथरा रखने के लिए एबीसी चौक पर सफाई अभियान चलाया, साथ में आगजनी की घटनाएं कम हों, पर विचार विमर्श किया गया।

डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी में मनाया गया विश्व पर्यावरण सप्ताह

### पर्यावरण दिवस पर निकाली साइकिल रैली

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी में प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम पर आधारित विश्व पर्यावरण सप्ताह" का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सप्ताह के अंतिम दिवस पौधरोपण और साइकिल रैली का आयोजन किया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक स्वच्छता और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन साधनों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर वानिकी विश्वविद्यालय सोलन से सेवानिवृत्तअधिष्ठाता और डीएवी स्कूल लझयाणी प्रबंधन समिति के सदस्य कुलवंत राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने कहा कि हम सभी को एक साथ मिलकर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए और एक स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य के लिए प्रयास करना चाहिए।

### टौणी देवी में प्रकृति और ममता का संगम

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में एक अनूठा और भावनात्मक पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया, जिसका नाम था 'एक पेड़ मां के नाम'। इस अभियान में स्काउट-गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों एवं मयूर ईको क्लब के विद्यार्थियों ने अपने-अपने घरों में अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाकर प्रकृति और ममता के अद्वितीय संगम को साकार किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने इस अभियान को विद्यार्थियों के अंतर्मन से जोड़ने वाला बताते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' केवल एक पर्यावरणीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह एक आत्मीय संवाद है, जो कि मां और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है।


पौधरोपण करती मां और बेटी।

## थाना सदर हमीरपुर में धोखाधड़ी व जालसाजी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना सदर हमीरपुर में जगदीश चंद पुत्र होसनाकी राम निवासी गांव पाहलु डाकखाना झिराहलड़ी तहसील बड़सर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि चुहान गांव के दलजीत सिंह ने धोखाधड़ी कर 3600781 रुपए हड़प लिए हैं।

जगदीश चंद ने बताया कि उसने दलजीत सिंह को पॉवर ऑफ अटॉर्नी दी थी जिसका दुरुपयोग करते हुए उसके साथ धोखाधड़ी की है। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## त्रिशा कॉलेज में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इसमें कॉलेज बीएड द्वितीय तथा चतुर्थ सत्र के तथा डीएलएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापकों ने पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिता करवाई। कार्यक्रम के संयोजक सुनीता कुमारी व प्रशिक्षु अध्यापकों ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया। कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा ने प्रशिक्षु अध्यापकों को पर्यावरण से संबंधित जानकारी प्रदान की। तेजी से बदलती हुई इस दुनिया में तकनीकी विकास के कारण जिंदगी काफी आसान हो गई है, पर इसका बुरा प्रभाव पर्यावरण पर पड़ा है। पर्यावरण की रक्षा करना हर किसी का फर्ज है। इस दिन को मनाने के पीछे पर्यावरण से संबंधित समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ सदस्य और बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षण अध्यापक उपस्थित रहे।

## बस्सी-भरेड़ी-तताहर सड़क पर टारिंग का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाली बहुप्रतीक्षितबस्सी-भरेड़ी-तताहर सड़क के पक्केनिर्माण कार्य की शुरुआत हो गई है। यह सड़क आधुनिक एफडीआर तकनीक से तैयार की जा रही है, जिससे सड़क की मजबूती और दीर्घकालिक टिकाऊपन सुनिश्चित होगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 11 करोड़ रुपए है, जिसके अंतर्गत 11 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

एफडीआर कार्य पहले ही पूर्ण किया जा चुका है और अब निर्माण एजेंसी द्वारा ब्लैकटॉपिंग (डामरीकरण) का कार्य तेजी से आरंभ कर दिया गया है। सड़क निर्माण कार्य की गति और गुणवत्ता को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों में संतोष और उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से इस सड़क की खस्ता हालत से उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी, विशेषकर बरसात के मौसम में कीचड़ और गर्मियों में धूल की समस्या से।


सड़क की टारिंग करता विभाग।

**ग्रामीणों ने जताया आभार 15 जून तक रहेगा सड़क पर आवागमन बंद**

स्थानीय प्रतिनिधियों का मानना है कि सड़क के पक्के निर्माण से क्षेत्र में व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार होगा, जिससे समग्र क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य आरंभ करने पर प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

आभार प्रकट करने वालों में पंचायत पपलाह के प्रधान अंकुश सैणी, टेक चंद कौशल, विपिन शर्मा, विजय शर्मा, पंचायत भुक्कड़ के प्रधान किशोर चंद, मनोहर लाल, प्रीतम चंद, कश्मीर सिंह, धर्म चंद, यशवंत भारद्वाज, वीरेंद्र कुमार, दीपक राज, निर्मल कुमार, अमित कुमार, शशि कुमार, सुरेश कुमार, कर्म चंद सहगल, सौरव सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल हैं। कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने जानकारी दी कि निर्माण कार्य के चलते यह सड़क 15 जून तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है।

## बड़सर में हिमुडा की कॉलोनी बनाने के लिए प्रयास हुए तेज

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हिमाचल में हिमुडा को नए पंख लगाने का प्रयास किया गया है। लंबे समय से लोग हिमुडा की कॉलोनी बनाने के लिए मुख्यमंत्री के हमीरपुर जिले के बड़सर के लोग इंजजार कर रहे हैं। कांग्रेस नेता इंजनियर राजेश बन्याल ने हिमुडा के सीईओ से मुलाकात की व बड़सर एरिया में कॉलोनी बनाने की मांग उठाई है।

सीईओ ने हिमुडा ने आश्वासन दिया है कि कॉलोनी के निर्माण का कार्य धार में लटका है, उसे पूरा करवाने के लिए प्रयास किया जाएगा जिसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। कॉलोनी बनने से लोगों को जिन्होंने 15 साल पहले अप्लाई किया है उम्मीद जगी है कि बरसों पुरानी मांग पूरी होगी। राजनीतिक परिदृश्य में बड़सर विकास के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के प्रयासों से लोगों को उम्मीद जगी है कि बड़सर के अधूरे कार्य पूरे होंगे।


राजेश ने हिमुडा के सीईओ से की मुलाकात।

## छात्रों के अनुसार लाइब्रेरी की समयसारिणी होगी निर्धारित : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** युवा पढ़ें, आगे बढ़ें मंजिल को हासिल करें, यही मेरा संदेश है और इसी बात को ध्यान में रखकर सुजानपुर शहर में आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण करवाया गया है। युवा वर्ग की मांग पर इस लाइब्रेरी की समयसारिणी निर्धारित की जाएगी।

इसके लिए युवाओं से आग्रह है कि वह इसके लिए लिखित रूप में सुजानपुर प्रशासन के पास आवेदन करें, उनकी मांग को पूरा किया जाएगा। यह बात सुजानपुर विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने गुरुवार को नगर परिषद सुजानपुर द्वारा बनाई गई आधुनिक लाइब्रेरी के लोकार्पण के समय पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही।

## मॉक एक्सरसाइज में 10 स्थानों पर चलेंगे रेस्क्यू ऑपरेशन : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के तकनीकी सहयोग से आयोजित की जा रही नौवीं मेगा मॉक एक्सरसाइज के लिए हमीरपुर जिले में भी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे जिले में भूकंप के परिदृश्य का अलर्ट जारी किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि बस स्टैंड हमीरपुर और डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल हमीरपुर, मिनी सचिवालय सुजानपुर, नादौन उपमंडल के गांव कोहला में, यशपाल साहित्य संस्कृति सदन नादौन में, डिग्री कॉलेज चकमोह, बाबा बालक नाथ मंदिर की पार्किंग, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बधानी में आग की घटना से बचाव का अभ्यास किया जाएगा। उपायुक्त ने जिले के सभी उपमंडलों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय वालंटियरों, आपदा मित्रों, पंचायत जनप्रतिनिधियों तथा आम लोगों से भी मेगा मॉक एक्सरसाइज में गंभीरता के साथ भाग लेने की अपील की है।

## एसडीएम ने की मॉक ड्रिल की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** एसडीएम शशि पाल शर्मा ने उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक करके शुक्रवार को आयोजित की जाने वाली नौवीं मेगा मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे भूकंप का अलर्ट जारी होने के बाद विभिन्न स्थानों से प्राप्त नुकसान की रिपोर्ट और इन स्थानों पर स्थानीय समुदाय की प्रतिक्रिया के आधार पर बचाव एवं राहत कार्यों को सुनियोजित ढंग से अंजाम देने के लिए तुरंत स्टेजिंग एरिया स्थापित किया जाएगा। सभी अधिकारी और कर्मचारी मेगा मॉक एक्सरसाइज के दौरान पूरी जिम्मेदारी के साथ बचाव एवं राहत कार्यों को अंजाम दें।

## सुरेंद्र छठी बार बने जिला राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ के प्रधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय सीएंडवी अध्यापक हमीरपुर, जिला हमीरपुर के जिला स्तरीय त्रैवार्षिक चुनाव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर में आयोजित किए गए। इस अवसर पर हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा व खंड प्रधान देव राज पटियाल मुख्य अतिथि रहे तथा खंड बिझड़ी के भूतपूर्व प्रधान दलेर सिंह, हमीरपुर खंड के भूतपूर्व प्रधान कर्म चंद तथा वरिष्ठ उपप्रधान रमेश चंद्र, एडीपीओ हमीरपुर करतार चंद विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

त्रैवार्षिक चुनावी प्रक्रिया की अध्यक्षता संयुक्त रूप से राज्य प्रेस सचिव अश्विनी भारद्वाज तथा जिला संगठन महा संयोजकसुमन लता ने की। जिला बिलासपुर के प्रधान रवि कांत शर्मा व वरिष्ठ उपप्रधान धर्मपाल गोरा ने चुनावी प्रक्रिया में राज्य पर्यवेक्षक मंडल की भूमिका निभाते हुए निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर सभी खंडों की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व जिला प्रतिनिधियों ने एक बार पुन: जिला की पुरानी जिला कार्यकारिणी के कुशल और प्रभावशाली कार्यशैली को देखते हुए सर्वसम्मति से इसे ही आगामी तीन साल के लिए चुना।

इस दौरान सभी उपस्थित सदस्यों और खंड कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने ध्वनि मत और हाथ उठाकर एक सुर में जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में काम कर रही, पिछली कार्यकारिणी को खड़े होकर अपना-अपना समर्थन व विश्वास व्यक्त किया। इस त्रैवार्षिक चुनावी प्रक्रिया में सुरेंद्र कुमार को लगातार छठी बार जिला हमीरपुर सी एंड वीं अध्यापक संघ का सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया तथा बाकी कार्यकारिणी के गठन हेतु अधिकृत किया।


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर में उपस्थित गणमान्य।

### हमीरपुर जिले की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी

**संगठन** महा संयोजक सुमन लता, संगठन महा संरक्षक होशियार सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान नरेश ठाकुर, महासचिव आचार्य अजय कौशल, वित्त सचिव अश्विनी भारद्वाज, वरिष्ठ उपप्रधान पवन परमार, महिला मोर्चा प्रधान मीनाक्षी शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान इंदु गौतम, महासचिव रीना बन्याल, उप प्रधान कुसुम लता, महिला मोर्चा जिला संयोजक कमलेश कुमारी व रजनी, मुख्य सलाहकार आचार्य पवन खंड प्रधान एवं विजय कुमार, जिला महामंत्री नीता रानी व सीमा अब रोल तथा सीमा गुप्ता, मुख्य लेखाकार रजनीश पाठक, जिला मुख्य संरक्षक अश्विनी भारद्वाज, जिला महासचिव कार्यालय लेखराज, जिला सह सचिव कार्यालय सुरजीत कुमार जिला प्रेस सचिव रजनीश पाठक को बनाया गया है।

**मंथन** आयुर्वेदिक अस्पताल में आय बढ़ाने को लेकर रोगी कल्याण समिति की बैठक में की चर्चा

## 1.33 करोड़ के अनुमानित आय-व्यय को दी मंजूरी

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जिला आयुर्वेदिक अस्पताल की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की गवर्निंग बॉडी की बैठक वीरवार को उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में गत वित्त वर्ष की आय-व्यय और इस वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान अनुमानित आय-व्यय पर व्यापक चर्चा की गई। इस वित्त वर्ष में संभावित आय-व्यय पर व्यापक चर्चा के बाद समिति ने लगभग 1.33 करोड़ रुपए के अनुमानित आय-व्यय को मंजूरी प्रदान कर दी।

उपायुक्त ने कहा कि इस वित्त वर्ष के दौरान समिति को अस्पताल में विभिन्न सेवाओं से संबंधित शुल्कों, दुकान के किराये, पार्किंग फीस और अन्य माध्यमों से लगभग लगभग 22.73 लाख रुपए की आय का अनुमान है। गत वित्त वर्ष की शेष राशि को मिलाकर समिति की अनुमानित आय लगभग 99.86 लाख रुपए तक पहुंचने का अनुमान है।


आरकेएस की बैठक उपायुक्त अमरजीतकी अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में समिति ने इस वित्त वर्ष में अस्पताल में आवश्यक ढांचागत विकास, भवन और उपकरणों के मरम्मत कार्यों, दवाइयों एवं प्रयोगशाला की सामग्री तथा स्टेशनरी की खरीद, सफाई व्यवस्था, मेडिकल जांच शिविरों और अन्य सेवाओं के लिए लगभग 33.43 लाख रुपए खर्च करने को मंजूरी प्रदान की। समिति ने अस्पताल परिसर में लगभग 3.98 लाख रुपए की लागत से जूस कॉर्नर के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया आरंभ करने का निर्णय लिया।

अस्पताल परिसर में पार्किंग फीस के युक्तिकरण तथा इसकी ऑनलाइन वसूली के लिए क्यूआर कोड की सुविधा आरंभ करने को भी स्वीकृति प्रदान की गई। समिति ने माइनर ऑपरेशन थिएटर और शेष बचे प्राइवेट वार्डों में एसी लगाने का निर्णय भी लिया।

बैठक में कई अन्य मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा की गई तथा अस्पताल के विभिन्न खर्चों को स्वीकृति दी गई। बैठक में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. बृज नंदन शर्मा, अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. दलीप सिंह ठाकुर और वरिष्ठ आयुर्वेदिक अधिकारी ने विभिन्न मदों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी, सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी समिति के अन्य सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों ने भी कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

## विधायक सदर आशीष की अनुशंसा पर तीनों सांसदों ने राशि की जारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा ने प्रदेश के तीनों राज्यसभा सांसदों का हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र को बजट जारी करने के लिए आभार व्यक्त किया है। आशीष शर्मा ने कहा कि उनकी अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के लिए राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने 10 लाख, इंदु गोस्वामी ने 11 लाख एवं डॉ. सिकंदर कुमार ने भी 11 लाख विभिन्न विकास कार्यों के लिए जारी किए हैं।

विधायक ने कहा कि इन कार्यों के एस्टीमेट हाल ही में उन्होंने तीनों सांसदों को भेजे थे, जिस पर उन्होंने अपनी मुहर लगाई है और राशि जारी की है। कुल 32 लाख रुपए सांसद निधि से जारी किए गए हैं। उन्होंने तीनों सांसदों का उनकी संस्तुति पर विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के लिए सांसद निधि से बजट जारी करने हेतु आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से अपील की है कि जल्द से जल्द आगामी प्रक्रिया शुरू कर इन कार्यों को पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को इनका लाभ मिल सके।

# प्लास्टिक का उपयोग करने वालों का ऐप से कटेगा चालान

## सीएम ने पर्यावरण दिवस पर प्रदान किए 'पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार'

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** प्रदेश में अब प्लास्टिक का कचरा फैलाया या उपयोग किया तो उसका चालान कटेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश को 31 मार्च, 2026 तक 'ग्रीन स्टेट' बनाने के अपनी सरकार के लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए 'सिंगल यूज प्लास्टिक चालान मोबाइल ऐप' का शुभारंभ किया और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तियों व संस्थाओं को 'पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार' भी प्रदान किए।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार स्कूली विद्यार्थियों को पानी पीने की छह लाख स्टेनलेस स्टील की बोतलें प्रदान करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ठोस उपाय किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग से संबंधित नियमों को सख्ती से लागू किया गया है और जन जागरूकता के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से ग्रीन कवर को बचाने के लिए ग्रीन बोनस की भी मांग की, ताकि राज्य के प्रयासों को और संबल मिल सके। पर्यावरण कानूनों के डिजिटलीकरण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ने 'सिंगल यूज प्लास्टिक चालान मोबाइल ऐप' का शुभारंभ किया। इस ऐप के माध्यम से 13 विभागों के अधिकारी अब मोबाइल के जरिए सीधे चालान कर सकेंगे, जिससे कागज आधारित प्रक्रियाओं की आवश्यकता समाप्त होगी और प्लास्टिक के अवैध उपयोग पर त्वरित तथा पेपरलेस कार्रवाई संभव हो सकेगी। विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आठ व्यक्तियों और संस्थाओं को 'पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया। इन पुरस्कारों में प्रथम और द्वितीय श्रेणी के लिए 50-50 हजार रुपए, जबकि तृतीय पुरस्कार के लिए 25 हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की गई।

शैक्षणिक संस्थान श्रेणी में प्रथम पुरस्कार राजकीय कन्या महाविद्यालय (आरकेएमवी), शिमला, नेचर पार्क बाखली देवीदड़, जाइका समर्थित परियोजना नाचन, मैसर्स पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड बद्दी, हिमकोस्ट के तहत सेंटर फॉर साइंस लर्निंग एंड क्रिएटिविटी बद्दी तथा खंड विकास कार्यालय, चौपाल को मिला। द्वितीय पुरस्कार हिमालयन रिसर्च ग्रुप, शिमला, पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा, मंडी और मैसर्स ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, अंब जिला ऊना को मिला।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न वर्गों में आयोजित चित्रकला, नारा लेखन, श्रेष्ठ ईको-क्लब रिपोर्ट, फोटोग्राफी और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया। इसके बाद, उन्होंने शक्ति स्वयं सहायता समूह, एकता स्वयं सहायता समूह और कुशाला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पत्तल और डूना बनाने की मशीनें भेंट कीं, और ईको क्लब आरकेएमवी को श्रेडर मशीन भी दी।


'प्लास्टिक चालान ऐप' का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, साथ हैं अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### शादी समारोह में जा रहे लोगों की कार गवारडू में दुर्घटनाग्रस्त, चार घायल

**संजीव चौहान टौणीदेवी।** हमीरपुर जिले के टौणीदेवी-उहल सड़क मार्ग पर गत देर रात एक कार दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे और पति-पत्नी हैं। गवारडू के नजदीक हुई इस दुर्घटना के बाद घायलों को निजी गाड़ी में टौणीदेवी अस्पताल पहुंचाया गया। कार नंबर एचपी 12 सी- 5499 में सवार चार लोग बिलासपुर जिले के कुठेड़ा से उहल के पास बकनयार गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। हॉस्पिटल में घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। पुलिस के अनुसार सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज अस्पताल हमीरपुर रेफर कर दिया गया। घायलों में राजेश, लता कुमारी, नित्यांश, अनन्या शामिल हैं। बच्चों को ज्यादा चोटें आईं हैं। फिलहाल घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।



### हमीरपुर में ड्राइंग मास्टर के अभ्यर्थियों की वेरिफिकेशन 10 जून को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा प्रायोजित कला अध्यापक (ड्राइंग मास्टर) पोस्ट कोड-980 के 24 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की वेरिफिकेशन प्रक्रिया 10 जून को सुबह 11 बजे प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय हमीरपुर में आरंभ होगी। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने बताया कि इन सभी 24 अभ्यर्थियों को कॉल लेटर पहले ही भेज दिए गए हैं। अगर किसी अभ्यर्थी को कॉल लेटर नहीं मिला है, तो वह भी उक्त तिथि को सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित इस प्रक्रिया में भाग ले सकता है। प्रायोजित अभ्यर्थी को अपने साथ मैट्रिक, 12वीं या समकक्ष शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, हिमाचल प्रदेश में मान्यता प्राप्त संस्थान से आर्ट एंड क्राफ्ट डिप्लोमा का प्रमाण पत्र, फाइन आर्ट्स एवं विजुअल आर्ट्स में बीए या एमए या इसके समकक्ष डिग्री का प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, न्यूनतम चरित्र प्रमाणपत्र और बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां तथा इनका एक सेट साथ लाना होगा।

### पर्ची शुल्क पर भाजपा प्रवक्ता पंकज का प्रदेश सरकार पर तीखा हमला

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश सरकार द्वारा अस्पतालों में इलाज के लिए पर्ची बनवाने पर 10 रुपए शुल्क लगाए जाने के फैसले की भाजपा प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार लगातार आम जनता पर नए-नए शुल्क थोप रही है, जिससे जनता का जीना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही भाजपा कार्यकाल में खोले गए संस्थानों को बंद कर जनता को निराश किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले जो राजस्व कार्य चंद रुपए में हो जाते थे, उन पर अब सैकड़ों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। अब सरकार ने अस्पताल में इलाज करवाने आए मरीजों को भी नहीं बख्शा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया, तो भाजपा सड़कों पर उतरकर इसका जोरदार विरोध करेगी।



# धर्मपुर की खड्डों में बेरोकटोक हो रहा अवैध खनन, नहीं जागा प्रशासन

## हाईकोर्ट के आदेशों के बाद की जांच में भी पाया गया था अवैध खनन

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल की खड्डों में गत तीन दशकों से चल रहा अवैध खनन माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कड़ा संज्ञान लेने के बावजूद भी नहीं रुक रहा, जिससे साफ जाहिर होता है कि इन अवैध खननकारियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। क्षेत्र की सोनखड्ड, बल्याणा, संक्रैण आदि खड्डों पर रात-दिन अवैध खनन किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है।



बल्याणा खड्ड में हो रहे अवैध खनन पर उच्च न्यायालय ने सरकार के सक्षम प्राधिकारियों को निर्देश दिया है कि अवैध गतिविधियों में लिप्त खननकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधवालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने प्रतिवादियों को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता भागमल के आरोपों की जांच कराई जाए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि 5 मई 2025 को खड्ड में निरीक्षण के दौरान नदी के तटों और तल को मशीनों से खोद कर नष्ट कर दिया गया है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि यह तमाम अवैध खनन राजनेताओं प्रशासन और पुलिस की मिली भक्ति से किया जा रहा है कोर्ट और लोगों को दिखाने के लिए 50 टिप्पर उठाने के बाद सिर्फ एक टिप्पर का चालान किया जाता है, अगर यह मिली भक्ति बंद हो जाए तभी धर्मपुर में अवैध खनन रुक सकता है।

बल्याणा खड्ड में अवैध खनन को रोकने के लिए भागमल गुलेरिया की याचिका पर माननीय उच्च न्यायालय ने सभी विभागों को निर्देश जारी किए थे कि इस संदर्भ में जांच की जाए। याचिकाकर्ता का कहना है कि कोर्ट द्वारा सख्ती बरते जाने के बावजूद न तो प्रशासन जागा न ही कोई विभाग।

पाड़छू धर्मपुर कोटली तक निर्माणाधीन नेशनल हाईवे के निर्माण में ड्यूटी कंस्ट्रक्शन कंपनी राजनीतिक संरक्षण के चलते शिव द्वारा खाद में जेसीबी मशीन लगाकर अवैध खनन करने में दिन-रात जुटी है। बावजूद इसके किसी भी विभाग ने आज तक उनका कोई भी चालान नहीं किया है, जिसके चलते हौसले बुलंद है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि प्रशासन पुलिस को कई बार शिकायतें दिए परंतु उसे पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई मजबूरन उन्हें हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है।

### क्या कहते हैं एसडीएम

**एसडीएम** सरकाघाट स्वाति डोगरा का कहना है कि अवैध खान रोकने के लिए प्रशासनिक द्वारा पूरे प्रयास जा रहे हैं, जहां से भी लोगों की शिकायतें मिलती हैं वहां पर कार्रवाई की गई है।

### अवैध खनन के किए जा रहे नियमित चालान : डीएसपी

**डीएसपी** धर्मपुर संजीव सूद ने कहा कि पुलिस खनन रोकने को लेकर पूरे प्रयास कर रही है। कोई 15 केस अवैध खनन को लेकर किया जा चुके हैं, कुछ मामले कोर्ट में भी पेश किए जा चुके हैं।

### जयराम ठाकुर का कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला, बोले-

# हिमाचल में अफरा-तफरी का माहौल, कानून व्यवस्था ध्वस्त

अनंत ज्ञान, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के अढ़ाई वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और इस दौरान प्रदेश में केवल 'अफरा-तफरी का माहौल' है।


शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते जयराम ठाकुर।

जयराम ने आरोप लगाया कि सरकार में 'ठहराव नाम की कोई चीज नहीं' है और मुख्यमंत्री केवल अपनी कुर्सी बचाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं, जिससे प्रदेश में केवल समय निकालने का कार्य हो रहा है। उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने हालिया विमल नेगी मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से विमल नेगी की मृत्यु का कारण पूछा और आरोप लगाया कि सरकार के कामकाज का तरीका ही विमल नेगी की मृत्यु का एक बहुत बड़ा कारण है।

नेता प्रतिपक्ष ने काला अंब अवैध शराब मामले को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री से इस बारे में कई बार पूछा गया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जिस विभाग के मंत्री स्वयं मुख्यमंत्री हैं, उस विभाग में भी भ्रष्टाचार हो रहा है।

अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दे पर, जयराम ठाकुर ने पर्ची पर 10 रुपए शुल्क लगने और 133 निशुल्क टेस्टों पर भी शुल्क लगाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बयान को 'कन्फ्यूज्ड' करार दिया और कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री इस मामले में भी यू-टर्न लेना चाहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा आरकेएस (रोगी कल्याण समिति) को 'ऑटोनॉमस बॉडी' बताए जाने पर भी सवाल उठाया। ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री केवल मात्र अपनी खाल बचाना चाहते हैं।

# 11 वर्षों से गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार: अनुराग

अनंत ज्ञान, शिमला

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए की केंद्र सरकार द्वारा पिछले 11 वर्षों को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहने वाली सरकार बताया है। साथ ही उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत हरसिंगार का वृक्ष लगाकर जागरूकता फैलाने का काम किया।

### वृक्ष लगाएं, धरा को हरा-भरा बनाएं



अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को मूलमंत्र मानकर राष्ट्रसेवा में समर्पित रहा है। विगत 11 वर्षों में मोदी सरकार सबका साथ-सबका विकास की भावना से सभी का उत्थान करते हुए 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को आसान बनाने का काम किया है। इन 11 सालों में 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' जैसे अभियानों के माध्यम से भारत ने तकनीकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे देश की वैश्विक पहचान मजबूत हुई है साथ ही देश की सुरक्षा में मजबूती आई है।

उन्होंने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण की शुद्धता को बढ़ाने के लिए वृहद् पौधरोपण का संकल्प लेते हुए दिल्ली स्थित आवास पर हरसिंगार का पौधा लगाकर इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। मेरा आप सभी से अनुरोध है कि धरा हित में मोदी द्वारा शुरू किए गए पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

# मेलों को लेकर कुछ नेताओं के पेट में होती है दर्द, उन्हें चूर्ण लेने की जरूरत: अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान, बंगाणा

पिपलू मेले में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिला ऊना में मेलों की लोकप्रियता देखकर कुछ नेताओं के पेट में दर्द होने लगता है, उन्हें चूर्ण लेने की जरूरत है।



उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार का अढ़ाई वर्षों का कार्य काल ऐतिहासिक रहा है, जिसे जनता ने खुले दिल से स्वीकारा है। यही कारण है कि कांग्रेस सरकार विपक्ष की आंखों में खटक रही है।

हग्निहोत्री ने कहा कि जब राज्य में हर जगह मेलों को बढ़-चढ़कर करवाया जाता है, तो जिला ऊना क्यों पीछे रहे। डिप्टी सीएम मुकेश ने जिलाधीश ऊना की भी जमकर तारीफ की और उन्हें ऊर्जावान अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि पीपलू मेला इस बार केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं रहा, बल्कि यह विकास की घोषणाओं, धार्मिक आस्था का मंच भी बना है। उन्होंने कहा कि मेले की गरिमा को और ऊंचा किया जाएगा।

# मीडिया आमजन व सरकार के मध्य सूचना का एक सशक्त माध्यम : कुलदीप पठानिया

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मीडिया, आमजन व सरकार के मध्य सूचना का एक सशक्त माध्यम है, जो लोकतंत्र की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पठानिया गत देर सायं परवाणू स्थित आयशर पब्लिक स्कूल में आयोजित हिमाचल गौरव व परवाणू गौरव सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।


कार्यक्रम में पहुंचे हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

उन्होंने कहा कि मीडिया सरकार की कार्यप्रणाली पर नजर रखता है, जनमत को आकार देता है और नागरिकों को सूचित करता है। आधुनिक समय में समाज और राष्ट्र के प्रति समाचार पत्रों का विशिष्ट योगदान है।

उन्होंने कहा कि मीडिया जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाता है और यही कारण है कि आज लोग भी मीडिया की ओर उम्मीद से देखते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में मीडिया का अहम योगदान है।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता संविधान का चौथा स्तंभ है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के लिए है और जनता के द्वारा बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि देश के प्रति हमारे उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है।

# 133 इन्फेंट्री बटालियन ईको डोगरा ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**अनंत ज्ञान, शिमला।** 133 इन्फेंट्री बटालियन (टीए) ईको डोगरा ने वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में पौधरोपण किया। बटालियन द्वारा 3 से 5 जून तक कुफरी, ततापानी और औट में पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक कचरा हटाने की मुहिम जागरूकता अभियान और जन सहभागिता जैसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बटालियन के अधिकारियों ने नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर व्याख्यान दिया।

# सुंदरनगर में मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर के महादेव में वीरवार सुबह एक रिहायशी मकान में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार चंद्र चौधरी निवासी महादेव के मकान के दूसरी मंजिल में एकाएक आग लगने से रसोई और कमरे का सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर बीबीएमबी दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था। मौके पर पुलिस और राजस्व विभाग ने मौका कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है।


मकान में लगी आग।

# रबोन में बिजली की तारें चोरी करने का आरोपी दबोचा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन निवासी संजीव नेगी ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि इनका रबोन में मकान में बिजली का काम चला हुआ था। 22 मई को जब यह कार्यालय से अपने घर जा रहा था तो इनके मकान में एक व्यक्ति घुसा हुआ था जो बिजली की तारें काट रहा था। जब उसके सामने गए तो वह एक दम से हड़बड़ा गया और वह धक्का मारकर भाग गया। उक्त व्यक्ति अपना लाइसेंस व मोबाइल को मौके पर छोड़ गया। चोरी हुई उपरोक्त बिजली तारों की कीमत लगभग 30 से 35 हजार रुपए है। उक्त व्यक्ति के खिलाफ पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। मोबाइल व ड्राइविंग लाइसेंस के विश्लेषण के आधार पर पुलिस चौकी सपरून की पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश तलाश शुरू की दी है।

# राज्यपाल ने दिया सांस्कृतिक एकता पर जोर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला में 'भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद की समस्याएं' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का भी अनावरण किया।


राज्यपाल सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए।

राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि यदि भाषाई लिपि देवनागरी होती, तो सभी भारतीय भाषाओं को समझना आसान होता। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता में एकता ही उसकी सबसे बड़ी विशेषता है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस को एक विश्व काव्य बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ केवल धार्मिक नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय चेतना का जीवंत प्रतीक है।

# पर्यावरण संरक्षण को बनाएं जन आंदोलन : डॉ. सिकंदर कुमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने तारादेवी में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने बान, देवदार और फलदार पौधे लगाए, पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।


डॉ. सिकंदर कुमार पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

डॉ. कुमार ने जोर देकर कहा कि प्रकृति हमें जीवन देती है, इसलिए इसका संरक्षण हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारा काम केवल पेड़ लगाना नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करना भी है। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग और बिगड़ते प्राकृतिक संतुलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सब प्रकृति से छेड़छाड़ का परिणाम है।

डॉ. सिकंदर कुमार ने प्लास्टिक के उपयोग से बचने की सलाह दी और स्वस्थ जीवन के लिए जंगल, प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने घोषणा की कि भारतीय जनता पार्टी 15 जुलाई से 15 अगस्त तक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करेगी और स्थानीय लोगों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया।

## 88 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य; 'संकल्प से सिद्धि' और 'नो टू ड्रग्स' पर भी जोर

# भाजपा का 'मां के नाम पेड़' अभियान होगा शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शिमला में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आगामी 'मां के नाम पेड़' अभियान की घोषणा की, जिसके तहत प्रदेश भर में 88,099 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर जोर देते हुए यह मुहिम शुरू करने की बात कही।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते डॉ. राजीव बिंदल।

डॉ. बिंदल ने बताया कि 15 जुलाई से 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी 8009 बूथों पर 11-11 पेड़ लगाए जाएंगे। उन्होंने इस पहल में सरकारी और सामाजिक संगठनों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने हिमाचल में प्लास्टिक प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने और अवैध पेड़ कटाई पर सरकार द्वारा कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी की।

अपनी प्रेस वार्ता में डॉ. बिंदल ने भाजपा के आगामी कार्यक्रमों और अभियानों की विस्तृत जानकारी दी।

इस दिन केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों, विशेषकर गरीब कल्याण, सुशासन और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर 'नो टू ड्रग्स' (नशे के खिलाफ) अभियान को भी जोड़ा जाएगा। यह अभियान प्रदेश के 171 मंडलों में चलाया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 15 जून से

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन कांगड़ा की ओर से हिमाचल प्रदेश योग खेल संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन 15 जून को नूरपुर में किया जाएगा। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष रामतीर्थ शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप का उद्देश्य जिलेभर के युवाओं और छात्रों में योगासन की प्रतिस्पर्धात्मक भावना को जागृत करना तथा उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता छह आयु वर्गों में करवाई जाएगी। सब जूनियर (10-14 वर्ष), जूनियर (14-18 वर्ष), सीनियर (18-28 वर्ष), सीनियर-ए (28-35 वर्ष), सीनियर-बी (35-45 वर्ष) तथा सीनियर-सी (45-55 वर्ष) शामिल हैं।

### सिद्ध बाबा राड़ा मंदिर में आज लगेगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा के समीप स्थित शक्तिपीठ सिद्ध बाबा राड़ा मंदिर में शुक्रवार को भंडारा लगाया जाएगा। मंदिर कमेटी के आयोजकों ने बताया कि जागरण का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय भजन मंडलियों के साथ-साथ भक्ति संगीत प्रेमी कलाकार भाग लेंगे। मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

### जम्मू के साहिल बने मनेई दंगल के विजेता

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** उपमंडल शाहपुर के तहत मनेई पंचायत में दंगल का आयोजन किया गया। कैप्टन सुरजीत सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। दंगल में 2 छोटी मालियां करवाई गई, जिसमें पहली माली कुलविंद्र व विशाल के बीच हुई। विजेता विशाल को 6 हजार व उपविजेता पहलवान को 5 हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया। दूसरी छोटी माली कृष्ण जवाली व दीन जम्मू के बीच हुई, जिसमें दीन जम्मू विजेता रहा। विजेता पहलवान को 21 हजार व उपविजेता को 9 हजार की राशि देकर सम्मानित किया। बड़ी माली सोमवीर रोहतक व साहिल जम्मू के बीच हुई। साहिल जम्मू ने सोमवीर को हराकर मनेई दंगल का खिताब जीता। विजेता पहलवान को 19 हजार व हारने वाले पहलवान को 16 हजार रुपए की राशि इनाम के तौर पर देकर सम्मानित किया गया।

### भारत गठबंधन की पार्टियां लेंगी क्षेत्रों को गोद

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारत गठबंधन से जुड़ी पार्टियों ने देशभर में लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों को गोद लेने का निर्णय लिया है। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भारत गठबंधन के संयोजक बलदेव राज सूद ने प्रेस बयान में बताया कि गठबंधन का कार्य देश व्यापी हो रहा है। उन्होंने बताया कि भारत गठबंधन से जुड़ी पार्टियां की बैठक लालकुआं, जनपद नैनीताल, उत्तराखंड में जगदीश होटल में होगी। इसमें निर्णय लिया जाएगा कि किस पार्टी का कहां-कहां प्रभाव है, उसी आधार पर कार्य का विभाजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में 2025 के विहार विधानसभा चुनावों की रणनीति पर विचार होगा।

### बंदला में वरिष्ठ नागरिकों ने रोपे 20 पौधे

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र पालमपुर के बंदला में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 20 पौधे गए। वरिष्ठ नागरिकों ने आम, आंबला, अनार और सहित विभिन्न पौधे रोपे गए। इन पौधों के रोपण से न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों को भी प्रकृति के साथ जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस दौरान मनीष कुमार (प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर), असिस्टेंट गुरप्रीत, डॉ. शिवानी ठाकुर और सभी वरिष्ठ नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### डीएवी स्कूल तियारा ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में पर्यावरण दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या एकता अत्री ने बताया कि स्कूल के छात्र अतीक गुलेरिया, सानवी, पूर्वी, रेशमी ने चार्ट के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सातवीं कक्षा के छात्रों ने मनमोहक लघु नाटिका पेश की। विद्यार्थियों ने एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण भी किया और विषय पर्यावरण पर भाषण भी दिया।

### हिमाचल विद्युत बोर्ड के पेंशनरों में प्रदेश सरकार और बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ रोष

# संशोधित वेतनमानों की बकाया राशि का भुगतान न होने से खफा

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नूरपुर।** प्रदेश विद्युत पेंशनर फोरम नूरपुर यूनिट की बैठक विद्युत बोर्ड के विश्रामगृह में यूनिट प्रधान मान सिंह धीमान की अध्यक्षता में हुई।

विद्युत पेंशनर फोरम के राज्य उपाध्यक्ष पवन मोहल ने कहा कि संशोधित वेतनमानों की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया। 1/1/2016 से 31/03/2022 वर्ष की अवधि के दौरान रिटायर कर्मचारियों को भी संशोधित वेतनमान की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया। न ही संशोधित वेतनमान के कारण ग्रेज्युटी और लीव इन कैशमेंट की अदायगी भी नहीं की गई और न

**ग्रेज्युटी और लीव इन कैशमेंट व एरियर भी नहीं मिला**



एरियर की बकाया राशि का भुगतान किया गया। इस कारण बिजली पेंशनरों में सरकार और बोर्ड प्रबंधन वर्ग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। पेंशनर्स ने कहा कि सरकार जल्द सभी फाइनेंशियल बेनिफिट बहाल करें और पेंशनरों की कैंयूट पेंशन में कटौती विद्युत बोर्ड में पेंशनर की मासिक पेंशन हर माह 15 वर्ष तक कटौती की जाती है, उसकी अवधि पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की तर्ज पर 10 वर्ष और 8 महीने के बाद बंद की जाए। इससे पेंशनरों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। युक्तिकरण के नाम पर बिजली बोर्ड कर्मचारियों की पदों को समाप्त किया जा रहा, उसका फोरम पुरजोर विरोध करती। इस अवसर पर नूरपुर यूनिट सचिव अरुण सहोत्रा, जवाली पेंशन फॉर्म से सहायक अभियंता चैन सिंह पठानिया, कृष्ण धीमान आदि कहा कि बिजली बोर्ड में शीघ्र नई भर्तियां शुरू की जाएं। विद्युत बोर्ड की पुरानी पेंशन लागू की जाए। कर्मचारी के आश्रितों को नौकरी प्रदान की जाए।

इस अवसर पर यूनिट स्लाहकार जाटू राम, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, ऑडिटर राज कुमार, इंजीनियर संजय, रत्न चंद, उत्तम चंद, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह, मोहिंदर सिंह, शाम सिंह, शेर सिंह, मोहन लाल, शक्ति सिंह, ध्यान सिंह, करतार सिंह, जसपाल सिंह, वकील सिंह, रमेश पठनीया करपाल, बलदेव सिंह, प्रताप सिंह सहित करीब 45 पेंशनरों ने भाग लिया।

## तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



बच्चों ने भाषण व पौधे लगाकर दिया पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने का संदेश।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**तृप्ता** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने भाषण, स्लोगन और लघु नाटिका से पर्यावरण को बचाने और संरक्षण का संदेश दिया।

वहीं, पर्यावरण को साफ-सुथरा और हरा भरा रखने का आग्रह किया गया। वहीं, 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत प्रधानाचार्य राकेश राणा व स्टूडेंट्स ने पौधरोपण किया गया। बच्चों की ओर से कई पौधे स्कूल प्रांगण में लगाए गए। इसके बाद आठवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक विद्यार्थियों ने रैली निकाली। यह रैली स्कूल से चलवाड़ा बाजार से होते हुए फारिया तक निकाली गई। बच्चों ने स्लोगन से संदेश दिया कि पेड़ों को काटना नहीं चाहिए। सेव अर्थ सेव लाइफ,पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए पेड़ लगाने चाहिए। प्रधानाचार्य राकेश ने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने जन्मदिवस पर एक एक पेड़ अवश्य लगाने चाहिए और पर्यावरण को हरा-भरा बनाना चाहिए।

## पालमपुर उपमंडल की चार होनहार छात्राएं सम्मानित



एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने होनहार छात्राओं को सम्मानित किया।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में उपमंडल पालमपुर की चार छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपमंडल का नाम रोशन किया है। वीरवार को एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने इन प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

एसडीएम ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीएसपी लोकेंद्र नेगी, प्रधानाचार्य राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रितु जम्वाल, छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे। गौर रहे कि न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना की छात्रा साईना ठाकुर ने 10वीं कक्षा में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान किया है। वहीं, सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल पालमपुर की छात्रा एंजल ने 10वीं कक्षा में छठा स्थान हासिल किया है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पालमपुर की छात्रा अनायता शर्मा ने 12वीं कक्षा (कला संकाय) में प्रदेश में चौथा व ओवरऑल सातवां स्थान प्राप्त किया है। सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल पालमपुर की छात्रा सिया वालिया ने भी कला संकाय में आठवां स्थान हासिल किया है।

## नाग मंदिर में श्रद्धालुओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** देहरा उपमंडल के प्रसिद्ध नाग मंदिर करियाड़ा में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक अनूठा आयोजन देखने को मिला। मंदिर के प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया ने अपने परिवार व मंदिर में मन्नत मांगने आए श्रद्धालुओं को साथ लेकर न केवल पौधरोपण किया, बल्कि प्रकृति संरक्षण का संदेश भी दिया। इस पावन अवसर पर धार्मिक आस्था और पर्यावरणीय चेतना का सुंदर संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ पीपल, नीम, बेल और अन्य औषधीय पौधे लगाए। गुलेरिया ने कहा कि मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने का माध्यम भी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मंदिर परिसर को हराभरा करने का संकल्प लिया गया है। आयोजन के दौरान लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पौधे वितरित किए गए।

## कृषक बिमला देवी खेतीबाड़ी कर हुई आर्थिक रूप से सुदृढ़

### 20 किलोग्राम से 100 किलोग्राम हल्दी की पैदावार कर पेश की मिसाल

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** सुलह के भेडू महादेव की चांदड़ बमियाल पंचायत के लोअर कलेहड़ गांव की एक कृषक महिला बिमला देवी ने खेतीबाड़ी कर न केवल अपनी आर्थिकी सुधारी है, बल्कि औरों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी हैं। बिमला पत्नी देवराज जब पांच साल पहले हरियाणा के जगाधरी से कलेहड़ गांव आई थी तो उन्होंने सबसे पहले यहां अपनी पांच कनाल जमीन में सब्जियां पैदा करने की ठानी।



उन्होंने 20 किलो हल्दी बीजकर 100 किलोग्राम हल्दी की पैदावार की। 4 किलोग्राम अरबी लगाकर 25 किलोग्राम पैदावार ली। 5 किलोग्राम प्याज की ऊरी से 150 किलोग्राम पैदावार हुई। 10 किलोग्राम अदरक से 60 किलोग्राम पैदावार ली। इससे पहले वह 8 किलोग्राम आलू बीजकर 80 किलोग्राम पैदावार भी ले चुकी हैं। अबकी बार उन्होंने 10 किलोग्राम काली हल्दी बीजी है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है। यही नहीं, उन्होंने स्ट्रॉवेरी का एक छोटा खेत भी लगाया है। इस अलावा फ्रासबीन, भिंडी, कुल्थ दाल, सोयाबीन,मक्की का एक खेत भी लगाया हुआ है। उन्होंने 4 साल पहले आमों के 10 पेड़ लगाए थे, जिन्होंने इस सीजन में फल देना शुरू कर दिए हैं। करीब दो साल पहले 4 सेब के पेड़ भी लगा रखे हैं, जिन्होंने इस वर्ष फल देना शुरू कर दिया है। 10 बूटे मोटी इलाइची के भी लगा रखे हैं, जो अच्छी पैदावार दे रहे हैं। नींबू, लीची, प्लम, आड़ू, खुमानी, जापानी फल, चीकू का पेड़ ब 10 पेड़ पपीते के भी लगा रखे हैं। अंगूर, बैंगन और हरि मिर्च की भी अच्छी पैदावार कर रही हैं। पिछले ढाटी के मेले में उन्होंने 5 किलोग्राम की मूली व 2-2 किलोग्राम के शलगम की प्रदर्शनी भी लगा रखी थी। बिमला देवी ने कहा कि उन्होंने घर के पास ही एक कुआं भी खुदवा रखा है, अगर पक्का हो जाए तो वह भी सिंचाई का एकमात्र साधन बन सकता है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों के पास जमीन है, मगर सही गाइडलाइंस नहीं मिलती।










# हिमाचल पर्यटन

## चुनौतियों के बीच अवसर 'देवभूमि' की राह में रोड़े

### आंकड़ों की जुबानी : कहां पिछड़ रहा है हिमाचल?

*हिमाचल प्रदेश अपनी मनमोहक वादियों, बर्फीली चोटियों और शांत वातावरण के लिए दुनियाभर के पर्यटकों को आकर्षित करता है। लेकिन आज के बदलते परिदृश्य में राज्य का पर्यटन उद्योग कई महत्वपूर्ण चुनौतियों से जूझ रहा है। जहां एक ओर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की जा रही है। वहीं, दूसरी ओर बुनियादी ढांचे की कमी, पर्यावरणीय दबाव और असंगठित विकास जैसी समस्याओं से महत्वपूर्ण आर्थिक इंजन के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहा है। सवाल यह है कि क्या हिमाचल अपनी पर्यटन क्षमता का पूरा लाभ उठा पाएगा या बढ़ती भीड़ के बोझ तले दब जाएगा?*

### 2023-24 में 60 से 70 फीसदी पर्यटकों की पसंद थे शिमला, कुल्लू व कांगड़ा

**राज्य** पर्यटन विभाग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023-24 में राज्य में आने वाले कुल पर्यटकों में से लगभग 60-70 फीसदी पर्यटक सिर्फ शिमला, कुल्लू और कांगड़ा जिलों में केंद्रित थे। यह असंतुलित वितरण बताता है कि राज्य के कई अन्य खूबसूरत और अप्रयुक्त क्षेत्र अभी भी पर्यटन मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इससे कुछ चुनिंदा स्थानों पर अत्यधिक दबाव बढ़ रहा है, जिससे भीड़भाड़, यातायात जाम और स्थानीय संसाधनों पर तनाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। पर्यटन विकास निगम (एचटीडीसी) के एक आंतरिक सर्वेक्षण से भी पता चला है कि लगभग 40 फीसदी पर्यटक बुनियादी ढांचे की कमियों, जैसे खराब सड़कें, पार्किंग की समस्या और अपर्याप्त सार्वजनिक शौचालयों के कारण असुविधा महसूस करते हैं। यह सीधे तौर पर पर्यटक अनुभव को प्रभावित करता है और उन्हें भविष्य में लौटने से रोक सकता है।

### रिपोर्टः प्रमुख पर्यटन स्थलों पर ठोस कचरे में 20-30 फीसदी की वृद्धि

**सबसे** बड़ी चिंता पर्यावरणीय दबावों को लेकर है। प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एचटीसीसी की रिपोर्ट बताती है कि पीक सीजन के दौरान प्रमुख पर्यटक स्थलों पर ठोस कचरे में 20-30 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। प्लास्टिक कचरा, जल प्रदूषण और वनों की कटाई संवेदनशील हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक गंभीर खतरा बन रहे हैं। इसके अलावा, अनुमान है कि राज्य में लगभग 15-20 फीसदी पर्यटन इकाइयां बिना वैध लाइसेंस के संचालित हो रही हैं, जो असंगठित पर्यटन और अवैध निर्माण को बढ़ावा देती हैं।

### समाधान की ओरः चुनौतियां समाधान और संबंधित पक्ष

इन जटिल चुनौतियों का सामना करने के लिए एक बहुआयामी और समन्वित दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। सरकार और पर्यटन विभाग को ग्रामीण पर्यटन, होमस्टे और साहसिक पर्यटन (एडवेंचर टूरिज्म) को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना चाहिए। पांगी, स्पीति के अंदरूनी हिस्से, डोडरा क्वार और जंजहेली घाटी जैसे कम ज्ञात, लेकिन बेहद खूबसूरत क्षेत्रों का प्रचार करने से पर्यटन का बोझ वितरित होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। इसमें स्थानीय पंचायतें और ग्रामीण विकास मंत्रालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### बुनियादी ढांचे में सुधार

*__लोक__ निर्माण विभाग, नगर निगमों और निजी निवेशकों को मिलकर सड़कों के चौड़ीकरण, पर्याप्त पार्किंग सुविधाओं के निर्माण, आधुनिक सार्वजनिक शौचालयों की स्थापना और गुणवत्तापूर्ण अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पर्यटकों के लिए सुगम पहुंच और बेहतर सुविधाएं उनके अनुभव को बेहतर बनाएंगी।*

### सतत पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण

*__वन__ विभाग, हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओएस) को इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने, प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने और पर्यावरण अनुकूल पर्यटन प्रथाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। पर्यटकों और स्थानीय समुदायों दोनों में जागरूकता बढ़ाना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।*

**विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**

## मौसम बदलते ही हिमाचल में बदले पर्यटन के भी हालात

**होटलों में ऑक्यूपेंसी 75 प्रतिशत**

**प्रदेश में पर्यटक वाहनों की संख्या 1.50 लाख से अधिक**



*__पिछले__ कुछ दिनों से हिमाचल प्रदेश का मौसम पल-पल बदल रहा है। एकाएक जहां मौसम साफ हो रहा है, तो वहीं अगले ही पल बारिश का दौर शुरू हो रहा है। कांगड़ा घाटी के हिल स्टेशनों की बात करें तो कभी तापमान 40, तो कभी 10 डिग्री तक पहुंच रहा है। धर्मशाला व धौलाधार पर्वतों के साथ लगते पर्यटन क्षेत्रों नड्डी, धर्मकोट, भागसुनाग, सतोवरी, डलझील, मैक्लोडगंज, खनियारा आदि क्षेत्रों में मंगलवार से खराब मौसम के कारण ठंड बढ़ी गई है। मौसम ठंडा होने से पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की रौनक बढ़ गई है। वहीं, बारिश के कारण यहां आने वाले पर्यटकों के साथ-साथ पर्यटन कारोबारियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। हालांकि, मैदानों की बात करें तो मौसम होने पर मैदान गर्मी से अभी भी तप रहे हैं। एक सप्ताह से पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। वीकेंड पर बाहरी राज्यों के पर्यटक वाहनों की संख्या प्रदेश में 1.50 लाख से अधिक बताई जा रही है। प्रदेश के अकेले धर्मशाला व मैक्लोडगंज की बात करें तो होटलों में ऑक्यूपेंसी 75 प्रतिशत तक बताई जा रही है। होटलों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों के होम स्टे में भी ऑक्यूपेंसी काफी बढ़ गई है। एडवांस बुकिंग के साथ सामान्य तौर पर ऑन स्पॉट भी कमरे बुक करवाए जा रहे हैं। पहाड़ों पर हल्का हिमपात और मौसम के सुहावने बने रहने से पर्यटन कारोबार पहले से बेहतर हुआ है। धर्मशाला के पर्यटन स्थलों में महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, तमिलनाडू, बंगाल, केरल और विदेशों से भी पर्यटक भी काफी तादाद में पहुंच रहे हैं। धर्मशाला के मैक्लोडगंज में दलाई लामा के मौजूद होने से विदेशों से उनके अनुयायी भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। पर्यटन क्षेत्रों में वाहनों की संख्या के बढ़ने से कारण वाहनों का जाम देखने को मिल रहा है। पिछले लंबे समय से होटल कारोबारियों को घाटे का सामना करना पड़ रहा था तथा अब उनके चेहरों पर भी रौनक देखी जा रह है।*

**विशेष रिपोर्टः संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

### पर्यटन सीजन अच्छा जाने की आस

*__पर्यटन__ कारोबारियों को आस है कि इस बार का पर्यटन सीजन काफी अच्छा जाएगा। धर्मशाला व मैक्लोडगंज स्थानीय लोगों का मुख्य व्यवसाय पर्यटन कारोबार से जुड़ा हुआ है। ऐसे में इन लोगों को पर्यटन सीजन से होने वाली कमाई से ही पूरे सालभर का खर्च निकालने की आस रहती है। पिछले अढ़ाई वर्षों से होटल कारबवारियों में निराशा देखी जा रही थी।*



### टूरिस्टों से पर्यटन क्षेत्र गुलजार : अश्वनी बांवा



*__होटल__ एवं रेस्टोरेंट एशोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांवा ने बताया कि होटल कारोबारी मंदी की मार से उभर नहीं पा रहे थे। पिछले कुछ दिनों से मौसम ने जो करवट बदली है। इससे पर्यटन कारोबार भी चमका है। होटलों की ऑक्यूपेंसी 75 प्रतिशत पहुंच गई है और मौसम ने साथ दिया तो ऑक्यूपेंसी ओर भी बढ़ सकती है। दूसरे प्रदेशों में भारी गर्मी होने के कारण पर्यटन यहां दिसंबर माह के मौसम का आनंद ले रहे हैं। अश्वनी ने बताया कि पहले ही पर्यटकों को के लिए 50 प्रतिशत की छूट दे रखी है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के आने से पर्यटन क्षेत्र गुलजार हो रहे हैं।*

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों ने रैली से लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान बैजनाथ ।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीड़ में एनसीसी इकाई की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य बृजमोहन शर्मा ने की। उन्होंने बच्चों को बताया कि पर्यावरण को हमें शुद्ध रखना है, स्वच्छ रखना है, ताकि हम अच्छा जीवन जी सकें। बच्चों ने स्कूल परिसर की सफाई की और स्कूल के बाहर बने स्मृति भवन के चारों तरफ पड़े प्लास्टिक के कचरे को उठाया और बीड़ में बने वेस्ट वॉरियर नाम के एनजीओ के साथ मिलकर इस दिवस को मनाया। एनसीसी कैडेट्स ने पूरे बाजार में लगभग 1 किलोमीटर में पड़े कूड़े-कचरे, प्लास्टिक को उठाकर के बोरियों में भरकर उसे ठिकाने पर लगाया। बच्चों ने बाजार में रैली भी निकालकर लोगों को जागरूक किया।

### छात्राओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान रेहन में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्राओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार कटवाल ने बताया कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। संस्थान परिसर में 15 वृक्ष लगाए गए, जिनमें पीपल, अशोक, नींबू, आंवला आदि प्रमुख हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था, बल्कि छात्राओं को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना भी था।

### समाज को उपयोगी दिशा में ले जाने का आग्रह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय शाहपुर परिसर में पर्यावरण दिवस पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सम्मानित उपकुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने किया। सम्मेलन में पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष पोफेसर आदर्श पाल विज वशिष्ठ अतिथि एवं डॉक्टर तेजपाल देहवा मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रोफेसर दीपक पंत अधिष्ठाता पृथ्वी और पर्यावरण विज्ञान स्कूल, प्रोफेसर सुनील ठाकुर अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं पृथ्वी और पर्यावरण स्कूल के साथ अन्य स्कूलों के सभी गणमान्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। बंसल ने पृथ्वी और पर्यावरण स्कूल के प्राध्यापकों, शोधार्थियों व शिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं, समाज को उपयोगी दिखा में ले जाने का आग्रह किया।

### आवेदन प्रक्रिया 19 जून तक रहेगी जारी

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीए, बीकॉम, बीएससी एवं बीसीए प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया है। प्राचार्या राका शर्मा ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पहली जून से प्रारंभ होकर 19 जून तक जारी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय ऑफिस के माध्यम से निर्धारित तिथियों में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि आवेदन प्रक्रिया का शेड्यूल तथा प्रोस्पेक्टस महाविद्यालय की वेबसाइट से देख सकते हैं। पूर्व प्रवेश परामर्श प्री एडमिशन काउंसिलिंग 13 से 19 जून तक चलेगी। पंजीकृत अभ्यर्थियों की प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन 20 जून तक होगा। शुल्क जमा करने की अवधि 21 से 24 जून तक रहेगी।

### पर्यावरण संरक्षण में निभाएं अपनी भूमिका

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** एसडीएम संकल्प गौतम ने विश्व पर्यावरण दिवस पर दुर्गम घटी राजगुंधा में पौधरोपण किया तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह दायित्व बनता है कि हम पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि हमे समय-समय पर पौधे लगाते रहने चाहिए। इसके अतिरिक्त अपने आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वहीं, एसडीएम ने राजगुन्धा में नव निर्माणाधीन पटवार कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बिलिंग में चलाए जा रहे वेस्ट कलेक्शन अभियान में भाग लिया तथा वेस्ट कलेक्शन योद्धाओं की ओर से पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

### युवाओं से प्रकृति के संरक्षक बनने का आह्वान



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट के छात्रों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभागीय वन अधिकारी कार्यालय पठानकोट का दौरा किया। इस विशेष पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूकता फैलाना था, जिससे छात्र सीधे स्थानीय वन अधिकारियों से संवाद कर सकें। छात्रों को डीएफओ धर्मवीर डेरू से मिले और पर्यावरण-अनुकूल बर्ड फीडर भेंट किए और जैव विविधता की रक्षा एवं प्रकृति के संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर एक विचारशील संवाद में भाग लिया। धर्मवीर ने कहा कि हम पर्यावरण को फिर से संवार सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं से प्रकृति के संरक्षक बनने का आह्वान किया।

### गर्भवती महिलाओं को दिए स्वास्थ्य टिप्स

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** विधानसभा नूरपुर की पंचायत कोट पलारी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिशुओं तथा गर्भवती महिलाओं के बेहतरीन स्वास्थ्य एवं भविष्य में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवारत स्वास्थ्य कार्यकर्ता ज्योति पठानिया ने बताया कि टीकाकरण व स्वास्थ्य शिविर में शिशुओं को लगाए जाने वाले टीके जैसे पोलियो बूंद, खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया , टेटनस इत्यादि टीके बच्चों को लगाए गए हैं। गर्भवती महिलाओं को भी स्वास्थ्य टिप्स दिए गए हैं।

### 5वां त्रैमासिक वार्षिक अधिवेशन : परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच उग्र

# जल्द देय वित्तीय लाभ जारी नहीं किए तो होगा आंदोलन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**हिमाचल** परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच जिला कांगड़ा का 5वां त्रैमासिक वार्षिक अधिवेशन नगरोटा बगवां में अशोक पराशर प्रदेश संगठन महामंत्री व बलराम पुरी प्रदेश मुख्य सलाहकार की अध्यक्षता में हुआ।



नगरोटा बगवां में त्रैमासिक वार्षिक अधिवेशन के दौरान परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी।

इसमें भारतीय पेंशनर महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष ब्रह्मानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। पालमपुर, नूरपुर, देहरा व कांगड़ा के 400 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पेंशनर्स से भेदभाव करने पर सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया और देय वित्तीय लाभों को सरकार की ओर से जारी न करने पर प्रदेश सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि उम्र के अंतिम पड़ाव में उन्हें सरकार की ओर से वित्तीय लाभ जारी न करने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ गया है, उन्हें पैसे-पैसे को तरसने के लिए मजबूर होना पड़ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार अनदेखी कर रही। कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले मांगों को पूरा करने का दम भरा था, लेकिन सरकार बनने के बाद कांग्रेस उन्हें अनदेखा कर रही है। बार-बार मांगों को सरकार के समक्ष रखने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। एक बार भी उन्हें समय पर पेंशन नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि इस बारे में सरकार को कई बार मांग पत्र भी सौंपे जा चुके हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस नीति नहीं बनाई जा सकी है। उन्होंने कहा कि जल्द वित्तीय लाभ जारी नहीं हुए तो सरकार के खिलाफ आंदोलन चलाया जाएगा।

# क्रैक अकादमी जिले में खोलेगी नए कोचिंग सेंटर

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और गुणवत्तापूर्ण कोचिंग सुविधाएं सुलभ कराने की दिशा में क्रैश अकादमी ने कांगड़ा जिले में सेंटर पार्टनरशिप के अवसरों की घोषणा की है। प्रदेश में अब तक 70 से अधिक सेंटर स्थापित कर चुकी अकादमी अब कांगड़ा जिले में नए सेंटर खोलने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन मांग रही है।

धर्मशाला में वीरवार को अकादमी के संस्थापक एवं सीईओ नीरज कंसल ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एकेडमी ने धर्मशाला, नूरपुर, ज्वालामुखी, जवाली, जसवां परागपुर, जयसिंहपुर और सुल्लाह में सेंटर खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक लोग पार्टनर बनकर अपने क्षेत्र में शिक्षा और कमाई दोनों के नए रास्ते खोल सकते हैं। पिछले वर्ष क्रैक अकादमी को हिमाचल के विभिन्न जिलों से सेंटर पार्टनरशिप के लिए हजारों आवेदन प्राप्त हुए थे। अब कांगड़ा जिले में सेंटर स्थापित करने के लिए इच्छुक शिक्षाविदों व उद्यमियों को एक बार फिर



धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते अकादमी के संस्थापक एवं सीईओ नीरज कंसल।

से भागीदारी का अवसर प्रदान किया जा रहा है। नीरज कंसल ने कहा कि हमारा उद्देश्य हिमाचल के प्रत्येक क्षेत्र तक किफायती और गुणवत्तापूर्ण कोचिंग पहुंचाना है। प्रस्तावित शिक्षण केंद्र छात्रों के लिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन, विशेषज्ञ मेंटरशिप और व्यवस्थित तैयारी के साथ प्रभावी शिक्षण केंद्र बनेंगे। इसके अलावा, यह एक लाभकारी व्यवसाय मॉडल भी होगा, जिससे पार्टनर को मासिक आय के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेंटर पार्टनरशिप के लिए चयन प्रक्रिया केंद्रीयकृत होगी। इच्छुक आवेदकों को अकामदी की कोर टीम की ओर से मूल्यांकन किया जाएगा।

### द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

# रैली निकालकर लोगों को बताए प्लास्टिक कचरे के नुकसान

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षण महाविद्यालय रैत में धौलाधार ईको क्लब ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस दौरान बागड़ू पंचायत में प्लास्टिक को इकट्ठा किया गया और स्कूल गलियों और घरों के बाहर पड़े प्लास्टिक को भी इकट्ठा किया गया। वहीं, गांव में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को प्लास्टिक कचरे के नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। सभी छात्रों ने प्लास्टिक को पूर्णतया खत्म करने की शपथ भी ली। प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने कहा कि पर्यावरण असंतुलित होते जा रहा है। इसके बचाव के लिए सबको आगे आना होगा। पर्यावरण संरक्षण में सबकी अहम भूमिका है। पशु-पक्षी लुप्त होते जा रहे हैं, इनका संरक्षण करना होगा, जिसके लिए ग्रामीणों को आगे आना पड़ेगा।

पर्यावरण संरक्षण से संबंधित नारे लगाए गए। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग होने के लिए जागरूक किया गया।




पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते हुए।

वहीं, महाविद्यालय प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया ने पौधे लगाए। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया, कार्यकारी निदेशक बीएस पठानिया, प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष सुमित शर्मा, अधिष्ठाता अनिता चंदेल, सहायक आचार्य अभिषेक, शालिनी, शशि, रंजन सहित समस्त अध्यापक वर्ग एवं सभी अतिथिगण उपस्थित रहे।

## पालमपुर के भट्टू में स्कूली और निजी बस में टक्कर कई बच्चों को आई चोटें



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के भट्टू में वीरवार को स्कूली बस और एक निजी बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कई स्कूली बच्चों को चोटें आई हैं। स्कूली बस बच्चों को लेकर घर जा रही थी, तभी सामने से आ रही एक निजी बस से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बसों को काफी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और घायल बच्चों को बसों से निकालने में जुट गए। बताया जा रहा है कि निजी बस के चालक और परिचालक हादसे के बाद तुरंत मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। घायल बच्चों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। कुछ बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### धर्मशाला में निकाली तिरंगा यात्रा, शहीदों को नमन



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** ऑल इंडिया एक्ससर्विस मेन लीग हिमाचल प्रदेश ने वीरवार को धर्मशाला में 'ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता और देश के गौरव की रक्षा के लिए भारतीय सेना के पराक्रम का जश्न मनाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा एक्ससर्विस मेन लीग कार्यालय से शहीद स्मारक तक निकाली गई। इस मौके पर लीग के प्रदेशाध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल वाईएस राणा, जेओडब्लू उपाध्यक्ष किशोर ठाकुर व महासचिव आरपी गुलेरिया सहित सभी पदाधिकारियों ने शिरकत की। शहीद स्मारक में शहीदों को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हाथों में तिरंगा लिए 'भारत माता की जय' के उद्घोष से पूरा धर्मशाला शहर गूंज उठा।

### इंदौरा में की लाखों मिलीलीटर शराब नष्ट

**अनंत ज्ञान, इंदौरा** थाना इंदौरा एक्साइज के 53 मामले अदालत में समाप्त होने पर पकड़ी गई अवैध शराब, जो लाखों मिलीलीटर थी, उसे थाना इंदौरा के अंतर्गत सीडीपीओ संजीव यादव तथा थाना प्रभारी आशीष पठानिया के नेतृत्व में नष्ट कर दिया गया। सीडीपीओ संजीव यादव ने बताया कि कुल 53 एक्साइज के मामले सुनवाई खत्म हो चुकी थी। इसके बाद लाखों मिलीलीटर शराब को वीरवार को नष्ट कर दिया गया।

### नगरोटा बगवां भाजपा मंडल की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** भाजपा नगरोटा बगवां मंडल और बड़ोह मंडल की परिचय बैठक शुक्रवार को होगी। इसमें बतौर मुख्यातिथि अतिथि पूर्ण कालिक प्रभारी राजपाल होंगे और पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। नगरोट मंडल की बैठक सुबह 10:30 बजे नगरोटा भाजपा कार्यालय में होगी और बड़ोह मंडल की बैठक प्लाहचकलू सामुदायिक भवन में दोपहर 3:00 बजे होगी।

### गुगलाहड़ में पूर्व विधायक अरुण ने रोपा पौधा



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका ने गुगलाहड़ में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधा लगाया।

# करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय प्रदान कर रहा गुणवत्तायुक्त शिक्षा

### शिक्षण संस्थान आईआईटी मद्रास के साथ किया है एमओयू साइन

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** हमीरपुर जिले में स्थापित करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय गुणवतायुक्त उच्च शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में हजारों युवाओं को अब तक बेहतर मार्गदर्शन प्रदान कर चुका है। हाल ही में विश्वविद्यालय के छात्र शशांक ने बिहार सरकार के न्यायिक सेवा मुख्य परीक्षा उर्तीण कर जज बने।

इशिता शर्मा विदेश में 85 लाख के सालाना पैकेज, वैशाली वर्मा ने यूजीसी नेट जेआरएफ में ऑल इंडिया रैंक में प्रथम स्थान, अमीशा शर्मा ने सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा को ऑल इंडिया में 68वां स्थान, नेहा धीमान का डीआरडीओ में जूनियर रिसर्च फेलो के पद पर चयन व कई अन्य छात्र देश-विदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके साथ-साथ विवि को राष्ट्रीय स्तर पर नैक की मान्यता व एआरआईआईए अटल रैंकिंग शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा भी मिली है। इस विश्वविद्यालय का दर्जा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की तरह राज्य




प्रेसवार्ता करते गुलशन संधू रजिस्ट्रार करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी।

विश्वविद्यालय का दर्जा है। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से स्वीकृत छात्रवृत्तियों का प्रावधान, केंद्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से विभिन्न श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मेट्रीक स्कॉलरशिप योजना चलाई गई है। इस योजना के तहत अधिकतम राशि 80 हजार वार्षिक तय की गई है। अभी हाल ही में विश्वविद्यालय ने भारत के नबंर 1 शिक्षण संस्थान आईआईटी मद्रास के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसके तहत यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, छात्र अब एक साथ दो डिग्रियां या एक डिग्री एक डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। गाइडलाइन के अनुसार, करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में पढ़ने वाला छात्र अब अपनी डिग्री के साथ डिप्लोमा आईआईटी मद्रास से कर सकता है।

सीपीयू में डिग्री फिजिकल मोड़ से करेगें और आईआईटी मद्रास से ऑनलाइन माध्यम से डिप्लोमा/एडवांस सर्टिफिकेट कर सकते हैं। भारत में जब से एनआईआरएफ रैंकिंग शुरू हुई है तब से आईआईटी मद्रास लगातार 9 वर्षो से नंबर 1 पर बना हुआ है। यह विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है कि हमें देश के नंबर 1 संस्थान के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है। विवि में मल्टी नेशनल कंपनियों में रोजगार प्राप्त सेवाएं दे रहे हैं। इस विश्वविद्यालय की डिग्री की मान्यता भारत में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में हैं, जो की बड़े गर्व की बात है।

**करवाए जा रहे ये कोर्स**

**हमीरपुर** स्थित करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में विभिन्न तरह के कोर्स करवाए जा रहे हैं, जिसमें बीटेक (सीविल, कंप्यूटर साइंस), एमटेक (सीविल, कंप्यूटर साइंस) बीसीए, एमसीए पीजीडीसीए, पीजीडीबीएम, बीबीए, एमबीए, बीकॉम ऑनरस, एम कॉम, बीएससी-आनरस (फिजिक्स, कैमिस्टी मैथ, वोटनी, जूलॉजी), एमएससी (फिजिक्स, कैमिस्टी, मैथ, वोटनी, जूलॉजी, माइको बायोलॉजी), एमएससी (फिजिक्स, कैमिस्टी, मैथ), बीएएलएलबी, एलएलबी, एलएलएम बीएससी आईटी, एमएससी आईटी, होटल मैनेजमेंट, डिप्लोमा होटल मैनेजमेंट, बीएससी होटल मैनेजमेंट, पीएचडी, बी. फार्मेसी, डी फार्मा (एलोपैथी), बीएससी योगा, एमएससी योगा, डी. फार्मा (आयुर्वेद), बी. फार्मेसी, डी. फार्मेसी, एमएससी को विजलेंस, बीएससी माइकोबायोलॉज, बीएससी एमएससी एमएलटी, एमएससी माइकोबायोलॉजी आदि कार्स करवाए जा रहे हैं।

### योल क्षेत्र में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, योल।** विश्व पर्यावरण दिवस पर योल क्षेत्र के गेहरी पुल के पास में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में बागनी पंचायत के प्रधान सुरेश पप्पी के नेतृत्व में बागनी पंचायत, योल के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अभियान में विशेष रूप से पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर मौजूद रही। पूर्व सांसद ने युवाओं से आह्वान किया कि पहले सफाई अपने घर से शुरू होनी चाहिए और जब हर इंसान अपने घर की सफाई करेगा तो अपने आप हमारा क्षेत्र साफ-सुथरा नजर आएगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

### नर्सिंग कॉलेज योल में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, योल।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरु द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग योल पौधरोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. अंकुर पठानिया ने प्रशिक्षु नर्सों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षु नर्सों ने मॉडल, भाषण, पोस्टर तथा मॉडल से पर्यावरण पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राज्य प्रदूषण बोर्ड से डॉ. रजनी माला, सतविंदर कौर, सजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

### तलवाड़ा जट्टां गांव में मिला युवक का शव

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** थाना नंगलभूर अधीन आते तलवाड़ा जट्टां गांव में खेत में एक युवक की शव मिला है। मृतक की पहचान रोहित कुमार (24) पुत्र सतपाल निवासी तलवाड़ा जट्टां के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल पठानकोट में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक पुलिस को युवक की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया। युवक की शव के पास एक सीरिंज भी पड़ी देखी गई है। सूत्रों की मानें तो युवक की मौत नशे की ओवरडोज से हुई है।

### जिले के सभी उपमंडलों में आज मेगा मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा जिले के सभी उपमंडलों में शुक्रवार को मेगा मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। मॉकड्रिल के दौरान राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से तैनात पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहेंगे व मॉकड्रिल की कर्मियों को लेकर रिपोर्ट भी प्रेषित करेंगे, ताकि भविष्य में तैयारियां बेहतर हो सकें। उन्होंने बताया कि मॉकड्रिल को लेकर 3 जून को टेबल टॉप अभ्यास भी किया गया है, ताकि आपदा प्रबंधन की दृष्टि से सभी विभागों में आपसी समन्वय स्थापित हो सके।

### 7 से 12 जून तक पेयजल सप्लाई रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां ।** उपमंडल नगरोटा सूरियां में मुख्य राइजिंग पाइप के कार्य के चलते 6 दिन चार पंचायतों की पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। जल शक्ति विभाग उपमंडल नगरोटा सूरियां के सहायक अभियंता ने बतया कि लोक निर्माण विभाग उपमंडल नगरोटा सूरियां की ओर से नगरोटा सूरियां बस स्टैंड से देहरा चौक तक एफडीआर तकनीक से सड़क मरम्मत कार्य किया जा रहा है। इसके चलते मुख्य पाइपलाइन राइजिंग पाइप की मरम्मत कार्रवाई की जा रही है। इस कारण 7 जून से 12 जून तक पंचायत नगरोटा सूरियां, वासा, सुकनाडा व कथोली आदि क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति अस्थायी तौर पर बाधित रहेगी।

### सुधेड़ की महिलाओं ने जल स्रोतों को संवारा

**अंनत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के तहत कृपालेश्वरी महिला मंडल सुधेड़ (लोहाड़कड़ी) की महिलाओं ने वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राकृतिक जल स्रोतों बावड़ियों सहित आसपास क्षेत्र की सफाई की। महिला मंडल प्रधान ममता धीमान के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया। महिलाओं ने रास्तों की भी सफाई की ओर आसपास झाड़ियों को साफ किया।

## कोरोना की दस्तक के बाद नूरपुर के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों ने कसी कमर

**रमन राणा, अनंत ज्ञान, भडवार।** देश में एक बार फिर कोरोना वायरस जैसी महामारी ने दस्तक दे दी है और इससे पीड़ित मरीजों की संख्या भी अब तेजी से बढ़ रही है। देश भर में विभिन्न राज्यों से लगभग 5000 से भी ज्यादा मामले कोविड वायरस के आए हैं और यह आंकड़ा अब और तेजी से बढ़ने लगा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, बीते दिन 4 जून तक 4302 कोरोना के एक्टिव मामले पाए गए हैं। हिमाचल में भी कोविड की दस्तक डराने वाली है। इस विषय पर जब ब्लॉक गंगथ बीएमओ डॉक्टर दिलबर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस बीमारी से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तत्पर है तथा आम जनता से भी सावधानी बरतनी की अपील लगातार की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की गाइडलाइन को फॉलो करते रहे जैसे बार-बार हाथ धोना, चेहरे पर मास्क इत्यादि लगाना व उचित दूरी ही इसका एकमात्र परहेज है। कोरोना की दस्तक के बाद नूरपुर के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों ने कमर कस ली। इस विषय पर एक मॉकड्रिल अभ्यास किया है, ताकि गंभीर परिस्थितियों में भी मरीज को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सके।

# विधायक कमलेश ने 79 लाभार्थियों को भेंट किए 15.73 लाख के चेक

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** विधायक कमलेश ठाकुर ने वीरवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से देहरा विधानसभा क्षेत्र के 50 लाभार्थियों को 9 लाख 45 हजार और जसवा-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के 26 लाभार्थियों को 5 लाख 35 हजार रुपए के चेक वितरित किए। उन्होंने मुख्यमंत्री शगुन योजना के 3 लाभार्थियों को 31-31 हजार रुपए के चेक वितरित किए।

विधायक ने देहरा और जसवा-परागपुर के दसवीं और 12वीं कक्षा में मेरिट में आए हुए 3 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चनोर की छात्रा पायल शर्मा ने बाहरवीं कक्षा कॉमर्स में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विधायक देहरा ने छात्रा को 51 हजार रुपए देने की घोषणा की व आगे की पढ़ाई का खर्च खुद उठने को कहा। पैरामाउंट पब्लिक स्कूल अपर पैसा के छात्र



लाभार्थियों को चेक बांटतीं विधायक कमलेश ठाकुर।

अरमान ने दसवीं कक्षा में पूरे प्रदेश में छठा साथ हासिल किया। अंशुल शेरिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल गरली के छात्र ने दसवीं कक्षा में पूरे प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया। दोनों विद्यार्थियों को 21-21 हजार रुपए दिए गए। विधायक देहरा ने इन विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया, उपमंडल अधिकारी देहरा कुलवंत सिंह पोटन, तहसीलदार देहरा कर्म चंद कालिया, तहसीलदार परागपुर आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी अस्पतालों में पर्ची शुल्क पर भाजपा ने खोला मोर्चा

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी अस्पतालों में ओपीडी पर्ची बनाने पर शुल्क लगाने के आदेश के खिलाफ भाजपा ने मोर्चा खोला है। परागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि सुखू सरकार ने महंगाई से पहले ही त्रस्त जनता पर एक और बोझ लाद दिया है। हिमाचल की बड़ी आबादी खासकर ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के लोग सरकारी अस्पतालों पर निर्भर हैं और इस नई व्यवस्था से सबसे अधिक प्रभावित गरीब तबका होगा। जिस आम आदमी ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी, उसी की कमर अब यह सरकार तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेश के मुताबिक 5 जून से राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों, क्षेत्रीय अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में ओपीडी पर्ची के लिए मरीजों को शुल्क देना होगा। कांग्रेस सरकार को जनता के बजाए राजस्व की चिंता है। उन्होंने सरकार से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि गरीबों पर थोपे गए इस शुल्क को नहीं हटाया गया, तो भाजपा सड़क से विधानसभा तक जोरदार विरोध-प्रदर्शन करेगी।

**सरकार की व्यवस्था से प्रभावित होगा गरीब तबका : विनोद शर्मा**

## न्यूज ब्रीफ

### बुशहर बी.एड संस्थान कलना में किया पौधरोपण



**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** बुशैहर बी.एड संस्थान कलना में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में पौध रोपण के साथ-साथ सफाई अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉक्टर तिलक राज भारद्वाज ने बताया कि 5 जून को दुनिया भर में विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है इसका मकसद लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत करना है। संस्थान के अध्यक्ष पवन आनंद कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता व सचिव ई. राजीव शर्मा ने कहा कि स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है पृथ्वी ग्रह पर ही मानव जीवन संभव है इसलिए इसे जीने लायक बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है।

### दाडगी में विद्यार्थियों ने निकाली पर्यावरण दिवस पर रैली

**अनंत ज्ञान, शिमला।** विश्व पर्यावरण दिवस पर दाडगी स्कूल के विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से लोगों को पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। जिसमें विद्यालय की एनएसएस, इको क्लब, स्काउट एंड गाइड इकाई और चारों सदनों के विद्यार्थियों ने पोस्टर और बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार वर्मा ने सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों से आह्वान किया कि विद्यालय में लगाए गए औषधीय पौधों की एक शिशु के रूप में देखभाल करें। एनएसएस प्रभारी धर्मप्रकाश वर्मा ने बताया कि पर्यावरण के मुद्दों पर वैश्विक जागरूकता बढ़ाना और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करना है।

### छात्रों के लिए ऑनलाइन परामर्श कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय नेरवा स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र में दिनांक ईग्नू के छात्रों के लिए एक ऑनलाइन परामर्श (काउन्सलिंग) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के ईग्नू समन्वयक प्रोफेसर नरेंद्र नेगी ने द्वारा की गई। ईग्नू काउंसलर प्रोफेसर वीरेंद्र ठाकुर, प्रो. दिलीप शर्मा एवं प्रो. कल्याण शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 70 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। प्रो. नरेंद्र नेगी ने बताया कि बीए, बी.कॉम. तथा एमए सहित अन्य अनेक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून 2025 निर्धारित की गई है।

### साइबर कैफे और लोक मित्र केंद्र संचालकों की मनमानी

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर क्षेत्र में साइबर कैफे और लोक मित्र केंद्रों की मनमानी से लोग परेशान हैंऔर लोगों में भारी रोष है। साइबर कैफे और लोक मित्र केंद्र संचालक विभिन्न प्रकार के दस्तावेज पैन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, फोटो स्टेट व अन्य दस्तावेज निकालने के मनमाने रेट वसूल रहे हैं। इस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। लोगों की मांग है कि प्रशासन द्वारा उपरोक्त संचालकों के रेट तय किए जाएं, ताकि इनकी मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके। इंडियन क्राइम कंट्रोल सोसाइटी के राष्ट्रीय सदस्य हेमंत शैली ने बताया कि साइबर कैफे और लोक मित्र केंद्र संचालकों की मनमानी से लोगों में बेहद रोष है।

### रामपुर में चलाया जाएगा नशा मुक्ति अभियान

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति रामपुर इकाई रामपुर व ननकड़ी क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाएगी। आज गुरुवार को रामपुर के नरसिंह मंदिर परिसर में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नशा मुक्ति अभियान चलाने और इस बारे रणनीति तैयार करने पर चर्चा की गई। बैठक में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की वरिष्ठ कार्यकर्ता सुमित्रा चंदेल और नारकंडा ब्लॉक के पूर्व सचिव आत्मा सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि अभियान को मूर्त रूप देने के लिए प्रशासन व पुलिस का सहयोग लेने के लिए उनके साथ बैठके की जाएगी।

# कुमार साहिल ने बिखेरे सुर

## ग्रीष्मोत्सव शिमला की चौथी संध्या, स्वास्थ्य मंत्री रहे मुख्यातिथि



**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला 2025 की चौथी सांस्कृतिक संध्या में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान शिमला शहरी के विधायक हरीश जनारथा सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे। उपायुक्त एवं अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला आयोजन समिति के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि तथा विधायक को सम्मानित किया।



### चौथी संध्या में मुख्य आकर्षण



फिरदौस बैंड तथा इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल रहे, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सेंट एडवर्ड स्कूल, राजकीय उच्च पाठशाला विकास नगर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फागली, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालूगंज, सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय पडेची तथा एपीजी यूनिवर्सिटी शिमला के छात्रों ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियां दीं।

### इन कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

उत्सव में पहाड़ी गायक मनीष कश्यप, नितिन कौशल, गीतांजलि ठाकुर, अंकुश चारटा, उपज्ञा चंदेल, दीक्षिता बरागटा, डॉ. रविंद्र ठाकुर, प्रवेश निहालटा, पूनम सरमाईक, विशाल तिलोरिया, कुसुम जस्सी तथा दिवान सिवान ने अपनी मधुर आवाज से लोगों का खूब मनोरंजन किया और लोगों ने बहुत आनंद उठाया।



# कर्मचारियों ने की ओवरटाइम का भुगतान शीघ्र करने की मांग

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड तकनीकी कर्मचारी संघ रोहड़ू इकाई के पदाधिकारियों की बैठक इकाई प्रधान सतीश चौधरी की अध्यक्षता में रोहड़ू में संपन्न हुई, जिसमें इकाई के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक में तकनीकी कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से नॉन आईटीआई टी मेट व ए एल एम की वन टाइम सेटलमेंट के तहत पदोन्नति देने की बोर्ड प्रबंधन से मांग की गई। वहीं विभिन्न प्रकार के बिल जिसमें ओवरटाइम, टीए बिल आदि का शीघ्र भुगतान करने की बोर्ड प्रबंधन से मांग की गई, लेकिन अधिशाषी अभियंता विद्युत मंडल रोहड़ू को इकाई द्वारा मांग पत्र प्रस्तुत करने के बाद भी वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया।

## नगर परिषद और नगर पंचायत वार्डों के परिसीमन पर 9 तक दें सुझाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला जिले की विभिन्न नगर परिषदों और नगर पंचायतों के वार्डों के परिसीमन (सीमा निर्धारण) के प्रस्ताव पर आम जनता से 9 जून, 2025 तक आपत्तियां और सुझाव मांगे गए हैं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी संबंधित नागरिक इस अवधि तक अपने विचार प्रस्तुत कर सकते हैं।

यह प्रस्ताव नगर परिषद रोहड़ू, ठियोग, रामपुर और सुन्नी, साथ ही नगर पंचायत नारकंडा, कोटखाई, जुब्बल, नेरवा, चौपाल और चिड़गांव के वार्डों से संबंधित है। ज्योति राणा ने बताया कि नागरिक कार्यालय समय के दौरान प्रस्ताव का निरीक्षण कर सकते हैं।

यदि किसी निवासी को इस प्रस्ताव के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देना है, तो वे फॉर्म-2 में भरकर इसे संबंधित कार्यालय या उपायुक्त शिमला कार्यालय में 09 जून, 2025 तक भेज सकते हैं।

# राज्य सब-जूनियर कराटे स्पर्धा में नेरवा के खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

हिमाचल प्रदेश राज्य सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप-2025 का आयोजन बैजनाथ में किया गया, जिसमे राज्य के 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में नेरवा के चार खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने अपने वर्ग में उम्दा प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते।



पदकों के साथ विजेता खिलाड़ी।

पंवार कराटे अकादमी नेरवा के कोच शक्ति ने बताया कि महिला 35 किलो जूनियर वर्ग में अवी लोथटा ने स्वर्ण पदक, महिला माइनस 61 किलो कैडेट वर्ग में सृष्टि जामटा ने रजत पदक एवं पुरुष माइनस 42 किलो कैडेट वर्ग मे दानिश वर्मा व पुरुष माइनस 50 किलो वर्ग में बादल कटाईक ने कांस्य पदक जीत कर नेरवा का नाम रोशन किया है।

शक्ति ने बताया कि पंवार कराटे अकादमी नेरवा के खिलाड़ी इससे पूर्व भी प्रदेश व राष्ट्रिय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है।

# स्कूली बच्चों ने निकाली पर्यावरण रैली

**अनंत ज्ञान, शिमला**

जुन्गा तहसील के राजकीय उच्च पाठशाला धाली में विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर बच्चों ने धाली बागड़ा से शिल्ली तक जागरूकता रैली निकाल कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक राकेश वर्मा ने की। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

राकेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण एक चुनौती का विषय है। इस चुनौती से पार पाने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि बढ़ता ग्लोबल वार्मिंग का खतरा इस बात के संकेत हैं कि यदि समय रहते पर्यावरण को न बचाया गया तो आने वाला समय और घातक होगा। उन्होंने कहा कि जंगलों में पेड़ों की मौजूदगी को बढ़ाने के सतत प्रयास होने चाहिए।




### सुन्नी में 1000 औषधीय और फलदार पौधे रोपे

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सुन्नी में विभिन्न संस्थाओं द्वारा पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परिसर में फलदार पौधे रोपे गए। इको टास्क फोर्स के सौजन्य से आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम में एसडीएम सुन्नी राजेश वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान इको टास्क फोर्स के लेफ्टिनेंट लोकेश धीमान ने कहा कि फोर्स के जवानों द्वारा क्षेत्र में जंगलों को हर भरा और जंगल में खाली पड़ी जमीन पर पौधरोपण कर उन्हें हर भरा रखने के लिए अहम भूमिका निभाई जा रही है।

### स्कूली बच्चों ने निकाली पर्यावरण बचाओ रैली

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुफरी में ब्लू पाइन इको क्लब के सौजन्य से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इको क्लब के सदस्यों ने कुफरी बाजार, टैक्सी स्टैंड, मां भीमाकाली मंदिर परिसर तक रैली निकाली और प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया। रैली के दौरान टैक्सी यूनियन के सदस्य, पर्यटकों और युवाओं को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया।

प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष पर्यावरण दिवस पर बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन नामक थीम रखा गया है जिस बारे लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान और हानिकारक प्रभाव से अवगत करवाया।

# एक डॉक्टर के सहारे चल रहा सिविल अस्पताल बरठीं

## 30 पंचायतों का है प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र, मरीजों का हाल बेहाल

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** सिविल अस्पताल बरठीं एक डॉक्टर के सहारे चल रहा है। यह अस्पताल करीब 30 पंचायतों का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। छह स्वीकृत डॉक्टर पदों में से केवल एक चिकित्सक कार्यरत है, जिसके चलते अस्पताल का सारा दारोमदार एकमात्र डॉक्टर के कंधों पर टिका है। सुन्हाणी, बरड, कजैल, शेर, तुगडी, मोही, कोटलू, बल्हसीणा, दसलेहडा, झबोला, भडोलियां, शाहतलाई, मलराव, कोसरिया, कडोह घाट, जड्डू, कलोल, मरोतन, छत और करलोटी सहित लगभग 30 पंचायतों के लोग इस अस्पताल पर निर्भर हैं।

प्रतिदिन 200 से 300 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं और दिन-रात मरीजों की भीड़ लगी रहती है। इसके अलावा, अस्पताल में हर महीने करीब 15 डिलीवरी के मामले दर्ज होते हैं, जिसके चलते यह बिलासपुर जिले में डिलीवरी के मामलों में दूसरा सबसे बड़ा केंद्र है। लोगों का कहना है कि डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है और कई बार उन्हें बिना इलाज के लौटना पड़ता है। ओंकार सिंह, राम प्रकाश शर्मा, राजकुमार, कुलवंत सिंह पटियाल आदि ने विभाग और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. परमिंदर ने बताया कि बरठीं अस्पताल में डॉक्टरों छह पद हैं। इनमें से केवल एक ही पद भरा गया है। बरठीं अस्पताल 24 घंटे सेवाएं प्रदान करता है। इसी कमी को पूरा करने के लिए हमने आसपास के अस्पतालों के डॉक्टरों की ड्यूटी वहां लगाई है, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो। सरकार को अवगत करा दिया है। उम्मीद है जल्द नए मेडिकल ऑफिसर भेज कर इस कमी को पूरा किया जाएगा।

### रिक्त पदों को जल्द भरने की उठाई मांग

**राम** प्रकाश शर्मा ने कहा कि बरठीं अस्पताल में छह स्वीकृत पदों में से केवल एक डॉक्टर कार्यरत है, जो 25 से अधिक पंचायतों की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने की कोशिश कर रहा है। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके। वहीं, स्थानीय जनता ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सिविल अस्पताल बरठीं में रिक्त चिकित्सक पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए। इसके साथ, अस्पताल में अन्य जरूरी सुविधाओं और संसाधनों को बढ़ाने की मांग उठाई है।

### लढ़याणी गांव से 17 वर्षीय युवती लापता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भराड़ी थाना के तहत गतवाड पंचायत के लढ़याणी गांव से युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने थाना भराड़ी में शिकायत दर्ज करवाई है। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि 17 वर्षीय बेटी मंगलवार रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गई थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य भी अपने-अपने कमरों में सोए थे। सुबह उठकर वह व उसकी पत्नी खेतों में काम करने चले गए। खेतों में काम करने के बाद जब वह घर पहुंचते तो देखा कि घर पर बेटी नहीं थी। बेटी को हर जगह ढूंढा, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया है। युवती के पिता ने पुलिस से बेटी को ढूंढने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी अनूप कुमार ने कहा कि इस संदर्भ में जांच की जा रही है। युवती को प्राथमिकता के आधार पर ढूंढा जा रहा है।



# विकास कार्यों में बरतें गुणवत्ता समय पर करें पूरा : धर्माणी

- नगर नियोजन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर नियोजन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने वीरवार को बचत भवन बिलासपुर में जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक की। इसमें जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई और अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखी जाए।

उन्होंने कहा कि सरकार जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना आवश्यक है। यदि किसी भी विभाग की ओर से कोई नया प्रोजेक्ट स्वीकृत किया जाता है, तो उसकी स्वीकृति की प्रति बिजली बोर्ड को अवश्य भेजी जाए, क्योंकि बिना विद्युत कनेक्शन के किसी भी परियोजना का कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सकता। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक ग्रीन पंचायत का निर्माण किया जाएगा, जिसके अंतर्गत 500-500 किलोवाट के सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इससे न केवल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

### खनन गतिविधियों पर रखें नजर

**पुलिस** विभाग को निर्देश दिए गए कि खनन गतिविधियों और ओवरलोडिंग टिप्परों पर सख्त निगरानी रखी जाए। मंत्री ने चिंता जताई कि जिले में सिंथेटिक ड्रग्स का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने पंचायत स्तर पर ड्रग्स की स्थिति की मैपिंग करने और इससे निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने पर जोर दिया।

### शिव मंदिर समोह में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** समोह ग्राम सेवा सहकारी सभा में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं बिलासपुर भास्कर कालिया और डीडीएम नाबार्ड के सौजन्य से फलदार पौधों का वितरण किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भास्कर कालिया और स्थानीय लोगों ने शिव मंदिर समोह में पौधरोपण किया। सहकारी सभाओं के अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को जागरूक किया। जिला परिषद सदस्य शैलजा शर्मा ने कचरा मुक्त अभियान के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर सभा प्रधान ब्रह्मू राम, उप प्रधान प्रीतम सिंह, सदस्य चमन लाल आदि मौजूद रहे।

### गरूणा झाड़ी मंदिर में की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के शाहतलाई में विश्व पर्यावरण दिवस पर बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में मंदिर न्यास और नगर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में सफाई अभियान चलाया और पौधरोपण किया। मंदिर परिसर, चरण गंगा, गरूणा झाड़ी मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई की गई। सरयाली खड्ड के निकट और मंदिर के पार्किंग क्षेत्र में पौधे लगाए गए। मंदिर न्यास के सहायक अभियंता विजय ठाकुर ने कहा कि चरण गंगा, गरूणा झाड़ी मंदिर की सफाई के साथ-साथ पार्किंग क्षेत्र में पौधरोपण किया।

### कोलडैम सीआईएसएफ बल ने लगाई छबील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के पावन अवसर पर एनटीपीसी सीआईएसएफ कोलडैम यूनिट के बल सदस्यों ने छबील लगाकर मानव सेवा की मिसाल पेश की। राहगीरों के लिए शीतल मीठा पेयजल, हलवा और चने का वितरण किया गया। डिप्टी कमांडेंट अजय बाली ने कहा कि यह दिन सिख समुदाय के लिए अपार धार्मिक आस्था और बलिदान की प्रेरणा का प्रतीक है। इस पुण्य कार्य में डिप्टी कमांडेंट अजय बाली, एनटीपीसी के सहायक प्रबंधक (एचआर) पूर्ण सिंह, सतर्कता विभाग के प्यारा सिंह, इंस्पेक्टर फायर पंकज कुमार सिन्हा, एएसआई मंगल सिंह, एएसआई प्रीत पाल और मुख्य आरक्षी संजीव कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बरठीं में स्वच्छता पर जोर, पौधे रोपे

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बरठीं पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) संजीव पुरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक पौधा रोपा। पंचायत प्रधान कुलदीप चंद्र सिंह और उपप्रधान राकेश मेहता ने भी पौधे लगाए। संजीव पुरी ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें और पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। प्रधान कुलदीप कहा कि बरठीं पंचायत पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

### डंगार पाठशाला में छात्राओं ने लगाए पौधे

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया। बेटियों ने अपनी मां के साथ पौधा लगाया तथा प्रतिज्ञा ली कि इस पौधे की परवरिश वे ठीक उसी तरह करेंगी, जैसे उनकी मां ने उन्हें पाला-पोसा है। प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने कहा कि सभी को पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए तथा कहीं भी किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होना चाहिए।

### लोगों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर घुमारवीं नगर परिषद ने शहर में सफाई अभियान चलाया। नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित वन विभाग के कर्मचारियों ने सिर खड्ड पुल के आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर परिषद घुमारवीं की अध्यक्ष रीता सहगल ने लोगों से सिर खड्ड किनारे और खुले स्थानों में कूड़ा न फेंकने की अपील की।

### 15 लीटर कच्ची शराब के साथ व्यक्ति पकड़ा

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** थाना कोट कहलूर के तहत पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश ने टीम के साथ बुधवार को गांव बस्सी, दबट व मजारी की ओर रवाना थे। जब पुलिस टीम मजारी गांव में थी, तो सूचना मिली कि एक व्यक्ति प्लास्टिक कैनी में शराब लिए हुए दबट से मजारी की ओर आ रहा है। पुलिस टीम ने मजारी से लगभग एक किलोमीटर आगे पुलिया के पास नाकाबंदी की। कुछ समय बाद उक्त व्यक्ति आया। पुलिस ने उसे रोककर जब कैनी का निरीक्षण किया तो उससे यह कच्ची शराब बरामद की। आरोपी की पहचान इंद्रजीत सिंह निवासी गांव मजारी तहसील नयनादेवी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस सरकार डाल रही जनता की जेब पर डाका : त्रिलोक जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने अस्पतालों में पर्ची बनवाने से लेकर ईसीजी, एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड जैसे टेस्टों का शुल्क वसूलने के फरमान को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के साथ ही कई सुविधाओं का अभाव है। इसमें सुधार करने के बजाए कांग्रेस सरकार टैक्स पर टैक्स थोपकर प्रदेश की जनता को लगातार झटके दे रही है। सरकार ने तो कैंसर व किडनी जैसे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों, गर्भवती महिलाओं और यहां तक कि दिव्यांगों व मानसिक रोगियों को भी नहीं छोड़ा है। अब मुख्यमंत्री भले ही रोगी कल्याण समितियों को ढाल बनाकर इससे पल्लू झाड़ने का प्रयास कर रहे हों, लेकिन सरकार ने यह तुगलकी फैसला कैबिनेट सब कमेटी की सिफारिश पर ही लिया है।



व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सत्ता में आई 'मित्रों' की कांग्रेस सरकार आम जनता की जेब पर डाका डालने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। कई तरह की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को पहले 10 रुपए देकर पर्ची बनवानी होगी। इसके बाद ही डॉक्टर उनके लिए उपलब्ध हो पाएंगे। पर्ची के साथ ही ईसीजी, एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड जांच के लिए भी उन्हें जेब ढीली करनी पड़ेगी। कांग्रेस सरकार ने स्वास्थ्य संस्थानों में 14 वर्गों को दी जा रही निशुल्क डायग्नोस्टिक जांच व एक्स-रे की सुविधा भी वापस ले ली है।

# बिलासपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ

## डीसी ने चंगर स्कूल और एडीसी ने ब्वॉयज स्कूल बिलासपुर में पौधरोपण कर की शुरुआत

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर बिलासपुर जिले में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया गया। डीसी राहुल कुमार ने प्राथमिक विद्यालय चंगर में पौधरोपण कर अभियान की औपचारिक शुरुआत की, जबकि अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर ने ब्वॉयज स्कूल बिलासपुर में पौध लगाकर की।

डीसी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की है कि वे इस पहल से जुड़कर धरती को रहने योग्य बनाने और सतत विकास में योगदान दें। इसी कड़ी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया गया है, जो आगामी एक माह तक जिलेभर में चलाया जाएगा।

इस अभियान का उद्देश्य पौधरोपण को बढ़ावा देना, पर्यावरण प्रदूषण को कम करना, जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण रखना, जल और मृदा संरक्षण को सुनिश्चित करना तथा लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियान के तहत हर व्यक्ति से अपील की जा रही है कि वह एक पौधा अपनी मां के नाम समर्पित करें, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ मातृत्व के प्रति सम्मान की भावना भी प्रकट हो सके।




डीसी ने बच्ची को पौधा भेंट कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया।

चंगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 10 महिलाओं और 10 बेटियों ने पौधरोपण किया। इस मौके पर एक नवजात बेटी का जन्मदिन भी मनाया गया और डीसी ने बेटी को विभाग की ओर से पौधा भेंटकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। डीसी ने बताया कि जिले के सभी 1111 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से यह अभियान क्रियान्वित किया जाएगा। एडीसी ओमकांत ठाकुर ने कहा कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा और विद्यार्थियों को इसके लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा, उपनिदेशक उच्च शिक्षा रेनू कौशल, उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा नरेश चंदेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# जकातखाना में घर से लाखों के गहने और नकदी चोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस थाना स्वारघाट के तहत जकातखाना गांव में बुधवार रात चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने एक घर की खिड़की की ग्रिल तोड़कर पूजा वाले कमरे में रखी अलमारियों व ट्रंक से लाखों रुपए के आभूषण और नकदी चुरा ली। इस वारदात का पता सुबह चला। शिकायतकर्ता प्यार सिंह ठाकुर पुत्र दुर्गा राम, निवासी गांव दगड़ाहन, जकातखाना ने पुलिस को बताया कि रात को परिवार लगभग 11:30 बजे सो गया था। वीरवार सुबह करीब 5 बजे जब वह पूजा करने कमरे में पहुंचे, तो दोनों अलमारियों के लॉक टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी में रखी अटैची और कमरे में रखा ट्रंक उठा ले गए, जिसमें करीब 25 से 30 हजार रुपए मूल्य के हार रखे हुए थे। सोने की दो पुरुष अंगुठियां, दो महिला अंगुठियां, दो जोड़ी बालियां, एक चक्क, एक चेन, एक बेसर, चांदी की दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी कंगन और नकद 5,000 भी चोरी हो गए। अटैची और ट्रंक खेत में अलग-अलग स्थानों पर मिले। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### छतराड़ी विद्यालय के उत्थान को भेंट किया 11 हजार का चेक



अनंत ज्ञान, भरमौर। सीनियर सिटीजन एवं पीडब्ल्यूडी विभाग से रिटायर्ड हुए रेफलू राम ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल छतराडी के विद्यालय परिसर के विकास के लिए अपनी जेब से 11000 रुपए का चेक प्रधानाचार्य राजेंद्र ठाकुर को दिया है। विद्यालय परिसर के उत्थान के लिए इस प्रकार के सहयोग के लिए पूरे क्षेत्र में उनकी खूब प्रशंसा हो रही है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने यह चेक स्कूल के प्रिंसिपल को सौंपा है। स्कूल परिसर के विकास के लिए इस तरह की मिसाल पेश करके पूरे क्षेत्र के लिए उन्होंने अनूठी मिसाल पेश की है।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ बनीखेत ब्लॉक ने की बैठक

अनंत ज्ञान, डलहौजी। हिम आंचल पेंशनर संघ बनीखेत की बैठक लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह बनीखेत में की गई। इस अवसर पर पेंशनरों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और वर्षों से लंबित मांगों को लेकर अपनी समस्या सरकार के समक्ष रखी। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष मदनलाल अरोड़ा ने की। पेंशन के अनुसार 2016 से 21 तक के एरियर की राशि अभी तक जारी नहीं की गई है। जिससे कि पेंशन भोगी काफी प्रभावित है। संघ ने मांग की है कि यह राशि जल्द से जल्द जारी की जाए।

### एनएसयूआई चंबा की जिला स्तरीय इकाई गठित



अनंत ज्ञान, चंबा। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ने गुरुवार को ज़िला चंबा में नई ऊर्जा और जोश के साथ अपनी ज़िला स्तरीय इकाई का औपचारिक गठन किया। ज़िला अध्यक्ष मुकेश शर्मा द्वारा गठित इस संगठनात्मक इकाई में ज़िले भर के विभिन्न महाविद्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों से चुने गए कुल 54 कर्मठ एवं समर्पित युवाओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। गठित कार्यकारिणी में 7 उपाध्यक्ष, 15 महासचिव, 17 सचिव, 12 सह-सचिव तथा 4 प्रेस एवं मीडिया प्रभारी शामिल हैं। यह नई टीम आने वाले समय में जिले भर के छात्रों की समस्याओं को मजबूती से उठाने का कार्य करेगी। इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा, एनएसयूआई सदैव छात्र हितों की रक्षा के लिए अग्रसर रही है और हम आने वाले समय में भी छात्रों की आवाज को हर मंच पर बुलंद करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष टोनी व प्रदेश प्रभारी मुनीश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में चंबा ही नहीं बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश में छात्र अधिकारों की रक्षा के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

### करसोग कॉलेज में होगी मॉकड्रिल : गौरव

अनंत ज्ञान, करसोग। मॉनसून सीजन को देखते हुए आपदा जोखिम न्यूनीकरण व सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्परता सुनिश्चित करने के संबंध में एसडीएम करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों व आईआरटी सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने कहा कि वीरवार को प्रस्तावित मॉक ड्रिल का आयोजन राजकीय महाविद्यालय करसोग में किया जाएगा और यह मॉक ड्रिल आगजनी की घटना पर आधारित होगी। मॉक ड्रिल के सफल आयोजन को लेकर एसडीएम ने स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशमन विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों के साथ उपमंडल स्तर पर विभिन्न विभागों से गठित 27 सदस्यीय आईआरटी टीम के सदस्यों को मॉक ड्रिल के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि मॉक ड्रिल को प्रभावी बनाया जा सके।

### कृष्णानगर की टीम बनी क्रिकेट विजेता

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। ग्राम पंचायत खदर के चकरोड़ मैदान में सुमति समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट ट्रॉफी का समापन वीरवार को सम्पन्न हुआ। इस समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में जोगिंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी केके सकलानी ने शिरकत की। प्रतियोगिता के अंतर्गत त्रिवेणी महादेव बनाम कृष्णानगर के मैच में कृष्णानगर ने 8 रन से जीत दर्ज की। वहीं तुलाह बनाम मंगडोल मुकाबले में तुलाह ने 3 विकेटों से जीत हासिल की। फाइनल में ठारा व कृष्णानगर के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें कृष्णानगर की टीम ने 5 रन से विजय प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत रोपे जाएंगे एक लाख पौधे



पौधरोपण के दौरान मौजूद उपायुक्त व साथ हैं अन्य।

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

चंबा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय चंबा के हरदासपुरा पार्क में एक विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर परिषद चंबा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर हरदासपुरा चौंक के समीप नगर परिषद पार्क, रैवेन्यू कॉलोनी व इसके आसपास के क्षेत्रों तथा नालियों इत्यादि की विस्तृत सफाई की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त चंबा ने जानकारी दी कि विश्व पर्यावरण दिवस के मद्देनजर लगभग पिछले एक सप्ताह से नगर परिषद चंबा व डलहौजी तथा नगर पंचायत चुवाड़ी के विभिन्न वार्डों में निरंतर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं तथा इसी क्रम में आज हरदासपुरा पार्क में भी एक बड़े स्तर के स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त आज के खास मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान भी शुरू किया जा रहा है जिसमें जिला चंबा में शिक्षण संस्थाओं के अलावा विभिन्न स्थानों पर वन विभाग के सहयोग से लगभग एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर उपायुक्त ने हरदासपुरा में पौधारोपण भी किया।

इस स्वच्छता कार्यक्रम में एसी टू डीसी पृथ्वी पाल सिंह, जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह, , जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश ठाकुर, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल हुए।

## हरियाली और संरक्षण का दिया संदेश

चंबा। सामाजिक संस्था 'प्रयास- एक जरिया' ने चंबा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था के प्रतिनिधियों ने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, पर्यावरण के प्रति जागरूक बनें और अपने आसपास की स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा, प्रकृति हमारी सबसे अमूल्य धरोहर है, और इसके संरक्षण हेतु हमें एकजुट होकर ठोस कदम उठाने होंगे।

## बच्चों ने मनाया पर्यावरण दिवस

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांधा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों सहित सभी बच्चों ने कई प्रकार की प्रतियोगिताएं करके समाज को पर्यावरण स्वच्छ बनाने का दिया। संदेश बच्चों ने कई प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लिया, भाषण प्रतियोगिता, चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता,साथ में ' एक पेड़ मां के नाम ' (पेड़ लगा कर)और अंत में एक रैली के माध्यम से लोगों तक पर्यावरण स्वच्छता का संदेश पहुंचाया।

वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छतराड़ी में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। वहीं एनएसएस इकाई के लगभग 62 स्वंयसेवियों व समस्त छात्रों ने रैली कर लोगों को किया जागरूक ।

## भाषण में प्रियांशी प्रथम

अनंत ज्ञान, भरमौर। विश्व पर्यावरण दिवस पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल होली में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में जूनियर छठी से आठवीं तक की प्रतियोगिता में प्रियांशी सुभाष सदन से प्रथम स्थान पर रही और अंकित आजाद हाउस से दूसरे स्थान पर रही। इसी तरह सीनियर कशिश भक्त सदन से प्रथम स्थान पर रही और सिमरन पटेल हाउस से दूसरे स्थान पर रही। सीनियर सेकेंडरी भाषण प्रतियोगिता में नीतिका क्लास प्लस वन आजाद हाउस से प्रथम स्थान पर रही और तमन्ना क्लास प्लस टू पटेल हाउस से दूसरे स्थान पर रही। साथ ही विद्यालय में पर्यावरण के ऊपर क्विज कंपटीशन का भी आयोजन किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें कशिश कक्षा दसवीं पहले स्थान पर रही तथा नीतिका कक्षा प्लस टू द्वितीय स्थान पर रही है अंत में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें वंशिका कक्षा दसवीं पहले स्थान पर रही तथा कृतिका कक्षा 11वीं दूसरे स्थान पर रही । प्रधानाचार्य विनोद ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण से संबंधित जानकारी सांझा की और पहले और दूसरे स्थान पर रहने वाले छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किए।

## चमेरा पावर स्टेशन में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण



अनंत ज्ञान, चंबा। एनएचपीसी लिमिटेड एक नवरत्न कंपनी के चमेरा-।।। पावर स्टेशन, धरवाला में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य व प्रेरणादायक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पावर स्टेशन परिसर हरियाली से महक उठा और पर्यावरण संरक्षण की ओर एक ठोस कदम बढ़ाया गया। कार्यक्रम की अगुवाई परियोजना प्रमुख एवं समूह महाप्रबंधक (विद्युत) राजिल व्यास ने की। उन्होंने पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारियों, इंजीनियरों व कर्मचारियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। पूरे परिसर में प्रकृति प्रेम का उत्सव देखा गया, जिसमें सभी ने भागीदारी निभाई।

## डलहौजी हिल टॉप स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली




**तलविंद्र सिंह, अनंत ज्ञान**

डलहौजी। डलहौजी हिलटॉप स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। स्कूल की अध्यक्ष पूनम राय धवन ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा अब हमारा वैकल्प ही नहीं बल्कि हमारी जिम्मेदारी है । उन्होंने कहा कि डलहौजी नगर परिषद के सहयोग से छात्रों ने एक जागरूक रैली में भाग लिया। अध्यक्ष पूनम राय धवन ने समस्त छात्रों एवं स्टाफ के साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन शैली को अपनाने की शपथ ली।

## विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

अनंत ज्ञान, भटियात। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता बढ़ाने वाली गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः कालीन सभा में हुई, जहां विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रों के लिए नाटक और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने रचनात्मकता का उत्कृष्ट समन्वय दिखाया। कार्यक्रम के समापन पर इको क्लब प्रभारी अंकुश शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

## युवाओं ने पौधा लगाकर मनाया पर्यावरण दिवस

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान**

भटियात। पर्यावरण संरक्षण की ओर एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए मंदरिहार गांव के युवाओं ने इस वर्ष भी पर्यावरण दिवस को खास अंदाज़ में मनाया। गांव की बावडी के पास युवाओं ने मिलकर पीपल का पौधा रोपित किया, जिसे भारतीय संस्कृति में जीवनदायी वृक्ष माना जाता है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पौधा लगाकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हुईं। गांव के युवाओं द्वारा पर्यावरण जागरूकता का यह प्रयास लोगों के लिए प्रेरणा बना। पौधारोपण के उपरांत हर वर्ष की



तरह इस बार भी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन स्वयंसेवकों और ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। इस मौके पर विजय पाल ,सुनील शर्मा, राजेश शर्मा, मोहित शर्मा, अंकुश शर्मा, विश्वेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।




## भरमौर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, भरमौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उप मंडल भरमौर में एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार भरमौर तेजराम ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छता को बढ़ावा देना था। सफाई अभियान के अंतर्गत सचिवालय परिसर और उससे संबंधित विभागों के कार्यालयों में व्यापक साफ-सफाई की गई। तहसीलदार तेजराम ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी की साझां जिम्मेदारी है। इस दौरान तहसीलदार भरमौर तेजराम की अध्यक्षता में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर द्वारा पट्टी सचिवालय से चौरासी परिसर तक स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

## बच्चों ने निकाली रैली

चंबा।राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लड्डा में पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। पाठशाला के छात्रों ने सबसे पहले पाठशाला परिसर से निकटवर्ती गांव लनोथा, अमेंथा, आहनी, अटाला तथा गुवाड़ी के गांवों तक पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली इसके पश्चात सभी छात्रों ने निकटवर्ती गांवों से प्लास्टिक वेस्ट भी एकत्रित किए साथ ही बच्चों को पाठशाला से कुछ दूर स्थित पौधशाला का भ्रमण भी करवाया गया। वहां से कुछ पौधे लाए गए तथा पाठशाला के आसपास पौधारोपण भी किया गया। प्रधानाचार्य अजय ने बच्चों को पर्यावरण दिवस पर बच्चों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया।

अनंत Classifieds

**NOTICE**

I, Urmila Devi W/O SH. TARA CHAND NO.-15137154L RANK EX. HAV ARTY CENTRE NASIK ROAD R/O VILL. BERI BRAHMANA P.O. BHUKKAR TEH. BHORANJ DISTT. HAMIRPUR (HP) declares that my D. O. B wrongly entered as 26-06-1982 in my husband service documents. Whereas my correct DOB 29-08-1981. please note.

## बद्दी यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू : अरुणकांत

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बद्दी यूनिवर्सिटी ने चंबा में एक प्रैस कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया, जिसमें प्रोफेसर अरूणकांत पनोली, डीन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट बद्दी यूनिवर्सिटी तथा करुणेश सिंह, मार्केटिंग मैनेजर, विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने बद्दी यूनिवर्सिटी की प्रमुख जानकारी सांझा की। बद्दी यूनिवर्सिटी ऑफ एमरजिंग साइंसेज एंड टेक्नौलीज बद्दी (हिमाचल प्रदेश) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी है। यह विश्वविद्यालय हिमाचल के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में स्थित है, जो एशिया का सबसे बड़ा फार्मा स्यूटिकल हब है, और यह पिछले 23 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण, उद्योग-संरेखित एवं नवाचार प्रेरित शिक्षा प्रदान कर रहा है। विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, फार्मेसी जैसे क्षेत्रों में स्नातक व परास्नातक तक पाठ्य क्रम उपलब्ध हैं। छात्रों को आधुनिक प्रयोगशालाएं, डिजिटली सक्षम कक्षाएं, अनुभवी फैकल्टी, 'आइडिया फैक्टरी' जैसी इनोवेशन लैब, औद्योगिक विजिट्स और विशेषज्ञों के व्याख्यान के जरिए व्यावहारिक ज्ञान और रोजगार की तैयारी करवाई जाती है।

## स्वास्थ्य विभाग को मिली अत्याधुनिक हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



चंबा। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में चंबा जिला को एक महत्वपूर्ण तकनीकी सौगात मिली है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने जानकारी दी कि निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्ट्स,) योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग को अत्याधुनिक अल्ट्रापोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन प्रदान की गई है, जो ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों में टीबी जैसी गंभीर बीमारियों की त्वरित पहचान में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। डॉ. ठाकुर ने बताया कि यह नई तकनीक स्वास्थ्य विभाग को टीबी उन्मूलन अभियान को मजबूती देने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। अब दूरस्थ क्षेत्रों में भी बिना बड़े उपकरणों के मरीजों की त्वरित एक्स-रे जांच संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यह मशीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित निक्षय शिविरों में टीबी की स्क्रीनिंग के लिए विशेष रूप से उपयोग में लाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह भी बताया कि इससे पहले हुडको द्वारा दिसंबर माह में एक ऐसी ही मशीन विभाग को प्रदान की गई थी, जिसका उपयोग 100 दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग अभियान में किया गया। उस अभियान में 14,257 उच्च जोखिम समूहों की स्क्रीनिंग की गई, जिससे संभावित संक्रमणों की शीघ्र पहचान हो सकी। अब इस नई अल्ट्रापोर्टेबल मशीन के मिलने से जिला स्वास्थ्य विभाग को दूसरी यूनिट प्राप्त हो गई है, जिससे टीबी जांच व्यवस्था को नया आयाम मिलेगा और मरीजों को उनकी दहलीज़ पर ही त्वरित निदान की सुविधा मिल सकेगी।

## रायपुर स्कूल के आदित्य शर्मा ने राज्य स्तर पर लहराया परचम

**अनंत ज्ञान, भटियात**

पीएम श्री रायपुर स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र आदित्य शर्मा ने 32वीं राज्य स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस, जो ढलयारा कॉलेज में आयोजित हुई, में राइटिंग प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे चंबा जिले को राज्य स्तर पर सम्मान दिलाया। आदित्य शर्मा ने अपने लेख में पारंपरिक भारतीय ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के गूढ़ संबंधों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक प्रासंगिकता के साथ प्रस्तुत किया।



### सूडोकू नवताल- 7452 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7451 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## सरकाघाट ने दिल्ली और छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को हराया

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट बास्केटबॉल क्लब द्वारा पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में आयोजित अखिल भारतीय अंडर-19 महिला बास्केटबॉल टूर्नामेंट में सरकाघाट ने दिल्ली को एक तरफा मुकाबले में हराया। प्रतियोगिता का ओपनिंग मैच सरकाघाट और दिल्ली के बीच हुआ जिसमें सरकाघाट ने दिल्ली को 40 अंकों से हराया दिल्ली सरकाघाट के 54 बास्केट के बदले मात्र 14 बास्केट ही कर सका।

दूसरा मैच छत्तीसगढ़ और हिमाचल में खेला गया, जिसमें हिमाचल को छत्तीसगढ़ ने 54 के मुकाबले 29 बास्केट से शिकस्त दी इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय वूमेन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल, कांगडा सरकाघाट, और पंजाव, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, छतीसगढ़ जेएडके सहित आठ टीमों के 100 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रही है। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस पार्टी कमेटी के पुर्व महासचिव पवन ठाकुर ने किया टूर्नामेंट के संयोजक एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी व स्पोर्ट्स गर्ल्स हॉस्टल के कोच राकेश कुमार ठाकुर व अन्य सहयोगियों ने पवन ठाकुर को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और इस प्रतियोगिता के बारे में मुख्यातिथि को अवगत करवाया। और बताया कि यह टूर्नामेंट 5 जून से 7 जून तक चलेगा।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

6 जून, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वावसु), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** चतुर्थी (21:23): **नक्षत्र** पुनर्वसु (21:29), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** व्यतीपात (10:13) **शुभ मुहूर्त**, अभीजित (11:51-12:47), **राहुकाल** (10:35-12:19)।

**विशेष दिन**

- 6 जून 2025 नमाणी एकादशी आज।
- 7 जून 2025 चम्पक द्वादशी कल।

**मेष:** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृषभ:** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**मिथुन:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कर्क:** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह:** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा।

**कन्या:** पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला:** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुका पैसा भी सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**वृश्चिक:** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा।

**धनु:** आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**मकर:** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सुखी से किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कुंभ:** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखियें।

**मीन:** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। देर करें की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**कार्यालय व अदालत उपमंडल समाहर्ता एवं उपमंडल अधिकारी (ना.) इन्दौरा, जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

**इश्तहार/नोटिस** दिनांकः 04-06-2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मेहर सिंह पुत्र श्री जगतू निवासी गांव व डा. लोधवां, उप तहसील गंगथ, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ने एक प्रार्थना पत्र उपायुक्त महोदय कांगड़ा स्थित धर्मशाला के कार्यालय में गुजारा है कि उनकी भूमि खाता नं. 17-56-10-3 महाल व मौजा लोधवां, उप तहसील गंगथ, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में कुल भूमि 817 कनाल 1 मरला भूमि हिमाचल प्रदेश भू जोत अधिकतम सीमा अधिनियम 1972 के तहत सरकार हिमाचल प्रदेश में निहित हुई थी मुताबिक छानवीन नायव तहसीलदार गंगथ से पाया गया कि प्रार्थी 15 कनाल 6 मरले पर किसी दीगर मालिक की भूमि पर गुजारा था इस प्रकार प्रार्थी को कुल 198 कनाल 15 मरले भूमि प्राप्त हुई है जो कि 30 एकड़ से 117 कनाल 15 मरले कम है प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उपायुक्त महोदय कांगड़ा स्थित धर्मशाला के कार्यालय पत्र सं. 1279/भू.सु.शा-Ceiling-Misc दिनांक 25.07.2024 द्वारा उपमंडल समाहर्ता इंदौरा को निर्देश जारी किए गए हैं कि प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर नियम अनुसार कार्यवाही करें। उपमंडल समाहर्ता इंदौरा ने मामले बारे विस्तृत रिपोर्ट नायव तहसीलदार गंगथ से करवाई गई मुताविक रिपोर्ट नायव तहसीलदार गंगथ की विस्तृत रिपोर्ट उनके कार्यालय पत्र सं. 38/का.का. दिनांक 20.01.2025 द्वारा प्राप्त हुई है। रिपोर्ट नायव तहसीलदार गंगथ अनुसार प्रार्थी की श्री मेहर सिंह पुत्र जगतू, निवासी गांव व डाकघर लोधवां उप तहसील गंगथ जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश की कुल 117 कनाल 15 मरले वास्तविक भूमि व 23 कनाल 10 मरले गैर मुमकिन भूमि हिमाचल प्रदेश भू जोत अधिकतम सीमा अधिनियम 1972 के तहत सरकार हिमाचल प्रदेश में निहित होने की पुष्टि की है जोकि नियमानुसार निहित हुई है अतः इस इश्तहार के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मेहर सिंह पुत्र जगतू निवासी गांव व डाकघर लोधवां, उप तहसील गंगथ, जिला कांगड़ा हि.प्र. कि कुल 117 कनाल 15 मरले वास्तविक भूमि व 23 कनाल 10 मरले गैर मुमकिन भूमि जोकि भू जोत अधिकतम सीमा अधिनियम 1972 के तहत सरकार हि.प्र. में निहित हुई है, को उनके पक्ष में वहाल करने बारे अगर किसी व्यक्तियों को कोई उजर या एतराज हो तो दिनांक 05.07.2025 तक या इससे पहले किसी भी कार्य दिवस में उपमंडल समाहर्ता एवं उपमंडल अधिकारी ना. इंदौरा के कार्यालय में हाजिर आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकता है। अन्यथा नियमअनुसार उपरोक्त भूमि को प्रार्थी के नाम स्थानांतरित करने के आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे। आज दिनांक 04.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी हुआ।

हस्ता/-
उपमंडल समाहर्ता एवं उपमंडल अधिकारी ना.
इंदौरा जिला कांगड़ा हि.प्र.

**व अदालत सहायक समाहर्ता एवं तहसीलदार तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा (हि.प्र.)**

मिसल नम्बर /तहसील/रीडर/2025
तारीख पेशी 8-6-2025
मिसल नम्बर /तहसील/रीडर/2025
तारीख पेशी 8-6-2025

उषा देवी पुत्री कमला through G.P.A सकन्द वर्नवाल पुत्री जयदेव निवासी कोर्ट रोड डलहौजी तहसील डलहौजी जिला चम्बा (हि.प्र.) ....प्रार्थी

वनाम

[5] भुवन कुमारी विधवा कन्हैया [8] चंदू लाल पुत्र धनी राम [9] मंजीत कुमार पुत्र देश राज [10] राकेश कुमार पुत्र देश राज [11] पवन कुमार पुत्र देश राज [12] विमला देवी विधवा देश राज [13] बलदेव पुत्र नारों देवी [14] शक्ति पुत्र नारों देवी [15] सुभाष पुत्र नारों देवी [16] ओम प्रकाश पुत्र नारों देवी [17] बिमला देवी पुत्री नारों देवी [21] रणवीर सिंह पुत्र हरी सिंह [22] पवन कुमार [23] सीवो देवी [24] सोम लता [6] विजय कुमार [7] तमन्ना कुमारी [12] योगवाला निवासी गाँव/मुहल्ला राजपुरा परगना राजनगर तहसील व जिला चम्बा [हि.प्र.] ....प्रतिवादीगण

**अनुवान मुकद्दमाः-** दरखास्त तकसीम भूमि जेर धारा 123 हि.प्र. भू-राजस्व अधिनियम 1954 वावत खाता/खतौनी नम्बर 313/355 खसरा नम्बर 1382/1061 किता 1 रक्वा तादादी 02-01-00 वीघा व् खाता/खतोनी नम्वर 312/353 खसरा नम्बर 999 किता । रकवा तादादी 02-12-00 वाकया मुहाल हरीपुर परगना राजनगर तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा [हि. प्र.]

उपरोक्त अनुवान मुकद्दमा में प्रार्थीया श्रीमति उषा देवी पुत्री कमला through G.P.A सकन्द वर्नवाल पुत्री जयदेव निवासी कोर्ट रोड डलहौजी तहसील डलहौजी जिला चम्बा [हि.प्र.] ने वाक्या मुहाल हरीपुर के खाता/खतौनी नम्बर 313/355 खसरा नम्बर 1382/1061 किता 1 रकवा तादादी 02-01-00 वीघा व् खाता/खतोनी नम्वर 312/353 खसरा नम्बर 999 किता 1 रकवा तादादी 02-12-00 वीघा मुश्तरका भूमि की तकसीम वारा आवेदन किया है, जो की अदालत में विचाराधीन है। प्रतिवादीगण क्रम संख्या [5] भुवन कुमारी विधवा कन्हैया [8] चंदू लाल पुत्र धनी राम [9] मंजीत कुमार पुत्र देश राज [10] राकेश कुमार पुत्र देश राज [11] पवन कुमार पुत्र देश राज [12] विमला देवी विधवा देश राज [13] बलदेव पुत्र नारों देवी [14] शक्ति पुत्र नारों देवी [15] सुभाष पुत्र नारों देवी [16] ओम प्रकाश पुत्र नारों देवी [17] बिमला देवी पुत्री नारों देवी [21] रणवीर सिंह पुत्र हरी सिंह [22] पवन कुमार [23] सीवो देवी [24] सोम लता [6 विजय कुमार [7] तमन्ना कुमारी [12] योगवाला] को इस न्यायालय के द्वारा समन जारी करने उपरान्त भी नियमानुसार समन की तामील न हो रही है। प्राथीया उक्त प्रतिवादीगण का सही पता देने वारा असमर्थ है । अदालत को यकीन हो चुका है कि, उक्त प्रतिवादीगण को साधारण तरीके से समन की तामील होना संभव न है । अतः प्रतिवादीगण को वजरिया ईश्तहार अखवारी आर्डर 5. रुल 20 जावता दीवानी सूचित किया जाता है कि, दरखास्त तकसीम में कोई उजर व एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपनी आपति इस अदालत में को सुबहः 10:00 बजे पेश कर सकता है। वसूरत गैर हाजरी हस्व जावता कार्यवाही अम्ल में लाई जावेगी ।

आज दिनांक 8-5-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायलय जारी हुये है।

सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी
प्रथम श्रेणी एवं तहसीलदार तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा (हि.प्र.)

**व अदालत तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा (हि. प्र.)**

गुरदेव सिंह पुत्र लोहकू राम आदि महाल जौंटा तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. .....वादी

बनाम

जसवन्त सिंह पुत्र विश्नो देवी आदि गांव सल्यारा डा. जौंटा, तह. नूरपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. .....प्रतिवादीगण

प्रार्थना पत्र तकसीम भूमि खाता नं. 32 खतौनी नंबर 68 ता 70 किता 3 रकबा तादादी 0-7-93 हे.मी. महाल जौंटा तह. नूरपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.

इश्तहार अखबार बनाम प्रतिवादी नं. 5. अनीता देवी प्रतिवादी नं. 6 कालू देवी उर्फ काला देवी पुत्रीयां जगदीश सिंह पुत्र रसाल सिंह, महाल सल्यारा डा. जौंटा तह. नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

उपरोक्त मुकदमा तकसीम में प्रतिवादी नं. 5. अनीता देवी प्रतिवादी नं. 6 कालू देवी उर्फ काला देवी पुत्रीयां जगदीश सिंह पुत्र रसाल सिंह, महाल सल्यारा डा. जौंटा तह. नूरपुर को उक्त मुकदमा तकसीम में इस अदालत से कई बार सम्मन जारी हुए। परंतु तामील सम्मनात नियमानुसार न हो सकी। इस अदालत को अब विश्वास हो चुका है कि उक्त प्रतिवादीगण को तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है। अतः उक्त प्रतिवादी नं. 5. अनीता देवी प्रतिवादी नं. 6 कालू देवी उर्फ काला देवी पुत्रीयां जगदीश सिंह पुत्र रसाल सिंह, महाल सल्यारा डा. जौंटा तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा (हि. प्र.) को इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 19.06.2025 को सुबह 12:00 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर पैरवी प्रार्थना पत्र तकसीम करें। हाजिर न आने की सूरत में उनके खिलाफ नियमानुसार एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। आज दिनांक 05.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

हस्ता./-
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी
नूरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.

**अदालती नोटिस**

**ब अदालत नायब-तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

मुकदमा न. 10/NT/25
तारीख पेशी:- 10.06.2025

श्री मिचनु राम पुत्र संसार चन्द निवासी गांव व डा घुग्गर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा

बनाम

आम जनता

प्रार्थना पत्र वराये नाम दरुस्ती राजस्व रिकॉर्ड श्री मिचनु राम पुत्र संसार चन्द निवासी गांव व डा घुग्गर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरे नाम भूमि खाता नम्बर 84, खतौनी नम्बर 184, खसरा नम्बर 1690 रकवा तादादी 0-01-61 हैक्टे महाल घुग्गर मौजा चौकी में प्रार्थी का नाम लोहकू राम पुत्र झुणकू पुत्र सोहन दर्ज कागजात माल है, जबकि प्रार्थी के आवश्यक दस्तावेजों में प्रार्थी का नाम मिचनु राम पुत्र झुणकू है।

अतः सर्व साधारण को इतलाह बजरिया मुस्त्री मुनादी करवा कर एक परत रुबरू बाई गेट या चौकीदार हल्का रस्सा सरेआम में चस्पा करें व दूसरी परत बाद रिपोर्ट दिनांक 10.06.2025 से पहले-पहले अदालत हजा में वापिस करें।

आज दिनांक 5/6/25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बहरी विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बहरी में वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा किये जाने वाले समस्त विकास कार्यों के निर्माण हेतु समस्त सामग्री की सप्लाई के लिए डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में निविदाएं दिनांक- 05/06/2025 से 19/06/2025 सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **सामग्री का विवरण इस प्रकार से है:-** 1. क्रेशर रेत (प्रति घन मीटर) 2. क्रेशर बजरी 20एमएम, 40एमएम, 10एमएम (प्रति घन मीटर) 3. गोला पत्थर सोलिंग (प्रति घन मीटर) 4. टुकड़ें पत्थर (प्रति घन मीटर) 5. सीमेंट किराया प्रति बेग की दर धर्मपुर से कार्यस्थल तक / सीमेंट चढाई उतराई 6. जेसीबी कटिंग(प्रति घन मीटर) 7. सेटरिंग (प्रति वर्ग मीटर) 8. सेटरिंग (प्रति रनिंग मीटर) 9. ईंट (प्रति नग) 10. सरिया (प्रति किलो)11. साईन बोर्ड 3×4 लिखाई सहित। **नियम व शर्तें:-** निविदाएं ग्राम पंचायत बहरी के कार्यालय में डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में दिनांक 19-06-2025 को सायं 5:00 बजे तक प्रधान /सचिव के पास पहुँचा जानी चाहिए। इसके उपरांत प्राप्त होने वाली निविदाएं मान्य नहीं होंगी। सामग्री सप्लाई ग्राम पंचायत के समस्त वार्डों में कार्यस्थल तक करनी होगी। और खड्ड व नदी का रेता, बजरी मान्य नहीं होगा और इसकी अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जाएगी। सप्लायर अपना बैंक खाता संख्या व जीएसटी/टिन नं. व लाईसेंस का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है जीएसटी/टिन नं. निविदादाता को प्राथमिकता दी जाएगी और निविदादाता को अपनी निविदा के साथ ग्राम पंचायत के नाम धरोहर राशि सुरक्षित प्रतिभूति राशि मु.-50,000/-का ड्राफ्ट एफडी निविदा सहित डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में उपरोक्त समय अवधि के भीतर पहुंचा जानी चाहिए। अधूरी निविदाएँ मान्य नहीं होंगी। निविदादाता द्वारा दी गई निविदाओं को रद्द करने या कटिंग की गई है तो निविदादाता द्वारा कटिंग सत्यापित होनी चाहिए। ग्राम पंचायत को निविदा रद्द करने का अधिकार होगा। स्वीकृत होने वाली निविदा के निविदादाता अगर किसी कारणवश सामग्री देने में असमर्थ रहता है तो ठेका सप्लाई ऑर्डर देने के बाद 7 दिन के बाद कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। और एल-2 दूसरे नम्बर के सप्लायर को मौका दिया जायेगा। इसकी कोई अपील व दलील नहीं सुनी जायेगी। और निविदादाता को रेत व बजरी के बिल के साथ एम फार्म देना होगा बिना एम फार्म के किसी भी बिल की अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जाएगी। निविदाएं दिनांक- 20-06-2025 को प्रातः 11:00 बजे समस्त पंचायत पदाधिकारियों व कमेटी, तथा निविदादाता के सामने ही सभी निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेंगी। और निविदा को रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बहरी
विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी हि.प्र.

> **जीवन** की चुनौतियों से बचने की बजाए उनका निडर होकर सामना करने की हिम्मत मिले, इसकी प्रार्थना करनी चाहिए। –**रवींद्रनाथ टैगोर**

## संपादकीय

# पर्यावरण दिवस का औचित्य

हर वर्ष की तरह इस बार भी विश्व पर्यावरण दिवस हर देश में मनाया गया, लेकिन इस दिवस को मनाने का औचित्य तभी सार्थक हो सकता है जब हर व्यक्ति पर्यावरण के प्रति संजीदा हो। हिमाचल में प्लास्टिक का कचरा फैलाने या फिर उसका उपयोग करने वालों का चालान काटने तक के लिए ऐप लांच किया गया, लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐप से चालान काटने से प्लास्टिक पर नियंत्रण हो पाएगा? जो पर्यटक हिमाचल आकर जहां–तहां कूड़ा–कचरा और प्लास्टिक की बोतलें फेंककर चले जाते हैं उनका क्या? इस तरह के प्लास्टिक वेस्ट को ठिकाने लगाने के लिए सरकार के पास क्या कोई ठोस योजना है? हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का असल उद्देश्य है लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और पृथ्वी के संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाना। यह दिन तभी सार्थक हो सकता है जब इसे केवल औपचारिकताओं तक सीमित न रखकर व्यवहारिक स्तर पर क्रियान्वित किया जाए। हिमाचल प्रदेश एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां हर साल लाखों पर्यटक आते हैं, परंतु ये पर्यटक कई बार पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार नहीं करते। ट्रैकिंग रूट्स, मंदिर परिसर, झीलें, जंगल और पहाड़ प्लास्टिक की बोतलों, रैपर, थैलियों और अन्य कचरे से पटे होते हैं।

इससे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि जैव विविधता, वन्यजीव और जल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्लास्टिक के उपयोग और कचरे के प्रसार को रोकने के लिए बेशक एक मोबाइल ऐप लांच किया है, जिसके माध्यम से प्लास्टिक फैलाने वालों का चालान काटा जा सकता है, मगर अभी भी बहुत किया जाना शेष है। यह एक आधुनिक तकनीकी पहल है जो डिजिटल निगरानी और दंड प्रक्रिया को आसान बनाती है। ऐप के जरिए आम नागरिक भी फोटो खींचकर रिपोर्ट कर सकते हैं, जिससे सरकारी एजेंसियों को त्वरित कार्रवाई में मदद मिलती है। ऐप से चालान काटना एक सराहनीय कदम है, लेकिन यह समाधान का अंत नहीं है। यह केवल एक निगरानी और दंडात्मक उपाय है। वास्तविक नियंत्रण के लिए व्यापक जन–जागरूकता, व्यवहार परिवर्तन और प्रभावी कचरा प्रबंधन नीति की आवश्यकता है। कई बार ग्रामीण क्षेत्रों में या ऊंचाई वाले दुर्गम इलाकों में इन ऐप्स की पहुंच सीमित होती है और वहां पर प्रशासन की निगरानी भी कम होती है। इसके अलावा, केवल दंड देने से मानसिकता नहीं बदल सकती है। प्लास्टिक उपयोग पर नियंत्रण के लिए वैकल्पिक उत्पादों का प्रचार–प्रसार और लोगों को उनके फायदे बताना जरूरी है।

हिमाचल सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर भी प्रतिबंध लगा रखा है और कई जगहों पर प्लास्टिक वेस्ट को सड़क निर्माण में उपयोग करने की कोशिशें हुई हैं। यही नहीं, कुछ जिलों में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट्स स्थापित की गई हैं जो प्लास्टिक को रिसाइकिल या ईंधन में परिवर्तित करती हैं। हालांकि, ये प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन ये पर्याप्त नहीं हैं। बहुत सारे ग्रामीण और पर्यटन क्षेत्र ऐसे हैं जहां कूड़ा उठाने की कोई नियमित व्यवस्था नहीं है। पहाड़ी क्षेत्रों में ट्रांसपोर्ट और श्रमिकों की कमी के कारण कचरा निपटान एक बड़ी चुनौती बन जाता है। सरकार को एक समन्वित योजना बनानी होगी जिसमें स्थानीय पंचायतें, पर्यटन विभाग, नगर निकाय, और गैर–सरकारी संगठन मिलकर काम करें। केवल सरकार ही नहीं, स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। गांव और कस्बों में स्वयं सहायता समूह और स्कूल–कॉलेज के छात्र मिलकर सफाई अभियान चला सकते हैं।

क्लीन टूरिज्म को बढ़ावा देना जरूरी है, जहां पर्यटक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना पर्यटन का आनंद लें। इसके लिए होटलों और गाइड्स को पर्यावरणीय प्रशिक्षण दिया जा सकता है। लंबे समय तक प्रभावी समाधान के लिए लोगों की मानसिकता में बदलाव लाना होगा। इसके लिए स्कूल स्तर से ही पर्यावरण शिक्षा को व्यवहारिक तरीके से सिखाया जाना चाहिए। पंचायत स्तर पर पर्यावरण दिवस को केवल भाषणों तक सीमित न रखते हुए स्थानीय पर्यावरण सुधार की परियोजनाएं शुरू करनी होंगी। विश्व पर्यावरण दिवस तभी सार्थक होगा जब वह केवल प्रतीकात्मक न रह जाए। हिमाचल प्रदेश जैसे सुंदर और संवेदनशील राज्य में प्लास्टिक कचरे पर नियंत्रण पाने के लिए एक बहु–आयामी रणनीति की आवश्यकता है जिसमें तकनीक, नीति, शिक्षा, सामाजिक भागीदारी और प्रतिबद्धता सभी का समावेश हो। ऐप से चालान काटना एक कदम है, लेकिन असली लड़ाई लोगों के मन में लड़नी होगी। जब हर नागरिक, पर्यटक और संस्था यह समझे कि पर्यावरण की रक्षा उसकी जिम्मेदारी है, तभी पर्यावरण दिवस वास्तव में एक उत्सव बन सकेगा। पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य भी तभी पूरा होगा जब आम नागरिक, पर्यटक, सरकार और संस्थाएं मिलकर पर्यावरण की रक्षा के लिए गंभीर प्रयास करें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्म अभिनेता

**सुनील** दत्त भारतीय सिनेमा में एक ऐसे अभिनेता थे जिनको पर्दे पर देख एक आम हिंदुस्तानी अपनी जिंदगी की झलक देखता था। सुनील दत्त 2004–05 के दौरान भारत सरकार में युवा मामलों और खेल विभाग में कैबिनेट मंत्री भी रहे। सुनील दत्त का वास्तविक नाम बलराज रघुनाथ दत्त था। हिंदी सिनेमा जगत में सुनील दत्त को एक ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने फिल्म निर्माण, निर्देशन और अभिनय से लगभग चार दशक तक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।सुनील दत्त ने 'मदर इंडिया' फिल्म की शूटिंग के दौरान एक आग की दुर्घटना में नर्गिस को अपनी जान की परवाह किए बिना बचाया। इस हादसे में सुनील दत्त काफी जल गए थे तथा नर्गिस पर भी आग की लपटों का असर पड़ा था। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनके स्वस्थ होकर बाहर निकलने के बाद दोनों ने शादी करने का फैसला कर लिया। नर्गिस 11 मार्च, 1958 में सुनील दत्त की जीवन संगिनी बन गई। 25 मई, 2005 को हृदय गति रुकने के कारण बांद्रा स्थित उनके निवास स्थान पर देहांत हो गया। ■



**सुनील दत्त**
**जन्म :** 6 जून, 1929
**मृत्यु :** 25 मई, 2005



कविता

### पेड़ लगाओ

राकेश डोगरा, गांव कौना हल्दरा, पालमपुर

*पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ सारे मिलकर पेड़ लगाओ।*
*पेड़ों से है सबका जीवन पेड़ ही देते हैं ऑक्सीजन।*
*जगह–जगह पर पेड़ लगाओ सारे मिलकर पेड़ लगाओ।*
*शुद्ध होगी अगर जलवायु लंबी होगी सबकी आयु।*
*यही सोचकर पेड़ लगाओ सारे मिलकर पेड़ लगाओ।*
*चाहे कैसा भी हो पौधा सबका अपना–अपना ओहदा।*
*चहूं और हरियाली लाओ सारे मिलकर पेड़ लगाओ।*
*काटें न हम भूलकर कभी इसके अंदर छिपी औषधि।*
*अपना तन–मन स्वस्थ बनाओ सारे मिलकर पेड़ लगाओ।*
*सबको एक लगाना होगा पर्यावरण बचाना होगा।*
*जन–जन में यह भाव जगाओ सारे मिलकर पेड़ लगाओ।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# दृढ़ संकल्प से अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में आई क्रांति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने न केवल अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, बल्कि हमने दृढ़ संकल्प, नवाचार और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ उन्हें हासिल भी किया है। सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे और कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान के साथ, आज भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक है। 232 मेगावाट से अधिक स्थापित और 176 मेगावाट निर्माणाधीन नवीकरणीय क्षमता होने के साथ, हम न केवल अपनी ऊर्जा से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा में बदलाव से जुड़ी वैश्विक चर्चा को सक्रिय रूप से आकार दे रहे हैं।



**लेखक : प्रहलाद जोशी**
केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री

यह प्रगति संयोग नहीं है, बल्कि यह पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए साहसिक सुधारों, समयबद्ध फैसलों और स्पष्ट दीर्घकालिक दृष्टिकोण का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास एक मजबूत नवीकरणीय ऊर्जा इकोसिस्टम बनाने का एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा को वैश्विक प्राथमिकता बनने से बहुत पहले बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं का बीड़ा उठाया था। 2014 में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने उस विजन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। नतीजतन, आज भारत सौर, पवन और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े नवाचार में एक वैश्विक लीडर के रूप में खड़ा है। पिछले वर्ष में ही, हमने राष्ट्रीय ग्रिड में रिकॉर्ड 29 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी। सौर ऊर्जा क्षमता 2014 के सिर्फ 2.63 मेगावाट से बढ़कर 2025 में 108 मेगावाट से अधिक हो गई है, जो 41 गुना की आश्चर्यजनक वृद्धि है। पवन ऊर्जा क्षमता भी 51 मेगावाट को पार कर गई है।

देश भर में फैली इन परियोजनाओं को अब एकीकृत पारेषण प्रणाली के माध्यम से एक साथ जोड़ा जा रहा है,



जिससे एक राष्ट्र एक ग्रिड (वन नेशन वन ग्रिड) का सपना साकार होगा, जहां प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में रहता हो, विश्वसनीय बिजली प्राप्त कर सकेगा, लेकिन इस बदलाव के स्तर को समझने के लिए हमें यह याद रखना होगा कि हमने शुरुआत कहां से की थी।

वर्ष 2014 में भारत का बिजली क्षेत्र गहरे संकट से जूझ रहा था। बिजली की कमी लगातार बनी हुई थी। 2012 में डबल ग्रिड फेलियर हुआ, जिसने सबसे पहले उत्तरी क्षेत्र को 36,000 मेगावाट लोड की हानि के साथ प्रभावित किया और बाद में उत्तरी, पूर्वी एवं उत्तर–पूर्वी ग्रिडों के ध्वस्त होने का कारण बना, जिससे 48,000 मेगावाट का असर पड़ा। ये घटनाएं आज भी हमारी यादों में ताजा है। पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर पर अत्यधिक बोझ था और निवेशकों का भरोसा कम था। नवीकरणीय ऊर्जा को महंगा और अविश्वसनीय माना जाता था।

वैश्विक समुदाय ने भारत को एक गंभीर स्वच्छ ऊर्जा खिलाड़ी के रूप में नहीं देखा। वहीं, देश के भीतर, जनता की अपेक्षाएं मामूली थीं। नीतिगत अनिर्णायकता की स्थिति के चलते भी भारत को 'नाजुक पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में गिना जाता था। वह परिदृश्य निर्णायक रूप से बदल गया है। भारत ऊर्जा की कमी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ गया है। पिछड़ने की स्थिति से उबरते हुए, अब हम मिसाल के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं। यहां, मैं मोदी सरकार के तहत पिछले 11 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए 11 परिवर्तनकारी सुधारों पर प्रकाश डालता हूं, जिनमें से प्रत्येक आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सबसे पहले, फीड–इन टैरिफ से पारदर्शी, बाजार–संचालित बोली प्रक्रिया में बदलाव ने एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया। प्रतिस्पर्धी बोली और टैरिफ युक्तिकरण के कारण सौर टैरिफ 2010 में 10.95 रुपए प्रति यूनिट से गिरकर 2021 तक आश्चर्यजनक रूप से 1.99 रुपए प्रति यूनिट रह गया, जिसने भारत को सौर ऊर्जा में मूल्य के मामले में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया।

इस सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया और जीवाश्म ईंधन के साथ मूल्य के मामले में समानता स्थापित की है। दूसरा, अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्कों की छूट एक और प्रमुख कदम रहा है। इन शुल्कों को हटाकर, सरकार ने परियोजना डेवलपर्स के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक को समाप्त कर दिया। अपतटीय पवन के लिए 2032 तक और हरित हाइड्रोजन के लिए 2030 तक विस्तारित, इस नीति ने भौगोलिक सीमाओं से नवीनीकरणीय ऊर्जा परिनियोजन को प्रभावी रूप से मुक्त कर दिया और पूरे भारत में ऊर्जा प्रवाह को प्रोत्साहित किया।

तीसरा, आयात पर निर्भरता कम करने और रोजगार सृजन के लिए सरकार ने 24,000 करोड़ रुपए के प्रोत्साहन के साथ सौर विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की। इससे घरेलू विनिर्माण में उछाल आया है, जो 2014 की 2.3 मेगावाट से बढ़कर मॉड्यूल में 88 मेगावाट और 2025 तक सेल क्षमता में 0 से 25 मेगावाट हो गया है। भारत अब केवल सौर ऊर्जा का उपयोग ही नहीं कर रहा है, बल्कि इसे बना भी रहा है। साथ ही, हम 2047 तक 1,800 मेगावाट गैर–जीवाश्म क्षमता हासिल करने के अपने दीर्घकालिक लक्ष्य की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। साथ में, ये उपलब्धियां स्वच्छ और समावेशी विकास द्वारा संचालित एक विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता की रीढ़ हैं। नए भारत का सूरज चमक रहा है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, हम दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आखिर हम पर्यावरण की परवाह क्यों नहीं करते?

क्या कोई ऐसा विकास भी हो सकता है जो जीवन को ही निगल जाए? असली सवाल यह है कि हमारा विकास किसके लिए है? क्या वह जीवन को सहारा दे रहा है, या उसे धीरे–धीरे मिटा रहा है? विकास आवश्यक है, लेकिन अगर उसकी दृष्टि संकीर्ण हो, अगर वह केवल तात्कालिक लाभ तक सीमित रह जाए, तो वही विकास विनाश का कारण बन जाता है। जब तक प्रकृति के प्रति करुणा और सम्मान विकास की दिशा का हिस्सा नहीं बनते, तब तक वह अधूरा और एकतरफा ही रहता है।



**लेखक : श्री श्री रवि शंकर**
आध्यात्मिक गुरु

प्राचीन संस्कृतियों में प्रकृति को पूजनीय माना गया। नदियां, पर्वत, वृक्ष, सूर्य, चंद्रमा सभी हमारे जीवन के अभिन्न अंग थे, हमसे अलग नहीं थे। जब श्रद्धा जाती है, तो शोषण शुरू होता है। वास्तव में पर्यावरण के संतुलन को सबसे अधिक हानि मानव की अतृप्त लालसा ने पहुंचाई है। लालच व्यक्ति को प्रकृति के प्रति असंवेदनशील बना देता है।

जब मनुष्य केवल अपने तात्कालिक स्वार्थ में उलझा हो, तो पर्यावरण की रक्षा उसके लिए कोई प्राथमिकता नहीं रह जाती। एक ऐसा मन, जो लालच और चिंता से भरा हो, पृथ्वी से जुड़ाव अनुभव ही नहीं कर पाता, इसलिए हमें बाहर से नहीं, भीतर से शुरुआत करनी होगी। जब तक समाज तनाव, अशांति और हिंसा से भरा रहेगा, तब तक पर्यावरण संवेदनशीलता सतही ही रहेगी। जो मन भीतर से शांत होता है, संतुष्ट होता है, वही मन प्रकृति के प्रति सच में संवेदनशील बनता है। भीतर की यह मौनता जीवन के प्रति गहरी जागरूकता लाती है। यह उदासीनता नहीं, अपितु यह एक सहभागिता है। हमें फिर से प्रकृति के प्रति वही श्रद्धा जगानी होगी। जिस नदी को आप पवित्र मानते हैं, उसे आप प्रदूषित नहीं कर सकते। जिस वृक्ष को आप पूज्य समझते हैं, उसे आप काट नहीं सकते। जिस वस्तु को आप पवित्र मानते हैं, उसकी रक्षा आप स्वाभाविक रूप से करते हैं। उसके साथ आपका व्यवहार श्रद्धा से भरा होता है और वह पूरी जागरूकता से होता है। आज जब हम पेड़ों को केवल भूमि की जगह के रूप में देखने लगे हैं, तो उनका कटना सामान्य लगने लगा है, लेकिन सच यह है कि पेड़ हमारे फेफड़ों का ही विस्तार हैं। उन्हें काटना, अपने ही जीवन को घोंटना है, इसलिए 'आर्ट ऑफ लिविंग संस्था लगातार वृक्षारोपण को प्रोत्साहित कर रही है। अब तक 10 करोड़ से भी अधिक पेड़ हमारे स्वयंसेवकों द्वारा लगाए जा चुके हैं, अगर एक पेड़ कहीं कटे, तो हमें उसके स्थान पर कम से कम पांच और लगाने चाहिए। प्रकृति से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं।

जंगल में कुछ भी व्यर्थ नहीं जाता। हर चीज पुन: उपयोग में आ जाती है। यहां तक कि शिकारी और शिकार के बीच भी एक संतुलन होता है। केंचुए को ही देखिए। मिट्टी में रहने वाला यह जीव कचरे को पचाकर उपजाऊ खाद बना देता है। यही प्रकृति का तरीका है– जीवन को टिकाए रखने का। प्राचीन वैदिक कृषि पद्धतियां, जिन्हें आज 'प्राकृतिक खेती' कहा जाता है, भी इसी सोच पर आधारित हैं। यह खेती खेत में ही उपलब्ध संसाधनों और जैविक अपशिष्टों को प्रयोग कर उर्वरता बढ़ाती है; जैसे–मल्चिंग की प्रक्रिया जिसमें पराली को जलाने के बजाय खेत में ही मिलाया जाता है। इससे न केवल मिट्टी उपजाऊ बनती है, बल्कि पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। इससे किसान का खर्च घटता है, उपज बढ़ती है और यह पर्यावरण के लिए भी अच्छा है। हम सबको अपने आप से यह सवाल पूछना चाहिए–इन 80–90 वर्षों के जीवनकाल में, हमने धरती से कितना लिया और उसके संरक्षण के लिए कितना लौटाया? क्या हम केवल उपभोग करने आए हैं या कुछ लौटाने का भी इरादा है?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश, जिसे देवभूमि के नाम से जाना जाता है, आजकल एक और गंभीर समस्या से जूझ रहा है जिसका नाम है चिट्टा यानी सिंथेटिक ड्रग। इस नशे की तस्करी और लत जानलेवा है। यह समस्या न केवल राज्य की सामाजिक संरचना को खोखला कर रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी अंधकारमय बना रही है। बिलासपुर जिले में एक युवक की चिट्टे की ओवरडोज से हुई मौत इस संकट की गंभीरता को उजागर करती है। यह घटना सिर्फ एक मौत नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है। चिट्टा एक प्रकार का सिंथेटिक ड्रग है जो हेरोइन, ब्राउन शुगर या अन्य खतरनाक केमिकल्स से बनाया जाता है। यह बेहद नशेड़ी और जानलेवा होता है। इसकी लत इतनी तीव्र होती है कि एक बार इसका सेवन करने वाला व्यक्ति बार–बार इसकी ओर खिंचता चला जाता है। कुछ ही समय में यह शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति को पूरी तरह जकड़ लेता है। **चमन लाल, धर्मशाला**

# विकास जरूरी है पर प्रकृति का विनाश भी बचाना होगा

आज विश्व का हर देश पर्यावरण से किसी न किसी तरह से लड़ रहा है वे वायु प्रदूषण हो, जल प्रदूषण हो, ध्वनि का हो या मानवीय पर्यावरण को दूषित करने वाले शब्द समाज को हर तरफ से ही पर्यावरण को खतरा है। पशु–पक्षी पेड़–पौधे प्रकृति के साथ–साथ मानव भी प्रदूषित है, यही मानव आज पर्यावरण को बर्बाद कर रहा है, अपने क्षणिक सुख के लिए। मानव शरीर में भी अब तो प्लास्टिक मिल रहा है, शहर हो या गांव हर पशु के शरीर में प्लास्टिक मिल रहा है। सड़क पर खुले में घूम रहे पशु अब कचरे में प्लास्टिक ही खा कर मर रहे हैं। जो हम पानी पी रहे हैं उसमें भी रसायन घुला है। पर विकास में प्लास्टिक विकास के साथ पेट में यह हम पर्यावरण के नाम पर सब कर रहे हैं।



**लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे**
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

नारे लिखने रैली निकालने पोस्टर लगाने तक ही पर्यावरण दिवस है। विश्व में सबसे ज्यादा अगर पर्यावरण को कोई खराब या हानि पहुंचाने में लगा है, तो वह मुख्य रूप से कृषि में प्रयोग होने वाला जहरीला रसायन जो सब्जियों फसलों फलों पर छिड़काव किया जाता है।

इन रसायनों से भूमि जल हवा के साथ पशु–पक्षी मानव सबको नुकसान पहुंचा रहा है, सभी मर रहे हैं। जमीन की उपजाऊ शक्ति कम हो रही है, तो भूमिगत जल में जहर घुल रहा है। फसलों को कीट खाते हैं मरते हैं, उन कीटों को पक्षी खाते और उनकी जनसंख्या निरंतर कम हो रही है। पर बस हम एक दिन ही पर्यावरण की चिंता करते गोसृष्टि करके भाषण देकर पर्यावरण प्रेमी बन जाते हैं। अखबार में हेडिंग बन जाते फिर क्या वर्षभर मौन होकर पर्यावरण को नुकसान करने में सारी नीति नियम बनाते हैं अपने लाभ के लिए। आधुनिक विकास जो हो रहा है यह हमारे पर्यावरण को बहुत तेजी से बर्बाद करने में लगा है। पहाड़ों से लेकर मैदानों तक हम बस धरती का सीना चीरकर हर चीज निकालने लगे हैं, निकालते समय यह नहीं सोचते हैं, जो निकाल रहे हैं वे आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ छोड़ रहे हैं या खुद ही सब अपने लिए है।

विकास जरूरी है पर पर्यावरण के विनाश पर नहीं न जाने कौन लोग सरकार को सलाह दे दिए कि पहाड़ों पर सुपर हाईवे बनाने से देश को लाभ होगा। वह देश को ऐसा विनाश दे रहा है, जिसकी कीमत आज मानव दे रहा है। पर आने वाली पीढ़ी सड़क पर सुपर हाईवे पर चलेगी, पर गले में आक्सीजन का सिलेंडर लेकर कारण न हवा होगी न पीने का पानी होगा। अगर जल होगा तो वह भी पैसे वालों के लिए गरीब के लिए नहीं, जैसा आज हो रहा अमीर एक हजार रुपए लीटर का पानी पीता है, मध्यम परिवार आरो का पी रहा, गरीब आज भी सरकारी नल का काला बदबू वाला शहरों में पानी पी रहा है, आखिर क्यों ऐसा कैसे हुआ या हो रहा है। कारण तो बहुत है पर शहरों में सीवर लाइन और पानी की लाइन एक साथ जुड़वां बहनों की तरह



साथ–साथ चलती है जिससे कहीं न कहीं दोनों मिल जाती है और जल मल के साथ घरों में जाता है। हमारे पर्यावरण को आज सबसे ज्यादा नकसान पालीथिन से हो रहा है शहर क्या नदी नाले यहां तक कि पालीथिन समुद्र में भी जा रहा है। जो सबके लिए खतरा बना है। हर प्रदेश की व केंद्र की सरकार कहती है पर कभी कोई सरकार कारगर कदम नहीं उठाने की हिम्मत दिखा पाई है कि पालीथिन के उत्पादन और वितरण पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगा दे, ऐसी ताकतवर सरकारें नहीं किसी प्रदेश या केंद्र में रही है न होगी। दूसरा कृषि रसायनों पर प्रतिबंध लगना चाहिए, ऐसा रसायन कीट बीमारियों की रोकथाम के लिए फसल पर छिड़काव हो कि वह भूमिजल, हवा व पशु–पक्षी को किसी तरह से नुकसान न पहुंचा सके।

बस फसल पर कारगर तरीके से मार करें। इस पर विशेष शोध की जरूरत है, अगर कीट नाशक व अन्य रसायनों पर प्रतिबंध नहीं लगेगा, तो फिर पर्यावरण कभी सुरक्षित नहीं होगा न पशु–पक्षी, फसल या मानव बचेगा। विश्व में कहीं न कहीं जो युद्ध हो रहा है, उस युद्ध से भी विश्व का पर्यावरण खराब हो रहा है इस युद्ध से कितना पर्यावरण को नुकसान हो रहा है इसका आकलन बहुत सटीक लगाने में अभी वैज्ञानिक सक्षम नहीं है। वृक्षों के कटान के साथ खनन पूर्ण रूप से वैज्ञानिक तरीके से हो पहाड़ों पर जो सड़कें बन रही है, वह फोरलेन न बने पहाड़ों को बचाया जाए। खेती में रसायनों के प्रयोग को सीमित करने का उपाय हो, भू–गर्भ जल का दोहन कम हो। तभी हम मानव और प्रकृति को बचा पाने में सफल हो पाएंगे, नहीं तो बस नारे और विज्ञापन से पर्यावरण बचाएंगे जमीन पर हकीकत में कुछ नहीं होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मानव जीवन का अस्तित्व प्रकृति के संतुलन व सामंजस्य के बिना अधूरा

पृथ्वी पर मानव जीवन का अस्तित्व, प्रकृति के संतुलन और सामंजस्य के बिना अधूरा और अकल्पनीय है। प्रकृति ने मानव और अन्य जीव जंतुओं के अस्तित्व के लिए पूरी व्यवस्था की है जो अन्य किसी भी ग्रह पर नहीं है। प्रकृति ने संपूर्ण प्राणी जगत के लिए मूलभूत सुविधाओं की सहजता से व्यवस्था की है जो समस्त प्राणी जगत के लिए आवश्यक और अनमोल है।



**लेखक : विक्रम वर्मा**
स्वतंत्र लेखक

वर्तमान समय में खतरनाक ढंग से बढ़ता हुआ तापमान और प्रकृति में अत्यधिक असंतुलन आने वाले समय में भयंकर परिणाम सामने लाएगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। पर्यावरण या प्रकृति का संरक्षण हमारे शास्त्रों में भी उल्लिखित है और प्रकृति की सारी कार्यप्रणाली मानव व्यवहार और क्रियाकलापों पर निर्भर करती है। मानव ही प्रकृति का दोहन और उपयोग करता है और मानव का ही दायित्व है कि वह प्रकृति संरक्षण के अपने दायित्व को निभाए अन्यथा आने वाली पीढ़ियां शुद्ध वायु, शुद्ध जल और शुद्ध आहार के लिए तरस जाएंगी। संपूर्ण प्राणी जगत अन्न से उत्पन्न होता है,अन्न की उत्पत्ति वृष्टि से होती है, वृष्टि यज्ञ से उत्पन्न होती है और यज्ञ सत्कर्मों से उत्पन्न होता है। कहा जा सकता है कि मनुष्य के कर्म स्पष्ट रूप से प्रकृति को प्रभावित करते हैं।

वर्तमान समय में मनुष्य के प्राकृतिक पर्यावरण के विरुद्ध किए जा रहे कृत्य स्पष्ट रूप से वर्तमान हालातों के लिए उतरदायी हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है। पिछले कई वर्षों से मौसम में आए अचानक बदलाव से असमय वर्षा, बाढ़ और भू–स्खलन की समस्याओं ने मानव जाति को चिंतित कर दिया है क्योंकि यह सारी घटनाएं मानव अस्तित्व और मानव संसाधन और प्राकृतिक संसाधनों के लिए भयंकर चुनौती खड़ी कर रहे हैं, क्योंकि प्रकृति पर ही मानव मात्र का अस्तित्व संभव है और मानव मात्र का यह उतरदायित्व भी है कि प्रकृति का संरक्षण करने के साथ–साथ भविष्य के लिए सहेजने का कार्य भी करे। अचरज की बात यह है कि वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था और कार्यकारी व्यवस्था इस गंभीर चुनौती के प्रति संवेदनहीन और भावशून्य हैं, क्योंकि व्यवस्था से संबंधित लोगों के लिए इस चुनौती के गंभीर परिणामों से कोई सरोकार नहीं है, क्योंकि उनके पास सुख सुविधाओं और वातानुकूलित कक्षों की बेहतर सुविधाओं की कोई कमी नहीं है।



अगर बात करें कानूनी प्रावधानों की तो भारत के संविधान में देश की और राज्य की सरकारों का पर्यावरण संरक्षण के लिए दायित्व सुनिश्चित करने की व्यवस्था है, परंतु आधुनिकता और विकास के नाम पर हो रहा प्राकृतिक पर्यावरण से खिलवाड़ इसके लिए सबसे बड़ा कारण है। जिसकी भरपाई करना अत्यंत आवश्यक है। अधिकांशत यह देखा जाता है कि भू–स्खलन की समस्यांए उन क्षेत्रों में अधिक घटित होती हैं जहां पर विकास के नाम पर पहाड़ों को काटा जा रहा है और उत्पन्न अवशेषों और मलबे का उचित और निर्धारित स्थान पर निपटारा नहीं किया जाता। परिणामस्वरूप तेज वर्षा के कारण वर्षाजल के तेज वहाव के साथ भारी मात्रा में गाद,चट्टानें और मिट्टी के ढेर होकर बड़ी तबाही का सबब बन रहे हैं, जिससे गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है ऊपर से पेड़ों से विहीन होते ऐसे क्षेत्र भारी भू–स्खलन को रोकने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। कहने को तो पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और हरित प्राधिकरण, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नामक संस्थाओं के भी उतर दायित्व सुनिश्चित हैं, परंतु यह मात्र कुछ लोगों को कुर्सी प्रदान करने के अलावा कहीं भी कारगर साबित नहीं हो रहे हैं।

इन संस्थाओं के धरातल पर उतरदायित्व सुनिश्चित करके व्यवहारिक परिणाम प्राप्ति के लक्ष्य निर्धारित किए जाने अत्यंत आवश्यक है। विकास के नाम पर वनों का विनाश, सड़क निर्माण और अन्य कल कारखानों के निर्माण, औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार के लिए प्राकृतिक वन संपदा, पहाड़ों का सीना चीरकर निर्माण कार्यों को प्राथमिकता इसके ज्वलंत उदाहरण हैं, जो कि भावी पीढ़ियों के लिए जीवन का अस्तित्व बनाए रखने के लिए अत्यंत गंभीर चुनौती देता है। दशकों से पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के लिए वैश्विक स्तर पर अनेक नीतियों के गठन और कार्यान्वयन की कागजी बातें हो रही हैं, परंतु धरातल पर शून्य हैं। प्रकृति को सहेजना और भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करना मानव मात्र का कर्तव्य है ,जिसे मिलजुल सामाजिक व्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था को निभाना वर्तमान समय में अति आवश्यक है। समाज के हर नागरिक को जागरूक और कर्तव्य बोध से अवगत कराया जाना अत्यंत आवश्यक है ताकि वर्तमान समय में और भविष्य में मानव अस्तित्व को बनाये रखना संभव हो सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा को लेकर नारला में आज होगी मॉकड्रिल

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में वीरवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संभावित आपदा को लेकर मॉकड्रिल से संबंधित एक बैठक का आयोजन एसडीएम कार्यालय पधर में किया गया। सुरजीत सिंह ने बताया की उपमंडल पधर के नारला में संभावित आपदा को लेकर 6 जून को मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भूकंप जैसी घटना होने पर भूस्खलन जैसी स्थिति को लेकर मॉकड्रिल आयोजित होगी। भूस्खलन जैसी स्थिति से राहत व बचाव कार्यों को लेकर मॉकड्रिल में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी और आपदा मित्र शामिल होंगे।

### 8 को मंडी में लगेगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जनसेवा की भावना को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 8 जून को मंडी में बहु-विशेषज्ञ निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रेस क्लब मंडी के तत्वावधान में हिमाचल प्रदेश मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन (एचपीएमआरयू) और सेवा भारती समिति के संयुक्त प्रयास से सेवा भारती छात्रावास, बड़ी गुमाणू में आयोजित होगा। शिविर में हरिहर अस्पताल गुटकर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपनी सेवाएं देगी। शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, चिकित्सीय जांच एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई जाएंगी। आयोजनकर्ताओं ने आमजन से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवाएं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जंगल में लगी आग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जहां एक ओर चौंतड़ा में वन विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम चल रहा था, वहीं दूसरी ओर हराबाग बीट के तहत पटड़ी गांव के समीप जंगल में आग लगने की सूचना ने हड़कंप मचा दिया। सूचना मिलते ही वनरक्षक सपना ठाकुर अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचीं और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद शाम 4 बजे तक आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। वनरक्षक सपना ठाकुर ने बताया कि आग की सूचना सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे मिली थी। यदि समय रहते काबू न पाया जाता तो पटड़ी गांव के करीब 10-15 घरों पर आग का गंभीर खतरा मंडरा सकता था।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय प्रयोगशाला के तत्वावधान में वीरवार को राजकीय आईटीआई (पीडब्ल्यूडी) सुंदरनगर में विश्व पर्यावरण दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति ट्रेनिंग एवं स्टाफ को जागरूक करने के उद्देश्य से चित्रकला, सुलेख और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ संस्थान में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं जागरूकता रैली भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में चमन ठाकुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय प्रयोगशाला, हिमाचल प्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ प्रमिला, रेनू, बनीता तथा पूजा, कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारीगण भी मौजूद रहे। संस्थान के प्रधानाचार्य ई. विजय द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम एवं सभी प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया गया और पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

### भद्रकाली माता ने भक्तों को दिया आशीर्वाद

**भीम बसेड़, अनंत ज्ञान, महादेव।** गांव महादेव की दैवीय शक्ति भद्रकाली माता मंदिर में दूर-दूर के श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लगा रहा। संकट हरने वाली माता यानि शेरांवाली ने आए तमाम भक्तजनों को अपना शुभाशीर्वाद दिया और इस तरह पहले की भांति महिला एवं पुरुषों को खुशी अपने घर लौटते देखा गया। इसके बाद माता के गुर देवी सिंह ने दूर-पार के आतिथ्य को स्वीकारते हुए देव संबंधी वाद्य यंत्रों तथा पूरे ताम झाम के साथ देवी मां के पालकी नुमा रथ के पदचिन्हों पर चलकर अपने पीछे रह गए ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए भी एक कार बांध माता के जयकारों को गुंजायमान करते हुए मौके के श्रद्धालुओं संग गंतव्य की ओर चले गए।

### बीएलओ मतदाताओं की सूचियां करें तैयार : मनीश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** क्षेत्र में सभी बीएलओ को छूटे हुए मतदाताओं की सूची तैयार करने के लिए निर्वाचक अधिकारी व एसडीएम जोगिंद्रनगर ने निर्देश दिए। इस विषय पर मिनी सचिवालय के सभागार में विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। निर्वाचन सहायक मोहन सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने क्षेत्र में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण करते हुए ऐसे सभी पात्र नागरिकों की पहचान करें, जो किसी कारणवश अभी तक मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो पाए हैं। उन्होंने बीएलओ को कहा कि छूटे हुए मतदाता व शादी तथा मृत्यु संबंधित रिकॉर्ड के संबंध में संबंधित पंचायत सचिव से जांच पड़ताल करें ताकि एक भी मतदाता न छूटे। साथ ही उन्होंने कहा कि छूटे हुए मतदाता के नामों की सूची तैयार करें।

### लार्ड बुद्धा कॉलेज में किया पौधरोपण




**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अप्पर भांबला स्थित लार्ड बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कालेज प्रिंसिपल डॉ. आशुतोष व स्टाफ के सदस्यों ने कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया और प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रिंसिपल आशुतोष ने कहा कि पर्यावरण हमारी पृथ्वी का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमें जीवन देने वाले संसाधनों से समृद्ध करता है। यह हमें स्वच्छ हवा, पानी और मिट्टी प्रदान करता है, जो हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं।

### रैली निकालकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं व समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के 21 कैडेट्स ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में आयोजित एक पोस्टर प्रदर्शनी के साथ हुई। जिसमें कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सुंदर, रचनात्मक एवं संदेश पोस्टर प्रदर्शित किए। पोस्टर प्रदर्शनी के पश्चात कैडेट्स ने पर्यावरण बचाओ, भविष्य बचाओ तथा स्वच्छ वातावरण, स्वस्थ जीवन जैसे नारों के साथ एक जन जागरूकता रैली निकाली।

### महूंनाग मंदिर में श्रीमदभागवत कथा शुरू

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** त्रिवेणी धर्म स्थली के रूप में प्रसिद्ध रिवालसर क्षेत्र के लेहड़ा गांव स्थित ऐतिहासिक महूनाग मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शुरू हो गया है। धार्मिक आयोजन श्री माहूनाग के पुजारी परिवार की ओर से 5 जून से 11 जून तक करवाया जा रहा है। भागवत कथा का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। श्रीमद्भागवत कथा का संगीतमय वाचन प्रसिद्ध भागवताचार्य आचार्य रामानंद शास्त्री जी महाराज द्वारा किया जाएगा।

### लखदाता छिंज मेले में पंकज ने जीती कुश्ती

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** लखदाता छिंज मेले का आयोजन इस बार भी पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया। मेले में बतौर मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉ. राकेश धरवाल ने शिरकत की। मेला कमेटी के प्रधान पूर्ण चंद ठाकुर, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, सचिव कमल ठाकुर, सलाहकार बालम राम ठाकुर, कश्मीर सिंह और अन्य सदस्यों ने मेले के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। डॉ. राकेश ने अपने संबोधन में कहा कि स्थानीय किसानों द्वारा इस मेले का आयोजन कर लोक संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने का कार्य किया जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने मेला कमेटी को 31,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। पहलवानी प्रतियोगिता में मंडी के पंकज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और 9100 रुपए नकद राशि तथा गुर्ज जीतकर विजेता बने। हरियाणा के अनिल दूसरे स्थान पर रहे जिन्हें 8100 रुपए की इनामी राशि दी गई।

### आज फोरलेन कार्य के चलते बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-दो मंडी नरेश ठाकुर ने सूचित किया है कि 6 जून को बिंद्राबणी के पास फोरलेन के कार्य के दृष्टिगत विद्युत ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते 6 जून को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत अनुभाग सौली खड्ड के तहत आने वाले क्षेत्र शिल्पकीपर, बिंद्रावणी, बनोट, नेला, कवारी तथा आस-पास के क्षेत्र में बिजली बंद

## विश्व पर्यावरण दिवस

# मंडी में 2 क्विंटल प्लास्टिक लगाया ठिकाने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कुछ दिन पूर्व जब्त किए गए 200 किलोग्राम नॉन-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक को नगर निगम मंडी को सौंपा गया।

इस प्लास्टिक में उपयोग की गई प्लास्टिक प्लेट्स, गिलास, चम्मच, स्ट्रॉ पाइप और कैरी बैग शामिल थे। यह कार्रवाई मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन के कार्यालय में उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त (म्युनिसिपल कमिश्नर) और अतिरिक्त आयुक्त की अध्यक्षता में नगर निगम की टीम की उपस्थिति में संपन्न हुई। नगर निगम मंडी की टीम ने इस प्लास्टिक कचरे को सुरक्षित निपटान हेतु मशीन में भेज दिया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और प्लास्टिक प्रदूषण पर नियंत्रण पाना है।



**अनंत ज्ञान, मंडी।** विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर इंडस ग्लोबल स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष पर निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता व पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष फिल्म का निर्माण किया गया, जो एक व्यापक पर्यावरण सर्वेक्षण पर आधारित थी। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्रों को प्रधानाचार्य सोनिया पवार ने प्रशस्ति पत्र और स्मृतिचिन्ह देकर पुरस्कृत किया।



### बच्चों ने पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** डीएवी स्कूल की ईईडीपी शाखा में पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया, इसमें बच्चों ने लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। कनिष्क, शाश्वत शिव ओम और आयन ने अपनी कविता द्वारा कावेरी सेक्शन के बच्चों ने समूह गान के द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। रावी सेक्शन के बच्चों ने पर्यावरण पर डांस के द्वारा यह संदेश दिया। स्कूल इंचार्ज सीमा कपूर ने पर्यावरण दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम प्रिंसिपल कुलदीप के आदेशानुसार संपन्न हुआ।

### प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना संभव नहीं : योगेश

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, कार्ड मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने क्षेत्र में एक जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने कहा कि प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना संभव नहीं। इस अवसर पर स्कूल निदेशक मनोज ठाकुर, उपप्रधानाचार्य इंदिरा राणा, कोऑर्डिनेटर प्रियंका भारद्वाज और समस्त शिक्षक वर्ग ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया।

### विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर मंडी में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस वर्ष की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण का अंत' को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

डॉ. रितु ने प्लास्टिक अपशिष्ट के खतरों और टिकाऊ जीवनशैली की आवश्यकता पर आधारित जागरूकता भाषण दिया, जो सभी के लिए अत्यंत विचारोत्तेजक रहा।विद्यालय के हिंदी अध्यापक सुनील कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण, जिसे स्कूल के प्रधानाचार्य एवं महात्मा हंसराज पुरस्कार से सम्मानित कुलदीप सिंह गुलेरिया ने भावपूर्वक संपन्न किया।

प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने जैव विज्ञान विभाग व इको क्लब के समन्वयक और सभी गतिविधि प्रभारी शिक्षकों के कुशल संचालन और योजना की प्रशंसा की।



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करने के दौरान सामूहिक चित्र में।

### उपायुक्त ने जहल स्कूल में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने चच्योट-दो शिक्षा खंड के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जहल में पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम-2.0 अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने और मातृत्व का सम्मान करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम के तहत वन विभाग के सौजन्य से विभिन्न प्रजातियों के 60 पौधे रोपित किए गए। उपायुक्त ने सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण में पेड़ों के महत्व पर जागरूक किया। इसके उपरांत उपायुक्त स्थानीय पाठशाला का निरीक्षण भी किया और पाठशाला प्रबंधन से यहां प्रदत्त सुविधाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर जानकारी प्राप्त की।



इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी (ना.) लक्ष्मण कनैत, उप निदेशक उच्च शिक्षा यशवीर धीमान, स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाचार्य धनेश्वरी देवी सहित वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तथा स्कूल का स्टाफ भी उपस्थित रहे।

### चड़याणा पाठशाला के विद्यार्थियों ने रोपी हरियाली

**मंडी।** शहर के सौली खड्ड के साथ लगते चड़याणा राजकीय माध्यमिक पाठशाला के विद्यार्थियों ने विश्व पर्यावरण दिवस को हरियाली दिवस के तौर पर मनाया तथा पाठशाला के आसपास पौधरोपण किया। मुख्याध्यापिका मोनिका चोपड़ा की देख रेख में पाठशाला के बच्चों ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से आए ईसीसीई समन्वयक बलबीर तथा प्राध्यापक राकेश शर्मा की मौजूदगी एवं स्थानीय पार्षद राजेंद्र मोहन की उपस्थिति में पौधे लगाए। पाठशाला का स्टाफ भी इसमें शामिल रहा। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के लिए अन्य गतिविधियों को भी अंजाम दिया गया। इसमें कविता गायन व स्थल चित्रकला प्रतियोगिता भी करवाई गई। गांव में एक रैली का आयोजन भी किया गया जिसमें बच्चों ने गांववासियों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। बच्चों ने अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ भी दिलाई गई।

### भाजपा विधायक ने किया पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जोगिंद्रनगर में गुरुवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा विधायक प्रकाश राणा ने स्वयं पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक राणा ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति की आत्मा है। पौधरोपण कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जनआंदोलन का रूप देने की बात कही।

### राजदीप कौर के भाषण ने समझाया पर्यावरण

**मंडी।** भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक के मंडी चैप्टर ने विश्व पर्यावरण दिवस पर क्षेत्रीय अस्पताल के नर्सिंग स्कूल के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति विषय पर एक गोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली शर्मा ने की। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर दिनेश ठाकुर विशेष अतिथि तथा डॉक्टर अरिंदम राय जिला कार्यक्रम अधिकारी भी शामिल हुए। भाषण प्रतियोगिता में नर्सिंग प्रशिक्षुओं ने प्लास्टिक प्रदूषण से उत्पन्न स्थिति और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर राजदीप कौर, दूसरे स्थान पर जाह्नवी तथा तीसरा स्थान अंकिता ने प्राप्त किया। पलक, नीतिका, खुशबू को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

### 12 तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**अनंत ज्ञान, पधर।** विषयवाद विशेषज्ञ पधर सोनू कुमारी ने बताया कि विकास खंड द्रंग में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जा रहा है।

कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत विकास खंड द्रंग के गांव जिलहन, वरधान, बरोट, धम्चयान, बड़ीबजगान, पंजोट, खारियांन, ग्रांमण, लपास, डलाह, गवाली, समखेतर, कुफरी, बड़ागांव, पाली, चेली, सिंगारी, बाबली में एक दिवसीय कृषि शिविर का आयोजन किया गया।

## विकास कार्यों पर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

नगर परिषद जोगिंद्रनगर में आज आयोजित जनरल हाउस बैठक में शहर के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अधिकारी एवं तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा ने की। इस अवसर पर सभी पार्षद सदस्य भी उपस्थित रहे।

बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, जल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट्स की स्थिति, और फ्यूचर डेवलपमेंट प्लान्स को लेकर विशेष चर्चा हुई। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं भी बैठक में रखीं, जिनके समाधान का आश्वासन कार्यकारी अधिकारी ने दिया। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित शिकायतों को जल्द निपटाने की बात कही गई। इसके अलावा ठोस कचरा निष्पादन प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए।

शहर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने संबंधी टेंडर को लेकर ठेकेदार द्वारा काम समय पर पूरा नहीं किया गया। इस पर निर्णय लिया गया कि संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा। यदि वह समय पर कार्य पूरा नहीं करता है तो टेंडर रद्द कर नया टेंडर जारी किया जाएगा। मुकुल ने स्पष्ट किया कि सभी वार्डों में विकास कार्य समान रूप से होंगे।

## रेडीमेड कपड़ों की दुकान जलकर राख

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर के नया बस स्टैंड के समीप सुकेत शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में बुधवार देर रात एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर दुकान का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस अग्निकांड में पीड़ित दुकानदार का लगभग 10 लाख रुपए के नुकसान का लगाया गया है।

दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसा उस समय पेश आया है जब दुकान मालिक लाल सिंह पुत्र हुकम चंद निवासी गांव व डाकघर मैरामसीत तहसील सुंदरनगर जिला मंडी अपनी दुकान को बंद कर घर चले गए थे। वहीं प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस टीम ने घटनास्थल की जांच में जुट गई हैं।

### संयुक्त व्यापार संगठन अध्यक्ष ने किया घटनास्थल का दौरा



**संयुक्त** व्यापार संगठन सुंदरनगर के अध्यक्ष सुरेश कौशल उर्फ बब्बू पंसारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और प्रभावित दुकानदार को ढांढस बंधाया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित को तत्काल राहत राशि एवं पुनर्वास सहायता उपलब्ध करवाई जाए। संयुक्त व्यापार संगठन इस मुश्किल घड़ी में लाल सिंह के साथ खड़ा है और हरसंभव सहायता दी जाएगी। स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में फायर सेफ्टी सिस्टम को मजबूत किया जाए।

## उपप्रधान संजय ने प्रस्तावित परिसीमन सूची पर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

विकास खंड चौंतड़ा की ग्राम पंचायत मैन भरोला के उप प्रधान संजय जमवाल ने जिला परिषद मंडी के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए जारी की गई प्रस्तावित परिसीमन सूची पर कड़ा ऐतराज़ जताया है। उन्होंने पंचायत को वर्तमान नेर घरवासड़ा वार्ड से हटाकर लडभड़ोल क्षेत्र के दलेड वार्ड में शामिल करने के निर्णय को पंचायत की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों के विपरीत बताया।

संजय ने कहा कि मैन भरोला पंचायत की भौगोलिक स्थिति दलेड वार्ड से मेल नहीं खाती, जबकि ढेलू जिला परिषद वार्ड इस पंचायत से भौगोलिक रूप से सटा हुआ और सामाजिक रूप से भी जुड़ा हुआ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि नए परिसीमन से पंचायत को विकास से वंचित कर राजनीतिक दृष्टि से हाशिए पर धकेलने की आशंका है। उन्होंने आशंका जताई कि पंचायत की समस्याएं अनसुनी रह जाएंगी। उप प्रधान संजय जमवाल ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि भरोला पंचायत को प्रस्तावित दलेड वार्ड में शामिल न कर ढेलू जिला परिषद वार्ड में सम्मिलित किया जाए।

## वन अग्नि प्रबंधन से लेकर आजीविका सृजन तक प्रतिभागियों को मिला प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर में हिमाचल प्रदेश वन पारिस्थितिक तंत्र जलवायु अनुकूलन परियोजना के तहत डीपीएमयू नूरपुर और डलहौजी से आए प्रतिभागियों तथा वन विभाग के अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर वीरवार को संपन्न हुआ।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के मद्देनजर निकास रणनीतियों को मजबूत करना था। प्रतिभागियों को वन संसाधनों के संरक्षण, वन अग्नि प्रबंधन, स्थायी आजीविका के अवसर, स्वयं सहायता समूहों के



प्रशिक्षण शिविर के उपरांत सामूहिक चित्र में सदस्य।

सुदृढ़ीकरण तथा संयुक्त वन प्रबंधन समितियों की भूमिका व जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सुकेत और पार्वती वन मंडल का दौरा भी करवाया गया, जहां उन्हें जायका परियोजना के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की कार्यप्रणाली, लेखा प्रणाली और आजीविका सृजन गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर अकादमी के निदेशक आईएफएस सुभाष चंद पराशर, संयुक्त निदेशक आईएफएस तिलक राज शर्मा, उपनिदेशक पीयूष शर्मा, देवेंद्र सिंह डोगरा, प्रशिक्षक बेसरी शर्मा सहित कई अन्य अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बता दें कि चार दिवसीय इस प्रशिक्षण ने न केवल प्रतिभागियों के ज्ञान में वृद्धि की, बल्कि उन्हें ज़मीनी स्तर पर कार्यान्वयन के व्यावहारिक पहलुओं से भी जोड़ा। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में जलवायु अनुकूलन और वानिकी प्रबंधन को सशक्त बनाना रहा।

**सरोकार**

### छात्रों की ट्यूशन फीस, खाना, रहना व किताबें इत्यादि नि:शुल्क होगा उपलब्ध

## अभिलाषी में सुख आश्रय योजना से पांच छात्रों को मिला प्रवेश

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत मंडी जिले के पांच छात्रों को अभिलाषी विश्वविद्यालय, चैलचौक में नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने के लिए विभिन्न कोर्सेज में प्रवेश मिला है। इस योजना के तहत पांच छात्रों का संपूर्ण खर्चा जैसे कि ट्यूशन फीस, खाना, रहना व किताबें इत्यादि भी नि:शुल्क रहेगा।

उपायुक्त मंडी द्वारा अभिलाषी शिक्षण समूह के चेयरमैन को आबंटन पत्र जारी किया गया था जिसके अंतर्गत निशांत ठाकुर बी.टेक (कंप्यूटर इंजीनियरिंग),



प्रवेश करने वाले विद्यार्थी सामूहिक चित्र में।

पियूष बीसीए, युवराज बीसीए, कुंवर सिंह बीसीए, सुदेश कुमार बीए-बीएड विषय में नि:शुल्क शिक्षा के लिए एडमिशन हुआ है। छात्र करण पहले से ही इस योजना के तहत बी.टेक में प्रवेश मिला है। आप को ज्ञात रहे की अभिलाषी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी व सेक्रेटरी नरेंद्र ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलकर इस योजना को अपने ग्रुप में लागू करने हेतु पत्र सौंपा था, जिसके तहत उपायुक्त मंडी ने अभिलाषी विश्वविद्यालय प्रशासन से इन पांच छात्रों के प्रवेश की पुष्टि करने का अनुरोध किया था। पांच छात्रों को अभिलाषी ग्रुप में नि:शुल्क शिक्षा के लिए प्रवेश मिल गया है। छात्रों के साथ बाल देखभाल इंस्टीट्यूट, डेहर व भरनाल से कपिल शामा, विशाल बंसल और प्रेम सिंह मौजूद रहे।

वहीं डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, डॉ. नर्वदा अभिलाषी, वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संकल्प लें हर नागरिक : राकेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



पौधरोपण करते हुए विधायक व साथ में अन्य।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक सुंदरनगर राकेश जमवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर एक बाड़ी के सिहारल में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर परिषद सुंदरनगर के सभी पार्षद, भाजपा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। राकेश ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है और इसके समाधान में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घर, मोहल्ले, खेत और सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण करें और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### दिनेश ने अधीक्षक का कार्यभार संभाला



**आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में दिनेश कुमार ने बतौर अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा, विनोद ठाकुर, शिवकुमार शर्मा, नरेश कुमार, मनीष ठाकुर, शशि कुमार और अधीक्षक दिनेश के साथ आए कर्मचारी उपस्थित थे। स्कूल के प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि काफी दिनों से पाठशाला में अधीक्षक का पद खाली था, जिस कारण कार्य करवाने में भारी असुविधा हो रही थी, अब पाठशाला का कार्य करने में सुविधा होगी

### व्यवसायी को अज्ञात कॉल से मिली धमकी

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत एचपी पेट्रोल पंप के मालिक व व्यापार मंडल बंगाणा के अध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ सैंटी पुत्र अजमेल सिंह गांव व डा. बंगाणा को फोन कॉल से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 5 लाख रकम की मांग की है। रकम न देने पर व्यवसायी विनोद कुमार शैंटी को जान से मारने की धमकी भी दी गई है। विनोद कुमार ने उक्त के खिलाफ थाना में मामला दर्ज करवा दिया है। वहीं, पुलिस विभाग ने बताया कि मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शुरू कर दी गई है।

### खुद को मारी गोली, मौके पर ही मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल बंगाणा की डोहगी पंचायत में बुधवार रात लगभग एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सुरेंद्र कुमार पुत्र महंत राम निवासी डोहगी के रूप में हुई है। यह घटना आदि रात को हुई, जब घर के अन्य सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेंद्र कुमार पिछले कुछ समय से पारिवारिक तनाव से जूझ रहा था। उनकी पत्नी पिछले लंबे समय से मानसिक बीमारी से पीड़ित बताई जा रही है, जिससे घर का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचित किया। बंगाणा थाना प्रभारी रोहित चौधरी अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा, जहां से आगे की जांच के लिए शव को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### श्रीराम और सीता के विवाह का प्रसंग सुनाया

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** पंचायत टकारला में चल रही श्रीरामकथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथावाचक निखिल महाराज ने भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण और सजीव वर्णन किया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस शुभ अवसर पर पंचायत उपप्रधान राजीव कुमार शर्मा, निर्मल सिंह, योगराज शर्मा, दविंद्र लठ, सुभाष लठ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कथा समाप्ति के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। कथावाचक निखिल द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भक्तिरस में डूबकर थिरकते नजर आए। स्थानीय लोगों में राजकुमार, सुशील, अजय और तिलक ने इकहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूती प्रदान करते हैं।

### चूरूडू बाजार में दुकानदारों ने लगाई छबील

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के अंतर्गत आने वाले चूरूडू बाजार में स्थानीय दुकानदारों ने जनसेवा की एक सराहनीय पहल करते हुए ठंडे पानी की छबील लगाई। भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से लगाए गए इस सेवा कार्य में राहगीरों और स्थानीय लोगों को शीतल जल पिलाया गया। इसके साथ ही मौके पर हलवा और चने का प्रसाद भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में अजय ठाकुर, विजय ठाकुर, राजिंदर पटियाल, डिंपी पाटिल, सतीश सोंखला, रमन गौतम, चनन प्रधान, रवि पठानिया सहित कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और दुकानदार सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### चलेट में पूर्व विधायक ने किया पौधरोपण

**सुखविंदर सागर, अनंत ज्ञान, घनारी।** विश्व पर्यावरण दिवस ( पांच जून ) के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' नामक विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है। यह अभियान प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई उस पहल का दूसरा चरण है, जिसके अंतर्गत हर नागरिक को अपनी मां या धरती मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस वर्ष यह अभियान पांच जून से 30 सितंबर तक चलेगा। इस उपलक्ष्य में पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने चलेट तालाब में पौधरोपण भी किया और पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के उपलक्ष्य में एक रैली निकालकर समस्त गगरेट वासियों को संदेश दिया। इस मौके पर गगरेट विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### पर्यावरण दिवस पर भंजाल स्कूल में पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** पर्यावरण दिवस पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा, अध्यापक नरेश कंवर, विनोद ठाकुर, मनीष ठाकुर, शशि कुमार, कंचन देवी, प्रकाशो देवी, सुदेश कुमारी उपस्थित थे। स्कूल के प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि आगामी बरसात शुरू होते ही पाठशाला परिसर में और सशक्त ढंग से पौधारोपण किया जाएगा।

### बड़ूही बाजार में पारंपरिक भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** बड़ूही बाजार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक भंडारे का आयोजन बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। यह आयोजन बाजार के सभी दुकानदारों के सामूहिक सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें समाज में सेवा, सहयोग और धार्मिक भावना की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर स्थानीय दुकानदारों नीरज चोपड़ा, महेश खन्ना, अनु महता, मुनीश, बॉबी, सुरेश सोंखला और जगदीश ठाकुर ने बताया कि इसका उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग और धार्मिक एकता को बढ़ावा देना है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए सहभागिता जरूरी : कमांडेंट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ऊना जिले में होमगार्डस विभाग ने जागरूकता अभियान चलाया। इस मुहिम में होमगार्डस व अग्निशमन जवानों ने सफाई अभियान, प्लास्टिक मुक्त करने के साथ पौधरोपण करने का अभियान चलाया। कमांडेंट मेजर विकास सकलानी ने पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार ट्रेनिंग सेंटर ऊना में प्रशिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण करने में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। बाहिनी के ट्रेनिंग सेंटर मुबारिकपुर, महिला होमगार्डस कंपनी, होमगार्डस कंपनी ऊना, हरोली, गगरेट, अंब व बंगाणा और अग्निशमन केंद्र ऊना, अंब, बंगाणा, टाहलीवाल के जवानों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर बाहिनी अधिकारी धीरज शर्मा, देवा कुमारी व अन्य मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान, हरोली।** हिमकेप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग बढ़ेड़ा मेंविश्व पर्यावरण दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। शुभारंभ संस्थान के चैयरमैन विक्रमजीत सिंह प्रधानाचार्य ए कार्तिकेय सेल्वी ने किया। चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ने लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।

### पर्यावरण दिवस पर लड़ोली में किया हवन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपमंडल अंब के तहत पंचायत लड़ोली में शनि मंदिर थड़ा परिसर में पर्यावरण की शुद्धि हेतु एक सामूहिक हवन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मोहित शर्मा द्वारा किया गया, जिनका मानना है कि 'अगर पर्यावरण सुरक्षित है तो समाज और आने वाली पीढ़ियां भी सुरक्षित रहेंगी।' हवन के माध्यम से वातावरण को शुद्ध करने और लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर मोहित शर्मा, अनिल शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों ने हवन में आहुतियाँ अर्पित कीं और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया।

### अंब कॉलेज में पर्यावरण दिवस की रही धूम

**अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार तथा स्टाफ के अन्य सदस्यों ने महाविद्यालय में पौधरोपण किया। प्राचार्य ने सभी से प्लास्टिक का प्रयोग न करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया की विश्व पर्यावरण दिवस 2025 प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने पर केंद्रित है। माइक्रोप्लास्टिक अब पृथ्वी पर मौजूद लगभग हर चीज में मौजूद है, जिसमें मानव मस्तिष्क भी शामिल है।

---

श्री नरसिंह मंदिर में पूजा-अर्चना, झंडारोहण एवं पारंपरिक टमक बजाकर किया तीन दिवसीय मेले का विधि-विधान के साथ शुभारंभ

# डिप्टी सीएम ने पिपलू मेले को दिया राज्यस्तरीय दर्जा

**अनंत ज्ञान टीम, बंगाणा/ऊना**

ऊना जिले के कुटलैहड़ क्षेत्र में आयोजित ऐतिहासिक तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले का वीरवार को भव्य आगाज हुआ। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने श्री नरसिंह मंदिर में पूजा-अर्चना, झंडारोहण एवं पारंपरिक टमक वादन कर मेले का पूरे विधि-विधान के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक विवेक शर्मा और उनकी पत्नी मृदु शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शुभारंभ से पूर्व उपमुख्यमंत्री ने बंगाणा से पिपलू तक आयोजित भव्य शोभायात्रा में भाग लिया। इस वर्ष पहली बार इतने बड़े पैमाने पर आयोजित इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

इस अवसर पर शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने पिपलू मेले को राज्य स्तरीय दर्जा प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मेला अपनी प्राचीन परंपराओं के संरक्षण के साथ आगामी वर्षों में और अधिक भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पारंपरिक मेलों को संरक्षित एवं अधिसूचित करने के लिए ठोस पहल कर रही है ताकि इनका आयोजन हर वर्ष सुनिश्चित और सुनियोजित रूप में हो सके।



पिपलू मेले की शोभायात्रा में शामिल गणमान्य।

#### हिमाचली कलाकारों को प्राथमिकता

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि हमारा मेले एवं सांस्कृतिक आयोजनों में स्थानीय हिमाचली कलाकारों को प्राथमिकता देने पर बल है । हर जिले में प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बजट का कम से कम एक तिहाई हिस्सा केवल हिमाचली कलाकारों के लिए ही निर्धारित किया जाए। इसके साथ ही सरकार पारंपरिक मेलों को अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सहभागिता का माध्यम बनाने के लिए प्रयासरत है, ताकि देश-विदेश के सांस्कृतिक दल भी भाग लें और सांस्कृतिक आदान प्रदान सुनिश्चित हो।

**ऊना में 18 पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन :** उपमुख्यमंत्री ने बताया कि ऊना जिले में करोड़ों रुपए की 18 पेयजल योजनाएं तीव्र गति से निर्माणाधीन हैं। इनमें इनमें कुटलैहड़ क्षेत्र की 15.50 करोड़ की अपर कुटलैहड़ पेयजल योजना शामिल है। इसके अलावा कुटलैहड़ में 46 करोड़ की सिंचाई योजना भरमौती से लोअर कुटलैहड़ और 14.64 करोड़ की तुरकाल पंगा से ऊपर कुटलैहड़ पेयजल योजना पर काम किया जा रहा है।

**श्रद्धा, परंपरा और संस्कृति का पर्व**

उल्लेखनीय है कि पिपलू मेला प्रतिवर्ष निर्जला एकादशी के अवसर पर आयोजित होता है। यह मेला भगवान नरसिंह के प्रति श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। यहां प्राचीन पीपल वृक्ष के नीचे विराजमान नरसिंह जी की शीला के दर्शन के लिए ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा सहित अन्य जिलों व बाहरी राज्यों से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां लोग अपनी नई फसल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

**विकास और संस्कृति का संगम**

मेले को आकर्षक बनाने के लिए विकास प्रदर्शनी, खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की गईं। हिमाचली गायक अनुज शर्मा, सुनील मस्ती सहित स्थानीय लोक कलाकारों ने अपने शानदार प्रदर्शन से जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा, प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज मोदगिल एवं देशराज गौतम, कुटलैहड़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, महिला आयोग सदस्य इंदु बाला, जिला परिषद सदस्य सत्या देवी, पंचायत प्रधान महेंद्र सिंह, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव, एसडीएम सोनू गोयल, तहसीलदार अमित शर्मा, तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों समेत ऊना, हमीरपुर एवं कांगड़ा जिलों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

#### अंदरोली क्षेत्र बनेगा वॉटर स्पोर्ट्स हब

**मुकेश** ने बताया कि अंदरोली क्षेत्र को वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का केंद्र बनाने के लिए एक निजी कंपनी के साथ एमओयू साइन किया गया है। इस पहल से क्षेत्र को पर्यटन के मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी तथा स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

#### विधायक ने गिनाईं विकास परियोजनाएं

इस मौके विधायक विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में पिपलू मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुटलैहड़ में सतत विकास के लिए अनेक योजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि 6.50 करोड़ की खरोड़ी-क्यारियां सड़क तथा 10.50 करोड़ की बौल- झम्बर सड़क अब साकार रूप ले रही हैं। उन्होंने बताया कि अंदरोली में वॉटर स्पोर्ट्स हब, लठियाणी और सोहारी में ईको टूरिज्म तथा मोमन्यार में औद्योगिक विकास को लेकर भी निर्णायक पहल की गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष एक विशेष पहल के रूप में 7 जून को 'कुटलैहड़ महोत्सव' का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसकी सांस्कृतिक संध्या बंगाणा में आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे।

#### क्यारियां स्कूल के राजस्थानी नृत्य की रही धूम

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** ऐतिहासिक जिला स्तरीय पिपलू मेले में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्यारियां के बच्चों ने इस समारोह में बहुत ही सुंदर राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालक डॉ. राममूर्ति शर्मा ने जिसकी सराहना की। इस दौरान कार्यकारी प्रधानाचार्य रमन कुमार, रविंद्र भारद्वाज, रवि प्रकाश, समिता शर्मा, राकेश कुमार उपस्थित रहे।

---

## घायल बैल की मदद को बढ़े हाथ

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में एक घायल बैल की मदद के लिए फायर ब्रिगेड कर्मी, लंगर कर्मी और आपदा मित्र आगे आए हैं। यह बैल बाबा माई दास सदन के आसपास घायल अवस्था में घूम रहा था, जिसके आगे की टांगों के पास गहरा घाव था। आपदा मित्र संदीप कुमार और फायर ब्रिगेड कर्मियों के संयुक्त प्रयास से इस घायल बैल को इलाज मिला और दर्द से राहत मिली। डॉ. दिलावर सिंह ने बताया कि मंदिर आउटसोर्स कर्मी एवं आपदा मित्र संदीप कुमार द्वारा उन्हें बुलाया गया था, जिसके बाद इस बैल का इलाज किया गया।

**आगामी इलाज की योजना :** एनिमल डॉक्टर दिलावर सिंह ने बताया कि आगामी दो-चार दिन इस बैल को यहीं रखा जाएगा और रोज इसको इंजेक्शन और दवाइयां दी जाएंगी। फायर ब्रिगेड कर्मी और आपदा मित्र की इस पहल की सराहना की जा रही है, जो जीव-जंतुओं के प्रति सहानुभूति और सेवा भाव को दर्शाती है।

## बड़ूही में सूखा पेड़ के कटने से दुकानदारों ने ली राहत की सांस



आखिरकार सिरदर्द बने पेड़ को काट दिया गया।

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** शहर के व्यस्त बाजार क्षेत्र बड़ूही में वर्षों से खड़ा सूखा पेड़ आखिरकार प्रशासन द्वारा काट दिया गया। यह पेड़ न केवल जर्जर हालत में था, बल्कि हर तेज़ तूफान में गिरने का खतरा बना रहता था, जिससे आसपास की दुकानों और राहगीरों के लिए हमेशा एक बड़ा खतरा मंडराता रहता था।

स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने कई बार इस मुद्दे को लेकर शिकायत की थी और कई अखबारों में इस पर खबरें भी प्रकाशित हुई थीं, लेकिन अब जाकर प्रशासन ने इस पर संज्ञान लिया। पेड़ काटे जाने की कार्यवाही के दौरान सड़क पर भारी जाम लग गया, जिससे थोड़ी देर के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, अधिकांश दुकानदारों ने राहत की सांस ली और प्रशासन का आभार जताया।

दुकानदार देस राज ने बताया, कि हर बार तेज हवा चलती थी तो डर लगता था कि कहीं पेड़ गिर न जाए। कई बार उसकी बड़ी-बड़ी सूखी डालियां नीचे गिर चुकी थीं। अब जाकर चैन मिला है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पेड़ को हटाना जरूरी था और भविष्य में ऐसे खतरनाक पेड़ों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई की जाएगी।

## नंदा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के नए शैक्षणिक भवन का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जनकौर में वरिष्ठ सर्जन डॉ. एसके नंदा द्वारा संचालित नंदा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के नए शैक्षणिक भवन का उद्घाटन संस्थान की निदेशक डॉ. पीएल नंदा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सर्जन डॉ. पीयूष नंदा, डॉ. शिवानी संधू और सरबजीत सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विधायक बबलू ने जरूरतमंद परिवारों को वितरित की आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, अंब।** विश्रामगृह अंब में वीरवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद परिवारों को कुल 11,13,000 की राहत राशि के चेक वितरित किए गए। यह सहायता राशि ऐच्छिक निधि, मुख्यमंत्री राहत कोष तथा चिंतपूर्णी मंदिर न्यास के माध्यम से प्रदान की गई, जिसका उद्देश्य चिकित्सा उपचार, निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक बबलू ने कहा किकिसी भी जनप्रतिनिधि का सबसे बड़ा धर्म जरूरतमंदों के साथ खड़े होना होता है। हमारी सरकार सदैव आम जनता की भलाई और सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, लाभार्थी परिवारों के सदस्य और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की संवेदनशीलता को रेखांकित किया, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

## सिविल अस्पताल अंब को मिला ऑक्सीजन प्लांट

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** सिविल हॉस्पिटल अंब में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को मंगलवार को एक नई सौगात मिल गई है। लंबे अरसे से अधर में लटके हुए मैनीफोल्ड ऑक्सीजन प्लांट को विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने लोगों को समर्पित कर दिया। लगभग 28 लाख रुपए की लागत से बने इस प्लांट के लगने के बाद अब हॉस्पिटल के हर बेड तक ऑक्सीजन पाइप को पहुंचा दिया गया है । इस सुविधा के हो पूरी हो जाने के चलते अब मरीज को ऑक्सीजन के लिए जूझना नहीं पड़ेगा।

उपचार शुरू होने के साथ ही अगर उसे ऑक्सीजन की भी जरूरत पड़ती है तो वह भी साथ के साथ ही मिल जाएगी। बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्र से घिरे उपमंडल अंब के सिविल अस्पताल में सीरियस पेशेंट के आ जाने पर कई बार ऑक्सीजन के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती थी। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि कोरोना काल के दौरान लोगों को ऑक्सीजन के लिए बहुत ज्यादा जूझना पड़ा था। निकट भविष्य में अगर ऐसी कोई आपदा आ जाती है तो उपमंडल अंब के लोगों को ऑक्सीजन जैसी सुविधा से वंचित नहीं होना पड़ेगा और उनका जल्दी उपचार हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में इस सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए अस्पताल प्रशासन हर तरह की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। सुदर्शन सिंह बबलू ने इस प्लांट के लिए क्षेत्र की जनता व अस्पताल प्रशासन को बहुत-बधाई दी। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम सचिन शर्मा, बीएमओ राजीव गर्ग, एसएमओ राहुल कतना बीडीओ ओम पाल डोगरा के साथ-साथ की कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## मेगा मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

तहसीलदार ऊना विपिन ठाकुर ने 6 जून को उपमंडल ऊना में आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। विपिन ठाकुर ने बताया कि यह मॉक ड्रिल हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य भूकंप जैसी परिकल्पित आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों एवं आम जनता की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं का मूल्यांकन करना है।



भूकंप और अग्निकांड जैसे आपदा परिदृश्यों पर आधारित होगा अभ्यास।

विपिन ठाकुर ने जानकारी दी कि मॉक ड्रिल के तहत दो परिदृश्यों को शामिल किया गया है। पहला, पेखूबेला स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) टर्मिनल में पेट्रोलियम थोक भंडारण इकाई में आग लगने और ढांचागत क्षति की स्थिति को लेकर होगा। दूसरा परिदृश्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ऊना (छात्र भवन) में आगजनी व संरचनात्मक नुकसान को लेकर होगा।

उन्होंने बताया कि राज्य मुख्यालय से जैसे ही भूकंप आपदा से संबंधित परिकल्पित संदेश प्राप्त होगा, उपायुक्त कार्यालय में हूटर बजाया जाएगा। इसके साथ ही चिन्हित स्थलों पर अग्निशमन विभाग की गाड़ियां सायरन के साथ रवाना होंगी और निर्धारित आपदा प्रबंधन योजना के अनुसार त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। तहसीलदार ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे मॉक ड्रिल के दौरान भूकंप जैसी आपदा की स्थिति में आवश्यक सावधानियों का अभ्यास करें।

सायरन बजते ही किसी मजबूत मेज या फर्नीचर के नीचे जाकर सिर को हाथ से ढकना तथा खुले स्थान में सुरक्षित रूप से पहुंचना आदि प्राथमिक कदमों का पालन करें। उन्होंने उपमंडल ऊना के सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे मॉक ड्रिल में सक्रिय और समर्पित भागीदारी सुनिश्चित करें।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर बीएमओ ऊना डॉ. राम पॉल शर्मा, को-ऑर्डिनेटर डीडीएमए ऊना धीरज कुमार, कार्यकारी अधिकारी एमसी मैहतपुर वर्षा चौधरी, नगर निगम ऊना के एसडीओ राजिंदर सैनी, वेटनरी ऑफिसर डॉ. दीपशिखा सैनी, इंस्पेक्टर डीएफसीसी ऊना रजनी कालिया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

#### यहां होगी मॉक ड्रिल

**उन्होंने** बताया कि यह मॉक ड्रिल जिले के विभिन्न उपमंडलों में आयोजित की जाएगी, जहां भिन्न-भिन्न परिकल्पित आपदा स्थितियों को आधार बनाकर राहत व बचाव गतिविधियों का अभ्यास किया जाएगा। ऊना उपमंडल के अलावा अंब उपमंडल के अंब-नेहरियां रोड पर स्थित पिंडी दास आश्रम एवं आई हॉस्पिटल में भूस्खलन की स्थिति को आधार बनाया जाएगा। इसी तरह गगरेट उपमंडल में गगरेट-होशियारपुर रोड पर एके पुरी एचपी पेट्रोल पंप पर आगजनी की घटना और हरोली उपमंडल के टाहलीवाल स्थित नेस्ले इंडिया लिमिटेड परिसर में फैक्टरी भवन की संरचनात्मक क्षति एवं अग्निकांड को परिकल्पित किया गया है।


---

**सहारा** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कामगार कल्याण बोर्ड से मिला संबल

# साहिल की कामयाबी : जब सरकार साथ हो, तो कोई सपना अधूरा नहीं

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** सपनों को पंख तब ही मिलते हैं, जब जमीनी हकीकत उन्हें उड़ने की जगह दे। आर्थिक तंगी और सीमित संसाधनों के बावजूद ऊना के एक मजदूर के बेटे साहिल ने जब रसायन विज्ञान में पीएचडी करने का सपना देखा, तो राह आसान नहीं थी, मगर हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड ने उस सपने को टूटने नहीं दिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार की संवेदनशील योजनाएं अब ऐसे परिवारों के लिए आशा की किरण बन रही हैं। साहिल की कामयाबी इस बात की मिसाल है कि जब सरकार साथ हो, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रह जाता।



सुरिंदर सिंह
शिक्षा सहायता प्राप्तकर्मा

**क्या कहते हैं अधिकारी :** जिला श्रमिक कल्याण अधिकारी ऊना अमन शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा कामगारों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। ऊना जिले में पंजीकृत कामगार इनसे लाभान्वित हो रहे हैं।

इन योजनाओं में शादी के लिए वित्तीय सहायता-लाभार्थी के स्वयं के विवाह तथा दो बच्चों के विवाह के लिए 51 हजार, मातृत्व और पितृत्व प्रसुविधा के तहत महिला लाभार्थी को प्रसव अवधि के समय अथवा बच्चे के जन्म पर 25 हजार, पंजीकृत कर्मकार की पत्नी को दो प्रसवों तक 6 हजार, पुरुष लाभार्थी को पितृत्व सुविधा के तहत बच्चे के जन्म पर 1 हजार और महिला लाभार्थी को 90 दिन से 26 सप्ताह तक मातृत्व अवकाश की राशि प्रदान की जाती है।

चिकित्सा सहायता में लाभार्थी और उसके आश्रितों को चिकित्सा के चिकित्सीय उपचार के लिए 50 हजार से 5 लाख, शिक्षा के लिए प्रथम कक्षा से पीएचडी तक 8400 से 1.20 लाख रुपए, 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर लाभार्थी को 1 हजार रुपए पेंशन सुविधा, दुर्घटना एवं बीमारी के चलते हुई विकलांगता की स्थिति में 500 रुपए दिव्यांग पेंशन, कामगार बोर्ड में पंजीकृत सदस्य की मृत्यु होने पर नाम निर्देशितों / उनके आश्रितों को 2 से 4 लाख, अंतिम संस्कार के लिए 20 हजार रुपए की आर्थिकी सहायता, बेटी जन्म उपहार योजना के तहत 51 हजार रुपए, मानसिक रूप से मंद बच्चों की देखभाल के लिए 20 हजार प्रतिवर्ष, विधवा पेंशन योजना के तहत 1500 रुपए प्रतिमाह, होस्टल सुविधा योजना के तहत 20 हजार रुपए प्रतिवर्ष, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 1.50 लाख रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की जाती है।

#### श्रमिक का बेटा, जो बन गया शोधार्थी

**ऊना** जिले के उपमंडल अंब के गांव ज्वार निवासी सुरिंदर सिंह वर्षों से दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालते हैं। उनका बेटा साहिल पढ़ाई में हमेशा आगे रहा और विज्ञान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा लेने का सपना देखा, लेकिन जब बात एमएससी और फिर पीएचडी की आई, तो आर्थिक चुनौतियां दीवार बनकर खड़ी हो गईं। तभी हिमाचल प्रदेश श्रमिक कल्याण बोर्ड एक वरदान बनकर सामने आया। बोर्ड ने साहिल को एमएससी के लिए 21 हजार रुपए और पीएचडी के लिए 1.20 लाख रुपए की सहायता प्रदान की। आज साहिल हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला से रसायन विज्ञान में पीएचडी कर रहे हैं। साहिल भावुक होकर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए बताते हैं कि अगर सरकार और बोर्ड का साथ न होता, तो मेरा सपना सिर्फ एक सपना रह जाता। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और श्रमिक कल्याण बोर्ड ने मुझे न सिर्फ पढ़ने का हक दिया, बल्कि आत्मविश्वास भी दिया।

#### नीतियों में संवेदना का स्पर्श : नरदेव सिंह कंवर

**श्रमिक** कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर का कहना है कि राज्य सरकार की योजनाएं अब सिर्फ लाभ नहीं, बदलाव बन रही हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज मजदूर, किसान और असंगठित वर्ग का हर व्यक्ति खुद को सरकार से जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है। साहिल जैसे युवाओं को जब आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, तो एक पूरे समाज का भविष्य रोशन होता है।

#### गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**हिमाचल** प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार श्रमिक वर्ग को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड की योजनाएं केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि गरिमापूर्ण जीवन और उज्जवल भविष्य का आधार बन रही हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि हर योजना का लाभ सीधे ज़रूरतमंद तक पहुंचे।

## गगरेट में 8 को नंबरदार करेंगे क्षेत्रीय मुद्दों पर मंथन

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** गगरेट उपमंडल के सभी नंबरदारों को आगामी रविवार 8 जून को एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने का आमंत्रण दिया गया है। यह बैठक सुबह 10 बजे गगरेट रेस्ट हाउस में आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्र से जुड़े विभिन्न गंभीर और सामयिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

इस बैठक की अध्यक्षता गगरेट और जिला ऊना नंबरदार संघ के प्रधान वृज पाल करेंगे, जबकि संचालन जनरल सेक्रेटरी राकेश कुमार (बबलू) द्वारा किया जाएगा। संघ की ओर से जारी सूचना में सभी नंबरदारों से आग्रह किया गया है कि वे समय पर बैठक में पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और जनहित से जुड़े विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

# पीएम ग्रामीण सड़क योजना चरण-4 में बनेंगी 1500 किलोमीटर सड़कें : विक्रमादित्य

शीला कौल, अनंत ज्ञान



**बंजार।** लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री, विक्रमादित्य सिंह ने बंजार विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत टील के गांव बच्छूट में गढ़पति शंगचूल महादेव टील में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक शंगचूल महादेव के भव्य मंदिर निर्माण की पहली वर्षगांठ पर उन्हें देवता का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण-4 में प्रदेश में 1500 किलोमीटर सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें अधिक से अधिक सड़कों को शामिल करने के साथ-साथ दूर-दराज इलाकों को सड़क सुविधा से जोड़ना प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि पीएमजीएस वाई चरण-3 में बंजार विधानसभा क्षेत्र की सड़कों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि टील सड़क के लिए 28 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि टील से बुछाट सड़क को भी स्टेट हेड में डाला गया है और इस कार्य को भी गति दी गई है।

उन्होंने कहा कि अग्निकांड से प्रभावित गांव तांदी के सड़क निर्माण कार्य का टेंडर कर दिया है और विभाग को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रदेश के विकास कार्यों के लिए गंभीर है और हर दृष्टि से हिमाचल को आगे ले जाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-305 ओट से बंजार सड़क के सुधार और टारिंग कार्य का टेंडर दोबारा आमंत्रित किया गया है, जबकि गयागी से बंजार तक टारिंग कार्य के लिए 8 करोड़ 19 लाख की डीपीआर मंत्रालय को स्वीकृति के लिए भेजी गई है। उन्होंने कहा कि घीयागी से बंजार और बंजार से ओट तक सड़क के डबल लेन करने के लिए भी 800 करोड़ की डीपीआर केंद्र को स्वीकृति के लिए भेजी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोगों की सुविधाओं और समस्याओं को ध्यान में रखकर विकास को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को प्राथमिकता पर हल किया जाएगा। जिभी और तांदी विख्यात पर्यटक स्थल हैं। इस क्षेत्र में भी पर्यटक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ईको टूरिज्म गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ऐसी साइटों पहचान करने के वन विभाग को निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जलोड़ी जोत टनल निर्माण के लिए प्रकिया लगभग पूर्ण हो चुकी है और सभी के हितों को ध्यान में रखकर इसकी अलाइनमेंट कार्य किया गया है। इसके उपरांत मंत्री ने गाडागुशेणी कॉलेज के निर्मित भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गाडागुशानी दूरदराज का क्षेत्र है और यहां निर्माणाधीन कॉलेज भवन के कार्य को पूर्ण करना इलाके की प्रमुख मांग है। इस भवन के लिए बजट प्रावधान के लिए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से बात करेंगे। उन्होंने शाटाधार सड़क को ठीक करने के भी आदेश दिए। इस अवसर पर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, एपीएमसी के अध्यक्ष मान सिंह मियां, चेत राम ठाकुर, शेष राम आजाद, स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान हीरा सिंह, हरिचंद शर्मा, मान सिंह, कृष्ण ठाकुर, जिला परिषद सदस्य अरुणा ठाकुर, देवता कमेटी की अध्यक्ष गोपी चंद, प्रेम सिंह नेगी, पीसी महंत झावे राम, तेजा ठाकुर, तेजा सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलाकार 30 जून तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला लाहौल-स्पीति हिमाचल प्रदेश द्वारा जिला लाहौल-स्पीति के गायन, वादन, नृत्य, लोक नाटक और अन्य लोक विधाओं के कलाकारों का पंजीकरण व वर्गीकरण के तहत लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में कलाकारों की प्रतिभा का आकलन किया जाएगा। जिला भाषा अधिकारी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रोमिला गुलेरिया ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तरीय मेलों, उत्सवों में कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन के आधार पर कलाकारों को श्रेणीबद्ध किया जाएगा। उच्च श्रेणी में वे कलाकार शामिल होंगे, जिन्होंने राज्य स्तरीय मेलों में प्राइम टाइम में सात बार, राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन बार प्रस्तुति दी हो। ऐसे कलाकार जो प्रमुख टीवी लाइव शो जैसे इंडियन आइडल और सारेगामापा विजेता या उपविजेता रहे हो, वे भी उच्च श्रेणी में शामिल किए जाएंगे। द्वितीय श्रेणी में वे कलाकार होंगे, जो हिमाचल यूथ फेस्टिवल में विजेता या उपविजेता रहे हो। इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 30 जून तक रहेगी।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान टीम, कुल्लू




जिला कुल्लू में वीरवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर जगह-जगह पौधरोपण व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसी कड़ी में भुट्टिको भुट्टि वीवर्ज को-ऑपरेटिव सोसायटी तथा ठाकुर वेदराम मेमोरियल सोशल, कल्चरल, वेल्फेयर एवं एंवायरनमेंट सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर वन भूमि तथा भुट्टिको परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का पौधरोपण कर समाज को पर्यावरण के प्रति आम जनों की जिम्मेदारियों का सुदृढ़ संदेश दिया गया। भुट्टिको के अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने पेड़ों और उनके महत्व पर जानकारी देते हुए अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण के बिगड़ते स्वरूप को संतुलित करने के लिए खाली भूमि पर पेड़ों का लगाया जाना आज के समय की त्वरित आवश्यकता है। वहीं, राजकीय केंद्र उत्कृष्ट प्राथमिक विद्यालय आनी में दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अध्यापक यशपाल ने बताया कि अध्यापकों, छात्रों और अविभावकों ने मिलकर देवदार के 25 पौधे विद्यालय परिसर में रोपे। साथ ही क्यारियों में फूल लगाए। उधर, कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन मुख्य संचालिका संजना गुप्ता, विपुल एवं पर्यावरण संग के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर नौनिहालों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा प्रथम तथा दूसरी के विद्यार्थियों ने (गतिविधि दिखाओ और बताओ) के माध्यम से पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उपाय बताए।

कक्षा तीसरी से आठवीं के छात्रों ने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए स्लोगन, कविताओं के माध्यम से संदेश दिया और पौधरोपण किया। स्कूल प्रबंधक सुरेश कुमार ने बताया कि प्लास्टिक कचरा पर्यावरण को प्रदूषित करता है और नुकसान पहुंचाता है। वहीं, कापर परी एजंल मॉडल स्कूल लरांकेलो में पर्यावरण दिवस का आयोजन रैली निकालकर किया गया। रैली लरांकेलो से नगर सीनियर सेकेंडरी स्कूल तक ले जाई गई, जहां पर इस कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। प्रधानाचार्य ने सभी स्कूलों का अभिनंदन किया। इसमें कई स्कूल शामिल हुए, जैसे परी एंजेल स्कूल औट स्टेप, जोनवेस्ले स्कूल, गरूम पब्लिक स्कूल, नाथन गवर्नमेंट स्कूल आदि। क्रिच फाउंडेशन के प्रबंधक श्याना डिनोलोवा ने सभी बच्चों और सभी प्रधानाचार्य का धन्यवाद किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अवगत कराना था कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में क्या महत्व होता है। उधर, मनाली में भी विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मनाली के विभिन्न स्कूलों और पंचायतों में पर्यावरण दिवस मनाया गया और पौधरोपण किया गया। वहीं, पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की। इस दौरान नग्गर गांव में भी पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान नग्गर पंचायत में विभिन्न विभागों ने स्कूली बच्चों व पंचायत प्रतिनिधियों, राधा एनजीओ के साथ मिलकर पौधरोपण किया।

### विधायक लोकेंद्र कुमार के निर्देश पर भी विभाग ने नहीं लिया संज्ञान

# नित्थर बाजार में सड़क बनी तालाब

एसआर शर्मा, अनंत ज्ञान



नित्थर बाजार में गंदे पानी से भरी सड़क।

**निरमंड।** आनी बाह्य सिराज के अंतर्गत नित्थर बाजार में जनता जल भराव की स्थिति से बेहद परेशान है। हालांकि, बारिश फसलों की अच्छी पैदावार के लिए वरदान साबित हो रही है, मगर नित्थर बाजार में वर्षा के चलते जलभराव की समस्या पैदा होने से यह वर्षा अभिशाप बनती जा रही है।

बीते दिन हुई भारी बारिश से नित्थर बाजार में जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने लोक निर्माण विभाग नित्थर को इसके सुधार के लिए निर्देश भी दिए थे। इसके बावजूद भी इस जल भराव की समस्या का कुछ हल नहीं हो पाया। नित्थर के नरेश कुमार, सतीश कुमार, शीश पाल, संतोष शर्मा, संतोष ठाकुर व अन्य कई दुकानदारों का कहना है कि सड़क में जल भराव से यह पानी गाड़ियों के चलने से सीधा उनकी दुकानों में उछल रहा है, जिससे उनका सामान खराब हो रहा है। बावजूद इसके समस्या का कोई हल न होने से जनता बेहद परेशान है। सड़क पर पानी जमा होने से राहगीरों व स्कूली बच्चों का चलना मुश्किल हो गया है, जबकि ये बाजार आठ पंचायतों का केंद्र बिंदु है, मगर लोक निर्माण विभाग इसके सुधार करने में असमर्थ है। लोगों का कहना है कि विभाग जल्द इस समस्या का सुधार करे, अन्यथा जनता को मजबूरन विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। वहीं, इस बारे में सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग नित्थर कमल देरटा का कहना है नित्थर बाजार में जब टारिंग का कार्य चलेगा, उस समय यहां की समस्या को सुधार लिया जाएगा।

# सराहर स्कूल से ट्रांसफर हो गए सारे प्रवक्ता, छात्र पलायन करने को मजबूर

## जमा एक और दो में नहीं बचा कोई विद्यार्थी, बंद होने की कगार पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

- सरकार ने रिक्त पदों को भरने के बजाए एक-एक कर सभी प्रवक्ताओं का कर दिया तबादला
- 18 वर्षों से ही नहीं भरे गए ज्योग्राफी, गणित व संस्कृत विषयों के प्रवक्ताओं के पद

**आनी।** सरकार के फरमान हैं कि जिन स्कूलों में एनरोलमेंट नहीं है या कम है उन्हें डिनोटिफाई कर दिया जाए, इसी लिस्ट में अब निरमंड शिक्षा खंड के सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराहर का नाम भी जुड़ने वाला है क्योंकि यहां सरकार ने रिक्त पदों को भरने के बजाए एक-एक कर सभी प्रवक्ताओं का तबादला कर दिया है। फलस्वरूप अध्यापकों के सभी पदों के रिक्त हो जाने पर अब स्कूल के जमा एक और जमा दो कक्षा में कोई भी छात्र बाकी नहीं बचा है। छात्रों ने एक-एक कर स्कूल से पलायन कर लिया है क्योंकि अपने बच्चों का भविष्य सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा दांव पर लगता देख अभिभावकों ने मजबूरन अपने बच्चों को दूरदराज के स्कूलों में दाखिला दिलाया है, ताकि उनके बच्चे पढ़-लिख सकें।

### पूर्व विधायक किशोरी लाल सागर ने गोद लिया है स्कूल

**हैरानी** इस बात की है कि सराहर के इस स्कूल को पूर्व में भाजपा से दो बार विधायक रह चुके और वर्तमान में कांग्रेस में शामिल हुए किशोरी लाल सागर ने गोद लिया है, लेकिन इस बारे में जब किशोरी लाल सागर से बात की तो उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में हमने यहां पूरा स्टाफ भर्ती कर रखा था। उन्होंने स्टाफ को लेकर अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि वे स्टाफ की स्थिति की जानकारी लेंगे और शिक्षा मंत्री से बात करेंगे।

### छात्रों की संख्या हुई जीरो

**सरकार** ने रिक्त पदों को भरने के बजाए स्कूल से इतिहास, हिंदी और शारिरिक शिक्षकों का भी बीते कुछ दिनों में तबादला कर डाला। सरकार और शिक्षा विभाग की इस अनदेखी का परिणाम यह हुआ कि स्कूल में कुछ वर्षों पहले जमा एक और जमा दो में 23 छात्रों की संख्या घटकर आज जीरो कर दी गई है और यही वह संख्या और कारण है जिसके आधार पर सरकार स्कूल बंद करने की नोटिफिकेशन जारी कर देती है।

**इस** बारे में स्कूल के कार्यकारी प्रिंसीपल सुरेश ठाकुर का कहना है कि स्कूल के रिक्त पदों की सूची समय-समय पर उच्चाधिकारियों को भेजी जाती है।

### 2006 में अपग्रेड स्कूल में 18 सालों से नहीं कई प्रवक्ता

**2006** में जमा दो अपग्रेड हुए इस स्कूल में प्रिंसिपल समेत महत्वपूर्ण विषयों के 10 के 10 पद खाली चल रहे हैं। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल का कार्यभार एक टीजीटी अध्यापक को सौंप रखा है। हैरान कर देने वाली बात यह है कि शील्ली और लोट आदि दुर्गम पंचायतों के दर्जनों गांवों के बच्चों की शिक्षा के इस केंद्र में ज्योग्राफी, गणित और संस्कृत विषयों के प्रवक्ताओं के पद इस स्कूल के जमा दो अपग्रेड होने से अब तक यानी 18 वर्षों से ही नहीं भरे गए, जबकि अंग्रेजी, इकोनॉमिक्स के प्रवक्ताओं के पद अढ़ाई वर्षों से खाली हैं। दो वर्षों से स्कूल में प्रिंसीपल ही नहीं है।

### एसएमसी व अभिभावकों में रोष

**सरकार** और शिक्षा विभाग की इस अनदेखी पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार और अभिभावकों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरकार की सरासर अनदेखी है, जो आज सराहर का यह स्कूल बंद होने की कगार पर खड़ा है। उन्होंने सरकार से स्कूल में रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग की है।

# मनाली अस्पताल में मोतियाबिंद के किए 28 सफल ऑपरेशन

अनंत ज्ञान, मनाली



मिशन अस्पताल मनाली में मोतियाबिंद के निशुल्क 28 सफल ऑपरेशन किए गए हैं। दो से पांच जून तक चले शिविर में 200 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई।

निशुल्क शिविर सीएमसी लुधियाना के सहयोग से आयोजित किया गया। वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. नितिन बतरा और उनकी टीम ने इस शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की। डॉ. नितिन बतरा ने कहा कि वह हर वर्ष मनाली ही नहीं, बल्कि लाहौल-स्पीति के काजा घाटी और किल्लाड जैसे दुर्गम क्षेत्र में जाकर इस सेवा को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। यह प्रयास भविष्य में भी जारी रहेगा। मोतियाबिंद के साथ-साथ, आंखों में मांस बढ़ने (नाखुना) जैसी जटिलताओं की भी सफल शल्य चिकित्सा की गई। नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम ने शिविर के दौरान संचालन, देखभाल और रोगियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए फिलिप ने डॉ. नितिन बतरा और उनकी टीम के साथ-साथ अस्पताल के चिकित्सा स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दृष्टि लौटाना सबसे प्रभावशाली उपहारों में से एक है। हमें सेवा और आशा के इस कार्य को आगे बढ़ाने पर गर्व है। रोगियों और उनके परिजनों ने अस्पताल द्वारा सही देखभाल, सहानुभूति और कुशल उपचार के लिए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। अलेउ गांव के भगवान दास, मनाली गांव के बुध राम, क्लाथ की सैन देवी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस सर्जरी ने उन्हें पुन: अपने दैनिक जीवन को आत्मनिर्भरता से जीने का अवसर दिया है।

# हिंदी भाषण में उपलक्ष, अंग्रेजी में शिवांगी प्रथम

### सिमरन ने बनाई बेहतरीन चित्रकला, ग्लोबल स्कूल ने पर्यावरण दिवस पर करवाईं प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू




स्कूल में पर्यावरण दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता शिक्षकों के साथ।

ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैंपस में दो प्रतियोगिताएं करवाईं। इस कार्यक्रम का आरंभ पर्यावरण पर तैयार किए गए एक नाटक से किया गया, जिसका निर्देशन अध्यापिका इंद्रा ने किया। प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज ने बताया कि इस अवसर पर चार सदनों के बीच प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

निर्णायक मंडल के सदस्यों में इंद्रा, जगदीश, अनु व अंजलि शामिल रहे। हिंदी और अंग्रेजी में भाषण प्रतियोगिताएं करवाई गईं। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में विवेकानंद हाउस से उपलक्ष महाजन ने प्रथम तथा रितिका ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में भगतसिंह सदन से शिवांगी प्रथम तथा आर्यभट्ट सदन से ल्हामो द्वितीय स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में सिमरन प्रथम, सोनाली द्वितीय तथा चिराग तृतीय स्थान पर रहे। नाटक में भूमिका निभाने वाले कलाकारों ध्रुव, आयुष रॉय, गौरव ठाकुर, नव्या, अंशिका सकलानी, अंजलि, अर्चित परमार, उपलक्ष महाजन और विवेक को भी प्रशंसा पुरस्कार दिए गए। प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज व प्रशासक कैलाश गौतम ने सबको बधाई देते हुए पुरस्कार वितरित किए। हिमानी व गीतांजलि ने सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल प्रशासक कैलाश गौतम तथा सभी स्टाफ के सदस्य इंद्रा, जगदीश, रजनी, अनु, सुनीता, हिमानी, सोमिला, रीनू शर्मा, ममतारानी, अंजलि, गीतांजलि, प्रेमा, ज्योति, चंपा, आदित्य पूर्ण सिंह, गोविंद, संदीप, रमेश, तिलक राज, ममता, रीनू कुमारी, रजीना, रीनू तथा हीरामणि आदि मौजूद रहे।

## हिमकेयर और आयुष्मान हेल्थ कार्ड की सुविधा शुरू

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय वृत्त आयुर्वेदिक अस्पताल कटराईं में अब आयुष्मान तथा हिम केयर हेल्थ कार्ड के माध्यम से मरीजों को इलाज की सुविधा शुरू हो गई है। जानकारी देते हुए वृत्त आयुर्वेदिक अस्पताल कटराईं के इंचार्ज डॉक्टर जसविंदर कपूर ने बताया कि आयुर्वेदिक अस्पताल कटराईं पहले से ही हिमाचल सरकार की हिम केयर तथा



आयुष्मान योजना में सूचीबद्ध था, लेकिन डाटा एंट्री ऑपरेटर उपलब्ध न होने के चलते इन योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा था। उन्होंने कहा कि मरीज को बीमारी की सूरत में आयुर्वेदिक अस्पताल में दाखिल होने पर हिम केयर तथा आयुष्मान हेल्थ कार्ड द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध होंगी, जिनमें रोगी के सभी क्लीनिकल टेस्ट तथा दवाइयों का खर्च भी शामिल रहेगा। उन्होंने लोगों से सरकार द्वारा दी जा रही सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

# अस्पतालों में पर्ची शुल्क 10 रुपए करना शर्मनाक व दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय : डॉ. मार्कंडेय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में पर्ची शुल्क 10 रुपए करना बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों से 10 रुपए पर्ची शुल्क लेने का निर्णय लिया है, जोकि तर्क संगत नहीं है।



उन्होंने कहा कि पूर्व में अस्पतालों में मुफ्त पर्ची और सभी टेस्ट बिलकुल मुफ्त करवाने की सुविधा दी जा रही थी, जिससे गरीब व वंचित लोग सुरक्षित महसूस करते थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने एक के बाद एक जनविरोधी निर्णयों से गरीबों और उनकी सुविधाओं को एक-एक कर छिनने का कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि बसों में भारी भरकम किराया वृद्धि के बाद अब स्वास्थ्य सुविधाओं को गरीबों की पहुंच से दूर किया जा रहा है। मार्कंडेय ने कहा कि प्रदेश की गरीब जनता को अब तक जो अस्पतालों में विभिन्न टेस्टों की फ्री सुविधा मिल रही थी, सूक्खू सरकार ने अब उन टेस्ट का भी शुल्क लेना शुरू कर दिया है। ऐसे में कांग्रेस सरकार अपनी आर्थिक स्थिति का रोना रोकर अब गरीबों को भी प्रताड़ित करने में जुटी हुई है। यह दुखद है कि कांग्रेस की सुक्खू सरकार हिमाचल के लोगों के मौलिक अधिकारों को छीन रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हालात यह हैं कि प्रदेश के कई अस्पतालों में चिकित्सकों के पद खाली चल रहे हैं, कई जगह एक्स-रे मशीने खराब हैं, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान देने की बजाए जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से प्रदेश के लाखों मरीजों को परेशानी उठानी पड़ेगी क्योंकि सरकार ने पहले ही उनके कई लाभ बंद कर दिए हैं और अब स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा पर भी शुल्क लगाकर वह आम जनता का शोषण करने में जुटी हुई है।

**रोष** समय रहते प्रक्रिया पूरी न हुई, तो विभाग को हो सकती परेशानी

# गिफ्ट डीड का आज तक नहीं हुआ इंतकाल

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** सड़क निर्माण कार्य के लिए जिन ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग को अपनी भूमि दान दी थी, उन सभी की गिफ्ट डीड तो विभाग को सौंप दी गई थी, लेकिन अधिकांश मामलों में आज तक उनका इंतकाल विभाग के नाम नहीं हो पाया है।

इससे न केवल भूमि दानदाताओं में रोष है, बल्कि भविष्य में निर्माण संबंधी कानूनी पेच भी सामने आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार, कई वर्षों से सैकडों संबंधित गिफ्ट डीड लोक निर्माण विभाग के निरमंड मंडल के पास जमा हैं, लेकिन उनका वैधानिक रूप से इंतकाल नहीं किया गया है, जबकि आने वाले समय में लोक निर्माण विभाग को इस लापरवाही के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। राजस्व मामलों के जानकारों का कहना है कि सड़क निर्माण में दान दी गई भूमि की भले ही गिफ्ट डीड लोगों ने दी हो, लेकिन आने वाले समय में जब इंतकाल की बारी आएगी, तो उस मामले में परेशानी हो सकती है। इसमें गिफ्ट डीड देने वाले मूल मालिक का देहांत हो गया हो, ऐसे में डीड अब उन उत्तराधिकारियों के नाम से दोबारा तैयार करवानी होगी, जिनके नाम पर संपत्ति स्थानांतरित हुई है। ऐसे ही एक मामले के अनुसार वर्तमान में नेशनल हाईवे-305 की बात करें, तो इस सड़क में लगी लोगों की जमीन के 1982 से लेकर आज तक करीब 7 मालिक बदल चुके हैं, जबकि गिफ्ट डीड 1982 की है और अब जब विभाग इसका इंतकाल करना चाहेगा, तो उसे फिर से उसी प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा।

इसके अलावा कुछ भू-स्वामियों ने जिन जमीनों की डीड की थी, उन पर पहले से बैंक का कर्ज चल रहा है। ऐसे में भूमि का इंतकाल तभी संभव होगा, जब वह जमीन कर्जमुक्त (भार मुक्त) घोषित की जाएगी। इसके अलावा गिफ्ट डीड दी जा चुकी कुछ संपत्तियों पर न्यायालय में मामले लंबित हैं, ऐसे में इन जमीनों के हस्तांतरण से पहले न्यायिक क्लियरेंस जरूरी है। आनी विधानसभा क्षेत्र के आनी और निरमंड उपमण्डल में गिफ्ट डीड दिए गए हर मामले में नई जमाबंदी (खेत खसरा विवरण) की आवश्यकता है, ताकि भूमि का सही रिकॉर्ड प्रस्तुत किया जा सके। इतना ही नहीं जानकारी के अनुसार जिन सड़कों की गिफ्ट डीड लोक निर्माण विभाग राजस्व विभाग को हाल ही में जमा करवा भी रहा है, उसके सारे कागज प्रतिलिपि के रूप में जमा करवाए जा रहे हैं। ओरिजिनल नहीं ऐसे में यदि समय रहते दान दी गई भूमि की गिफ्ट डीड का इंतकाल नहीं करवाया गया, तो आने वाले समय में लोक निर्माण विभाग को मुश्किलों से गुजरना पड़ सकता है।

### क्या कहते हैं निरमंड मंडल के अधिशाषी अभियंता

**इस** बारे में लोक निर्माण विभाग के निरमंड मंडल के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार का कहना है कि बहुत सी पुरानी सड़कें इंतकाल के बाद लट्ठे में चढ़ाई जा चुकी हैं, जबकि अधिकतर मामलों में दान दी गई भूमि का इंतकाल हुआ नहीं है, जिसे साथ-साथ करवाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# पर्यावरण दिवस को एक दिन का इवेंट नहीं पूरे साल का महत्वपूर्ण अंग बनाएं : कल्पना

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान



**मनाली।** पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाना अच्छी बात है, लेकिन इसे एक दिन का इवेंट नहीं, बल्कि पूरे साल का महत्वपूर्ण अंग बनाना चाहिए। ये बात पर्यावरण दिवस पर अनंत ज्ञान से खास बातचीत करते हुए मिसेज इंडिया इंटरनेशनल-2017 कल्पना ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि मनाली में पर्यावरण स्वच्छ और साफ रहे तभी देश-विदेश के पर्यटक आएंगे। पर्यावरण संरक्षण का काम एक-दो का नहीं, बल्कि सभी को मिलजुल कर करना होगा। पेड़ लगाना ठीक है, मगर उस का संरक्षण करना बहुत महत्वपूर्ण है।

पेड़-पौधे हमें जिंदगी देते हैं इसलिए हमारा भी दायित्व है कि हम उनका संरक्षण करें। केवल पेड़ लगाने से पर्यावरण नहीं बचेगा, बल्कि घरों के आसपास चारों तरफ फैले कूड़े-कचरे का सही तरीके से निष्पादन कर ठिकाने लगाना चाहिए। कल्पना 2017 में चीन में मिसेज इंडिया इंट्रनेशनल का खिताब जीत चुकी हैं और लगातार समाज में महिला उत्थान के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए कम कर रही हैं। आज भी कल्पना अपने गांव में कहीं भी प्लास्टिक की बोतल या अंडे का ट्रे नजर आए, तो उठा लाती हैं और उन से घर के साज सज्जा का सामान बनाती हैं। आज उनके घर पर जो भी फूलों के गमले हैं, वह सभी खाली बोतलों और अंडे के ट्रे से बने हैं। कल्पना मनाली की गैर सरकारी संस्था राधा एनजीओ के बच्चों को समय-समय पर जा कर फेंकी हुई चीजों से साज सज्जा का सामान बनाने का प्रशिक्षण देती हैं। अभी हालही में उन्होंने सुंदरनगर मंडी प्रशासन के आग्रह पर नेरचौक मेडिकल कॉलेज में ऐसी वस्तुओं, जिन्हें हम बेकार समझ कर फेंक देते हैं, उन प्लास्टिक की चीजों से बनाए गए खूबसूरत परिधानों का शो करवाया था, जिसे देखकर सभी मंत्रमुक्त हो गए और मंडी डीसी अपूर्व देवगन ने उनके इस कार्य की सराहना की और उन्हें सम्मानित भी किया।

### कृषि सहकारी कर्मचारी प्रशिक्षण संस्थान का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# सहकारी सभाओं के विकास के बारे में बताया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



कुल्लू में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के समापन मौके पर मौजूद गणमान्य लोग।

जिला कुल्लू में सहकारी सभाओं की प्रबंध समिति के सदस्यों के लिए कृषि सहकारी कर्मचारी प्रशिक्षण संस्थान शिमला द्वारा विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कुल्लू में किया गया।

दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर का समापन वीरवार को जिला सहकार संघ भवन कुल्लू में हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सहकारी सभाओं के पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और व्यवसाय विकास योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल्लू जिला की विभिन्न सहकारी संस्थाओं से लगभग 40 लोगों ने भाग लिया, जिन्हें सहकारिता के क्षेत्र में प्रबंध समिति के कर्तव्य व जिम्मेदारियों की गहन जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान कई महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए गए, जिसमें केसीसी बैंक की निदेशक प्रेमलता ठाकुर ने बैंकिंग और सहकारी सभाओं के विकास तथा उनके आपसी संबंध पर विस्तृत जानकारी दी। एसीएसटीआई शिमला की सीनियर लेक्चरर शिवानी ने सहकारी सभाओं में प्रबंध समिति के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला और सीनियर लेक्चरर डोला सिंह ने सहकारी सभी को क्रेडिट एवं नॉन क्रेडिट संबंधित व्यवसाय पर जानकारी दी।

वहीं, राजेश जसवाल जिला अंकेक्षण अधिकारी सहकारी सभाएं कुल्लू ने व्यवसाय विकास योजना पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। इसमें सहकारी सभाओं के लिए नए व्यवसाय अवसरों और उनके कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। अनीता, डीडीएम नाबार्ड विभिन्न प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभाओं के लिए सरकारी योजनाओं और नाबार्ड की भूमिका पर जानकारी दी। प्रशिक्षण में सहकारिता में सहयोग की भावना, प्रबंधक समिति की महत्वपूर्ण भूमिका तथा कृषि क्षेत्र में जमीनी स्तर पर सदस्यों को घरद्वार पर सुविधाएं प्रदान करने पर जोर दिया गया। व्यवसायिक क्षेत्रों में विविधता लाने, जैसे ऋण वितरण, धन जमा करना, खाद वितरण तथा स्थानीय उत्पादों के प्रबंधन व विपणन तकनीकों को अपनाने पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि किसानों को अपनी उपज का सही मूल्य मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### धीड़ा-मोहरों सड़क का 8 जून को लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी 8 जून को सुबह 11 बजे मोहरों में धीड़ा-मोहरों-न्यौण घाट सड़क का उद्घाटन करेंगे। यह 5 किलोमीटर लंबी सड़क कमलाड़, महीपुर और शीतला पंचायत को जोड़ती है। इस सड़क पर बस ट्रायल को भी हरी झंडी दी जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को नियमित यातायात सुविधा मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर विधायक अजय सोलंकी अन्य सड़क परियोजनाओं का भी उद्घाटन और भूमि पूजन करेंगे। कार्यक्रम के बाद नैहली में एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा, जहां विधायक क्षेत्र के लोगों को आगामी योजनाओं की जानकारी देंगे।

### प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से बताया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** आत्मा परियोजना के अंतर्गत गांव बेमू भलेड़ा में प्राकृतिक खेती पर एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मास्टर ट्रेनर रूप लाल वर्मा ने उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से बताया। प्रगतिशील राजेंद्र ने किसानों से शून्य लागत प्राकृतिक खेती करने की अपील की। मास्टर ट्रेनर रूप लाल वर्मा ने कहा कि खेतों में रसायनिक खाद नाशी जहर डालने से जो हमारे स्वास्थ्य को खराब करते हैं। इसकी विस्तृत जानकारी दी। किसानों को अपने घर पर गोबर व गोमूत्र से बनने वाली खादें जैसे जीवा मृत, घन जीवामृत व सूखा घन जीवामृत बनाने की विधि बताई। इस प्राकृतिक प्रशिक्षण शिविर में 25 किसानों ने भाग लिया।

### सराहां स्कूल ने पंचवटी पार्क को लिया गोद

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला सराहां ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सराहां द्वारा निर्मित पंचवटी पार्क को गोद लिया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ बच्चों, अभिभावकों ग्राम पंचायत सराहां के उप-प्रधान नरेंद्र गोसाई व पंचायत सचिव ने भी पूर्ण सहयोग दिया। जेबीटी अध्यापक शिशु भारद्वाज ने बताया कि पौधरोपण के साथ-साथ उनका सर्वांगल भी बहुत महत्वपूर्ण है। शिशु भारद्वाज ने कहा कि जो भी पौधे आज लगाए गए, उनका शत प्रतिशत सर्वांगल पर पाठशाला का ध्यान रहेगा। इस अवसर पर पंचायत उपप्रधान नरेंद्र गोसाई ने भी सभी अभिभावकों व बच्चों को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी।

### राजगढ़ व शिलाई के वार्डों के परिसीमन तय

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने वर्ष 2025-26 में होने वाले शहरी निकायों के निर्वाचन के लिए नगरपंचायत राजगढ़ व शिलाई के वार्डों का परिसीमन निर्धारण कर सूची जन साधारण के अवलोकन के लिए अधिसूचित की है। अधिसूचना के अनुसार यदि जन साधारण को इन नगरपंचायतों के वार्डों के परिसीमन संबंधी आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वह 9 जून सायं 5 बजे तक अपना आक्षेप एवं सुझाव लिखित रूप में डीसी सिरमौर को प्रस्तुत कर सकते हैं।

### अर्की के वार्डों का सीमांकन प्रारूप प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, अर्की।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने नगर पंचायत अर्की के सभी वार्डों के सीमांकन के संबंध में प्रारूप प्रस्ताव का प्रकाशन कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी निवासी को प्रस्ताव में निहित अधिसूचना से संबंधित कोई आपत्ति या सुझाव हो तो वह अधिसूचना के प्रकाशन से 7 दिन के भीतर फार्म 2 भरकर सुझाव अथवा आपत्ति डीसी कार्यालय में प्रेषित कर सकता है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि प्रारूप सीमांकन के अनुसार नगर पंचायत अर्की के सभी 7 वार्डों की परिधि दर्शाई गई है।

### छोगटाली में कक्कड़ क्रीड़ा परिसर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छोगटाली में लाखों रुपए की लागत से विकसित कक्कड़ क्रीड़ा परिसर का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य एवं प्रवक्ता संघ चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर और सेवानिवृत्त प्रवक्ता भूपेंद्र चौहान विशिष्टातिथि के रूप में मौजूद रहे। स्कूल की कार्यकारी प्रधानाचार्य विजय कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस परिसर के लिए दिल्ली स्थित राम शरण दास किशोरी लाल चेरिटेबल ट्रस्ट ने 2.28 लाख की लागत से जूडो व कुश्ती मैट उपलब्ध करवाए। पूर्व प्रधानाचार्य पुंडीर ने बताया कि शारीरिक शिक्षक राम लाल सूर्या के मार्गदर्शन में छात्र हर वर्ष राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष बृज मोहन कक्कड़ ने छात्रों की उपलब्धियों से प्रेरित होकर यह सहयोग प्रदान किया।

### कांग्रेस नेता संजीव के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और दाड़लाघाट की जानी मानी हस्ती संजीव गुप्ता का वीरवार सुबह शिमला स्थित उनके निवास स्थान में निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात उन्हें दिल का दौरा पड़ा और सुबह अपने आवास में मृत पाए गए। 60 वर्षीय संजीव गुप्ता बहुत ही मिलनसार एवं हंसमुख व्यक्ति थे। बचपन में स्कूली शिक्षा के दौरान वह नाटकों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया करते थे। उनके निधन पर विधायक अर्की संजय अवस्थी, ब्लॉक कांग्रेस अर्की अध्यक्ष सतीश कश्यप, पूर्व उपप्रधान राजेश गुप्ता, एडीकेएम प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला, बीएलएल प्रधान जगदीश ठाकुर, आदि ने गहरा दुख जताया।

### रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडीधार में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रैली का आयोजन प्रधानाचार्य डीडी सिमर की अगुवाई में किया गया। इसमें लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जन-जन तक यह संदेश पहुंचाया गया कि किस प्रकार से बदलते परिवेश में पर्यावरण की सुरक्षा की जा सकती है। इस रैली का आयोजन एनएसएस इकाई, गरुड़ ईको क्लब, स्काउट एंड गाइड के बैनर तले किया गया।

### रैली निकालकर प्लास्टिक हटाओ का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत विकास परिषद सोलन शाखा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय माध्यमिक विद्यालय सपरून में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों और स्टाफ के साथ मिलकर रैली निकाली गई और प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना विषय पर जागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रवि कांत सूद ने की। भारत विकास परिषद प्रांत के पर्यावरण संरक्षक डॉ. मुकेश प्रभाकर ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के टिप्स दिए और 2025 की पर्यावरण थीम पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इससे पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) सोलन में भी इसी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया था। इस अवसर पर परिषद के पर्यावरण संयोजक राजन जैन व उनकी टीम ने बच्चों को जूस, पैन और कपड़े के थैले वितरित किए।

### पर्यावरण बचाने के लिए उपयुक्त प्रयास करने को कहा

**आशीष, अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट के आईटीआई खेल मैदान में अंबुजा फाउंडेशन के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अशोक चौहान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके अलावा वन परिक्षेत्र अधिकारी सुदर्शन, कृषि विकास अधिकारी अमर सिंह एवं पशु चिकित्सा अधिकारी मानवी चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने इस पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों से उपयुक्त प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि खेतों में रासायनिक खादों का प्रयोग न कर भी प्राकृतिक खेती को अपनाकर हम पर्यावरण को बचाने में सहयोग कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों के लिए 17 को साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, कसौली।** समेकित बाल विकास परियोजना धर्मपुर के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 2 तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 11 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार 17 जून को प्रातः दस बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मपुर के कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मपुर ने दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वृत्त परवाणू के अंतर्गत ग्राम पंचायत टकसाल के तहत आंगनबाड़ी केंद्र गुम्मा तथा आंगनबाड़ी वृत्त कृष्णगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत दाड़वा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र बनलगी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक-एक पद भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र धर्मपुर, आंगनबाड़ी केंद्र आंजीमातला, आंगनबाड़ी केंद्र शलोई, आंगनबाड़ी केंद्र नालवा, आंगनबाड़ी केंद्र बांजणी, आंगनबाड़ी केंद्र मोतीकोना, आंगनबाड़ी केंद्र दत्यार, आंगनबाड़ी केंद्र गोयली, आंगनबाड़ी केंद्र आंजी, आंगनबाड़ी केंद्र सुनारड़ी तथा आंगनबाड़ी केंद्र गुम्मा में आंगनबाड़ी सहायिकाओं का एक-एक पद भरा जाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण वैश्विक दायित्व : मेलाराम


**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरिपुरधार में भाजपा मंडल संगड़ाह द्वारा पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देवदार और कैल के सैकड़ों पौधे रोपे। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला भाजपा प्रवक्ता एवं कार्यक्रम संयोजक मेलाराम शर्मा ने बताया कि यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी और जागरूकता का प्रतीक है। इस दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पृथ्वी की सुरक्षा केवल वैज्ञानिकों और नेताओं का काम नहीं है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी बन चुकी है। पर्यावरण संरक्षण पूरे विश्व की समस्या बन चुकी है और इसमें हर नागरिक को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना होगा।

# लोगों को पेयजल किल्लत से नहीं निजात

## गिरि में तकनीकी खराबी से रुकी लिफ्टिंग, अश्वनी पेयजल योजना से सप्लाई बंद

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** नगर निगम और जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली से सोलन शहर के लोगों को पेयजल किल्लत से निजात नहीं मिल पा रही है। नगर निगम ने कुछ दिन पहले वाटर टैंकों की सफाई के चलते पानी की राशनिंग शुरू की थी। इससे लोगों को मांग अनुसार पानी नहीं मिला, अब यह कार्य पूरा हुआ, तो जल शक्ति विभाग का सिस्टम बिगड़ गया। जानकारी के मुताबिक शहर की प्यास बुझाने वाली जल शक्ति विभाग की गिरि पेयजल योजना के लिफ्टिंग पंप में खराबी आने से वीरवार को दिन के समय पानी की लिफ्टिंग रूक गई। वहीं, गाद की समस्या के चलते अश्वनी पेयजल योजना से लिफ्टिंग नहीं की जा रही है। इससे शहर की आधी आबादी को अब पानी के लिए एक से दो दिन का इंतजार करना पड़ेगा। यदि सूरते हाल ऐसे ही रहे, तो लोगों को राज्य स्तरीय मेले तक पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ेगा।



खाली पड़ा नगर निगम का वाटर टैंक।

### मांग अनुसार पानी की लिफ्टिंग नहीं

महापौर उषा शर्मा ने कहा कि आगामी दिनों में लोगों को बीमारियों से न जूझना पड़े। इसे देखते हुए टैंकों की सफाई की गई है, अब टैंकों में पानी की स्टोरेज की जा रही है। तकनीकी कारणों के चलते जल शक्ति विभाग से मांग अनुसार पानी की लिफ्टिंग नहीं हो रही है। उम्मीद है कि एक दो दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। योजना के अनुसार पानी शहरवासियों को मिलेगा। लोगों का आरोप है कि नगर निगम ने मुख्य भंडारण टैंक की साफ-सफाई करवाने की सूचना पहले नहीं दी। अचानक इस प्रकार के निर्णय से लोगों को परेशान होना पड़ेगा। लोगों ने कहा कि अगर निगम ने कोई इस प्रकार का निर्णय लेना था, तो जून के बाद लेते। पिछले सप्ताह भी पानी की किल्लत से लोगों को परेशान होना पड़ा था। लोगों ने कहा कि पानी की स्टोरेज भी वे लोग नहीं कर पाए हैं।

### गर्मियों में बढ़ती है समस्या

**शहर** में रोजाना 90 लाख लीटर पानी की रोजाना जरूरत होती है। इसकी पूर्ति गिरि और अश्वनी योजना से की जाती है। यहां से भंडारण टैंक तक पानी पहुंचता है। सोलन में गर्मियों के मौसम में पेयजल की मांग बढ़ जाती है। इसके चलते शहर में समान रूप से पेजयल का वितरण नहीं हो पाता। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम वार्डों में वाटर टैंकों का निमार्ण करना चाहती है। यदि वार्डों में वाटर स्टोरेज टैंक बन जाते हैं, तो इससे लोगों को एक समान मात्रा में पेयजल का वितरण संभव होगा। टैंक बनने से पानी की स्टोरेज क्षमता भी बढ़ेगी, जिसके चलते आपात स्थिति से निपटना भी आसान होगा। शहर में कुल 17 वार्ड हैं। योजना के तहत वार्ड-12, 13, 14 और 7 में वाटर टैंक बनाए जाने हैं। इसी तरह अन्य वार्डों में कम क्षमता से वाटर टैंक बनाने की योजना है। यह तभी संभव होगा, जब इसके लिए जमीन उपलब्ध होगी। मुख्य टैंकों में पानी की मात्रा कम होने की स्थिति में शहर के दूरवर्ती क्षेत्रों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच पाता। इसके चलते लोगों की घरों में लगी टैंकियों में पानी नहीं पहुंच पाता। सलोगड़ा, खुंडीधार, चंबाघाट, कथेड़ और शामति क्षेत्रों में यह समस्या अधिक है।

# हिन्नर स्कूल में शिक्षक की तैनाती न होने से बच्चों का भविष्य अधर में

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** शिक्षा खंड कंडाघाट के राजकीय केंद्रीय प्रारंभिक स्कूल हिन्नर में तैनात जेबीटी शिक्षक का पद तबादला करने से खाली हो गया है। इनके स्थान पर कोई दूसरा शिक्षक तैनात नहीं किया। शैक्षणिक कार्य प्रभावित होने से क्षेत्र के लोगों ने शिक्षा मंत्री को पत्र देकर तुरंत शिक्षक की तैनात करने की मांग की है।

एसएमसी के प्रधान अजय कुमार और कई अभिभावकों ने बताया कि प्रारंभिक स्कूल में केवल एक जेबीटी शिक्षक था, जिसका पिछले महीने तबादला किया गया। इसके स्थान पर कोई दूसरा शिक्षक स्कूल में तैनात नहीं किया। स्कूल केंद्रीय विद्यालय है, इसको वर्तमान में सीएचटी चला रही है। इनके प्रशासनिक क्षेत्र में तीन अन्य प्रारंभिक स्कूलों का कार्य है। इन तीनों स्कूलों में भी केवल एक-एक शिक्षक है। कोई शिक्षक छुट्टी पर हो, तो हालत ऐसे कि कोई एक स्कूल बिना शिक्षक रहेगा। हिन्नर स्कूल में कार्यरत एक जेबीटी का तबदला करने और इसके स्थान कोई दूसरा तैनात न करने की वजह से क्षेत्र के लोग बच्चों के शैक्षणिक भविष्य खराब होता देख नाराज हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री के कार्यालय में पत्र देकर यह मामला उठाया, लेकिन अभी तक इसका सामाधान नहीं हुआ। स्कूल प्रबंधन समिति ने अधिकारियों से पहले मांग की थी कि जब तक स्कूल में दूसरा शिक्षक नहीं भेजा जाता, तब तक मौजूदा शिक्षक को रिलीव न किया जाए। इस मांग को नहीं सूना गया। इस कारण आज शैक्षणिक कार्य प्रभावित है और लोग नाराज हैं। उन्होंने सरकार से जल्द शिक्षक तैनात करने की मांग की है।

## कोटला स्कूल में धूमधाम से मनाया पर्यावरण दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला में बड़े उत्साह व उमंग के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। विद्यालय में एवरग्रीन ईको क्लब के कार्य प्रभारी विष्णु प्रभाकर व आरती गर्ग ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। सभी छात्रों ने चित्रकला, नारा लेखन, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से संदेश दिया। समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से सामूहिक रैली निकाली गई। इसमें सभी अध्यापक व छात्रों ने भाग लिया।

# पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में जेंडर संवेदनशीलता की जानकारी दी



**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में एक प्रभावशाली इन-हाउस क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय जेंडर संवेदनशीलता था।

इस सत्र का संचालन प्रख्यात शिक्षाविद एवं प्रेरणादायक वक्ता सुनील वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को लिंग और सामाजिक लिंग के बीच अंतर, अवचेतन पूर्वाग्रह, तंत्रिका स्तर, जेंडर सेंसिटिविटी और भारत में लैंगिक समानता को सुनिश्चित करने वाले प्रमुख कानूनों जैसे ज्वलंत विषयों पर जागरूक किया गया। सत्र की गतिविधियां अत्यंत विचारोत्तेजक रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों की पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देते हुए विषय की समझ को बढ़ाया।

इस अवसर पर हब्स ऑफ लर्निंग से जुड़े दस स्कूलों के शिक्षकों की भी सहभागिता रही, जिनकी उपस्थिति ने सत्र को बहुआयामी और संवादात्मक बनाया। विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए शिक्षकों ने इस चर्चा को समृद्ध बनाते हुए समावेशी शिक्षण के निर्माण की दिशा में उपयोगी संकेत प्रदान किए। पाइनग्रोव स्कूल द्वारा आयोजित कार्यक्रम शिक्षकों को संवेदनशील और समावेशी शिक्षण दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस पहल को शिक्षक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

## पर्यावरण की सुरक्षा के लिए किया पौधरोपण

**भूपेंद्र चंदेल अनंत ज्ञान, बद्दी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसायटी और क्योरटेक ग्रुप द्वारा बीबीएनडीए के सहयोग से निर्मित पार्क समेत आस पास के एरिया में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण में नगर निगम आयुक्त सोनाक्षी सिंह तोमर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए पौधरोपण किया। सोनाक्षी ने पार्क में वेलकम टू बद्दी साइन बोर्ड का शुभारंभ किया और पौधरोपण किया। यह पौधरोपण स्व. अमित सिंगला की याद में अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसायटी और क्योरटेक ग्रुप द्वारा किया गया। आईएएस सोनाक्षी तोमर ने क्योरटेक ग्रुप के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण के संरक्षण के लिए यह आवश्यक हो गया है कि समाज के सभी वर्ग आगे आएं। क्योरटेक ग्रुप के सीईओ सुमित सिंगला ने कहा कि क्योरटेक ग्रुप सामाजिक क्षेत्र के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी अग्रिम पंक्ति में रहेगा।

# जीनियस ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने रैली निकालकर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश



जीनियस ग्लोबल स्कूल के बच्चे रैली निकालकर पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जीनियस ग्लोबल स्कूल सोलन के छात्रों ने जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। यह रैली स्कूल से शुरू होकर बाइपास बस स्टॉप तक निकाली गई। इसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को पर्यावरण बचाने के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के संदेश जिसमें खुले में कूड़ा न फेंके, डस्टबिन का प्रयोग करें, पेड़ मत काटो, अधिक से अधिक पेड़ लगाओ, सेव अर्थ सेव एनवायरनमेंट, प्लास्टिक का प्रयोग न करो, जैसे स्लोगन से लोगों को पर्यावरण का महत्व बताया। स्कूल डायरेक्टर नीति शर्मा ने बताया कि पर्यावरण के प्रति जीनियस ग्लोबल स्कूल के बच्चे बेहद गंभीर है। स्कूली बच्चे अपने आसपास पेड़ पौधे भी लगाते रहते हैं। उन्होंने बताया कि वीरवार को बच्चों ने एक रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश दिया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया।

## कोटड़ी में 25 पौधों का किया रोपण

**अनुराग, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पंचायत कोटड़ी व्यास विकासखंड पांवटा साहिब के अंतर्गत पर्यावरण दिवस वन विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत प्रधान सुरेश कुमार की उपस्थिति में मनाया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष चमन लाहौल, वन विभाग के वन खंड अधिकारी अयोध्या व स्थानीय बीट के रक्षक अपेंद्र कश्यप व बीट के अंतर्गत आने वाले वनरक्षक अनिकेत, दीपक कुमार व नव भरती भी उपस्थित रहे। इस मौके पर वन मंडल अधिकारी ऐश्वर्या राज आईएफएस के आदेश अनुसार उनकी ओर से पौधरोपण बीट अधिकारी अयोध्या शर्मा की उपस्थिति में लगभग 25 पौधों का रोपण किया गया, जिनके साथ में पौध रक्षक जाल भी लगाए गए। वन परिक्षेत्र गिरि नगर के वन परिक्षेत्र अधिकारी नंदलाल ठाकुर, वन खंड अधिकारी ने बताया कि वन मंडल पांवटा साहिब के द्वारा यह कार्यक्रम सभी बिटों में चलाया जा रहा है।

## सिरमौर में आज मेगा मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से 9वीं राज्यव्यापी आपदा प्रबंधन मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन जिला सिरमौर के सभी उपमंडलों में 6 जून को किया जाएगा। यह जानकारी डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने देते हुए बताया कि यह मॉकड्रिल उपमंडल नाहन के रूचिरा पेपर मिल कालाअंब, त्रिलोकपुर कालाअंब को जोड़ने वाले त्रिलोकपुर पुल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र नाहन, डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन, उपमंडल पच्छाद के अंतर्गत सराहां बाजार, उपमंडल कफोटा के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सतौन, उपमंडल राजगढ़ के अंतर्गत नेहरू ग्राउंड के समीप राजगढ़ बाजार, उपमंडल शिलाई के गांव चयाना, उपमंडल संगडाह के अंतर्गत गांव पाब तथा उपमंडल पांवटा साहिब के अंतर्गत यमुना मंदिर नजदीक गुरुद्वारा पांवटा साहिब सभी स्थलां पर एक साथ आयोजित की जाएगी।

# आपदा के समय नुकसान को कम करने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक : डीसी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डीसी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने कहा कि आपदा के समय नुकसान को न्यून करने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

मनमोहन शर्मा आज आयोजित होने वाली 9वीं राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल एक्सरसाइज के संबंध में विभागीय अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारियों के प्रति टेबलटॉप अभ्यास की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि आपदा के दौरान बचाव के लिए जल्द सावधानियां बरतनी आवश्यक हैं। इसमें देरी जानो-माल के नुकसान को और बढ़ा सकती है इसलिए आपदा के समय बचाव की जानकारी रखना और त्वरित प्रतिक्रिया करना नितांत आवश्क है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के जीआईएस मेप रखना सुनिश्चित बनाएं, ताकि आपदा के समय वैकल्पिक रास्तों का उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित बनाएं कि उपमडल स्तर पर सभी लोक निर्माण विभाग कार्यालय के पास जेसीबी उपलब्ध रहे। उन्होंने अधिकारियों को जेबीसी रखने वाले ठेकेदारों की सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए। मनमोहन शर्मा ने राज्य बिजली बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा के समय आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले विभागों की बिजली प्राथमिकता के आधार पर पुनः स्थापित करना सुनिश्चित करें, ताकि आवश्यक कार्य सुचारू रूप से चल सके।

# महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नाहन**

राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने जिला सिरमौर के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान 59-शिलाई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कफोटा के लोगों के साथ संवाद किया और कहा कि हिमाचल प्रदेश में चुनाव पारदर्शी तरीके से किए जाते हैं।

स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य में मतदाता सूची का विशेष सारांश पुनरीक्षण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के शिलाई में मतदाता लिंग अनुपात में महिलाएं कम हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वह शिलाई के दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि शिलाई में मतदान के लिए महिलाओं को प्रेरित करने व पंजीकरण बढ़ाने में ग्राम पंचायत व अन्य स्थानीय निकायों का भी बहुमूल्य योगदान रहता है। राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि महिलाओं की मतगणना को बढ़ाने के लिए केंद्रित नीति बनाई गई है, जिसमें पंचायत रजिस्टर के साथ मतदाता सूची को मिलाकर सूची तैयार की जाएगी, ताकि कोई भी व्यक्ति छूटे नहीं। राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र में 111 पोलिंग बूथ हैं और हर बूथ में एक बूथ स्तर अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने स्थानीय लोगों से जो अभी तक मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं हैं उनको बूथ स्तर अधिकारी, निर्वाचन तहसील कार्यालय, उपमंडल अधिकारी कार्यालय आदि में संपर्क करके अपना पंजीकरण करने का आह्वान किया। उन्होंने बूथ स्तर अधिकारी और मतदाता के बीच समन्वय की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बाहर रह रहे मतदाताओं का ऑनलाइन पंजीकरण करने तथा पुरुष व महिलाओं की गणना के डाटा को एकत्रित करने के भी निर्देश दिए।



कफोटा के लोगों के साथ संवाद करती राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

**आयोजन** नागरिक अस्पताल अर्की में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

# हमारा पर्यावरण हमारी जिम्मेदारी: विजय



नागरिक अस्पताल अर्की में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मौजूद डॉक्टर व अन्य।

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** नागरिक अस्पताल अर्की में कार्यकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दुनीचंद के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर परामर्श विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार ने नर्सिंग छात्रों को पर्यावरण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है तथा हम लोगों ने अभी पर्यावरण की तरफ ध्यान नहीं दिया, तो वो समय दूर नहीं, जब हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। हमारा पर्यावरण हमारी जिम्मेदारी है। डॉ. शांडिल ने बताया कि 2025 का थीम है भूमि पुनरस्थपना, मरुस्थलीकरण, और सूखा प्रतिरोध।

डॉ. शांडिल ने पर्यावरण को बचाने के लिए हर साल कम से कम एक पेड़ लगाने, प्लास्टिक का प्रयोग न कर कपड़े या जूट के बैग का उपयोग करने, पानी की बचत करने, टपकती हुए नलकों को ठीक करवाने और आवश्यकता अनुसार ही जल का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया।

## सराहां में मनाया पर्यावरण दिवस

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां में विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक जागरूकता रैली, भाषण, नारा लेखन, पर्यावरण प्रतिज्ञा एवं समूह गान, लोक नृत्य आदि कार्यक्रमों का आयोजन कर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूल के ईको क्लब बुलबुल द्वारा सभी छात्राओं व अध्यापकों के साथ मिल कर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने पर्यावरण दिवस के महत्व बारे एवं एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम विभाग के आदेशानुसार 30 सितंबर तक विभिन्न चरणों में मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत विद्यालय की ओर से विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे और इस पूरी मुहिम में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन बारे व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

## स्कूल में निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट विद्यालय ओच्छघाट में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक पुनीत कौशल ने की। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा तथा धरती को साफ-सुधारा व प्लास्टिक मुक्त रखने के बारे में बच्चों को बताया। इस कार्यक्रम के दौरान ओच्छघाट पंचायत प्रधान पूनम शर्मा, एसएमसी प्रधान नरेश ठाकुर, एसएमसी सदस्यों, ईको क्लब प्रभारी मीनू चौहान, एनसीसी प्रभारी जय कृष्ण, एनएसएस प्रभारी अजय परमार ने छात्रों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इसके पश्चात सभी छात्रों, अध्यापकों और एसएमसी सदस्यों ने ओच्छघाट बाजार में पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान छात्रों ने बाजार से प्लास्टिक का कचरा भी साफ किया। बच्चों ने नारा लेखन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को जलपान भी करवाया गया।

# प्लास्टिक प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों के बारे में किया जागरूक




कोटला बरोग स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता रैली निकालते छात्र।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बरोग में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एसएमसी, अभिभावकों, कर्मचारियों और छात्रों के साथ मिलकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का विषय था प्लास्टिक प्रदूषण का अंत।

विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय कैंपस में बच्चों ने अपने मां के साथ एक-एक पौधा भी रोपा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्लास्टिक प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया, उन्हें बताया गया कि प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए हमें क्या कदम उठाने होंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी ने छात्रों को पॉली ब्रिक्स बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। पॉली ब्रिक्स बनाने से न केवल प्लास्टिक कचरे को कम किया जा सकता है, बल्कि यह एक उपयोगी उत्पाद भी हो सकता है। इसमें गांव के आसपास प्लास्टिक के रैपर्स पड़े होते हैं, उन्हें इकट्ठा कर बोतल के अंदर भरा जाता है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहन करने के लिए उन्हें एनवायरमेंट स्टूडेंट ऑफ द इयर अवार्ड से वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में नवाजा जाएगा। कार्यक्रम में एसएमसी, अभिभावकों और कर्मचारियों की भागीदारी से सामुदायिक एकता और सहयोग का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य और एसएमसी के सदस्यों ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

# एसबीआई ने विश्व पर्यावरण दिवस पर साइक्लोथॉन का किया आयोजन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय चंडीगढ़ ने वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक साइक्लोथॉन का आयोजन किया। यह साइक्लोथॉन देश भगत विश्वविद्यालय के सहयोग से मनाया गया।

साइक्लोथॉन में 400 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया। इसे नीरज भारती, महाप्रबंधक नेटवर्क-2, मनमीत एस छाबड़ा, महाप्रबंधक नेटवर्क-1, सुरजीत कौर पथेजा, निदेशक, प्रदर्शन कला और मीडिया, देशभगत विविऔर बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

साइकिल चालकों को संबोधित करते हुए नीरज भारती ने कहा कि हमें इस बारे में सोचना चाहिए कि हम अपने ग्रह की बेहतर देखभाल कैसे कर सकते हैं। भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रूप में, हमने पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के उद्देश्य से अपनी स्थिरता यात्रा शुरू की है। प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना हम में से हर एक के साथ शुरू होता है। उन्होंने चंडीगढ़ में लोगों को पर्यावरण दिवस का संदेश फैलाने के लिए पारिस्थितिक योद्धाओं के रूप में साइकिल चालकों को प्रेरित किया तथा उन्हें इस अवसर पर बधाई दी।

# पानीपत में मिड-डे मील कर्मियों ने शिक्षा मंत्री का आवास घेरा

## मांगों को लेकर ओएसडी गुलाब पांचाल को सौंपा ज्ञापन

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**पानीपत।** हरियाणा के मिड-डे-मील कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर गुरुवार को हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। मंत्री की गैर-मौजूदगी में उनके ओएसडी गुलाब पांचाल को अपना ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को प्रदेश भर से हजारों मिड-डे-मील कुक स्थानीय देवीलाल पार्क में इक्ट्ठी हुई। वहां से एक विशाल जुलूस की शक्ल में अपनी मांगों के नारे लगाते हुए शिक्षा मंत्री के आवास की तरफ निकले। उनकी मांग थी कि मिड-डे-मील कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।

यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष राजबाला पालुवास ने बताया कि यह 7,000 रुपए मासिक मानदेय भी उन्हें कई-कई महीनों तक नहीं मिलता। हमारी मांग है कि सरकार हमें पूरे 12 महीने का मानदेय श्रमिक के लिए लागू न्यूनतम वेतन के समान हर महीने की 7 तारीख तक नियमित रूप से भुगतान करे। मिड-डे मील कर्मियों को सरकार द्वारा साल में दो ड्रेस के महज 800 रुपए दिए जाते हैं। इतने में तो सिलाई के भी पूरे नहीं होते। दो ड्रेस के लिए कम से कम 3,000 रुपए सालाना दिए जाएं। रिटायरमेंट की उम्र 65 साल की जाए और रिटायर होने पर एकमुश्त 5 लाख रुपए की सहायता दी जाए। निशुल्क चिकित्सा व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाए। यूनियन की महासचिव कुसुम पांचाल जो पूरे प्रदेश की कुकों की आवाज बन रही थी, उसे बिना कोई कारण बताए नौकरी से हटा दिया गया। हम मांग करती हैं कि कुसुम पांचाल को तुरंत प्रभाव से कुक की नौकरी पर बहाल किया जाए।

मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन के इस विशाल प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन की प्रदेश प्रधान राजबाला पालुवास ने किया इस रैली में पूरे हरियाणा के सोनीपत, पानीपत, हिसार, भिवानी, दादरी, रोहतक, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़, झज्जर, नूंह, गुड़गांव, कैथल, करनाल आदि विभिन्न जिलों से मिड-डे-मील कर्मियों ने भाग लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा चंडीगढ़ द्वारा वार्ड नंबर 7 में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और समाज में हरियाली की अहमियत को रेखांकित करना था।

इस अवसर पर भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जतिंदपाल मल्होत्रा ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ पार्षद मनोज सोनकर, कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक शक्ति प्रकाश देवशाली, सह-संयोजक समीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष भूपिंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं कार्यकर्ताओं ने मिलकर मंडल में विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपे और पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एक वृक्ष केवल छाया ही नहीं देता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भविष्य की नींव भी रखता है। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास समाज को हरित और सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे इस तरह के पर्यावरणीय अभियानों से यह संदेश स्पष्ट है कि पार्टी सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### दादरी में सीएम ने 'एक पेड़ मां के नाम' 2.0 मुहिम का किया आगाज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम मुहिम के दूसरे चरण का हरियाणा में वीरवार से आगाज हो गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह की मौजूदगी में चरखी दादरी से अभियान का आगाज किया। आयोजन में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री इलेक्ट्रिक कार में सवार होकर दादरी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार अभियान की थीम प्लास्टिक मुक्त रहेगी और प्रदेश सरकार जल, वायु और मिट्टी के प्रदूषण को कम करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने चरखी दादरी में 5 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजन को संबोधित करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के सभी परिवहन डिपो में वर्ष 2026 तक 450 नई इलेक्ट्रोनिक बसें शामिल की जाएंगी। इस अवसर पर सांसद धर्मबीर सिंह, दादरी विधायक सुनील सांगवान, बाढ़ड़ा विधायक उमेद पातुवास व रणसिंह पनिहार समेत भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर, नगर परिषद चेयरमैन बक्शीराम सैनी आदि मौजूद रहे।

### रेवाड़ी में अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**अनंत ज्ञान, रेवाड़ी।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने गुरुवार को गांव मसानी व गढ़ी अलावलपुर गांव के पास बनीं अवैध कॉलोनियों में बुलडोजर चलवाकर निर्माण तोड़ दिए। डीटीपी संदीप सिहाग ने बताया कि गांव मसानी के पास बिना अनुमति के तीन एकड़ में 12 डीपीसी व पांच चारदीवारी तोड़ी गई हैं। वहीं, गांव अलावलपुर के पास तीन एकड़ में विकसित अवैध कालोनी में सात डीपीसी, एक निर्माणाधीन मकान पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई है। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पिछले कई माह से जिला नगर योजनाकार अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है। जिला नगर योजनाकार ने आमजन से अनुरोध किया है कि नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी अवैध निर्माण न करें। किसी भी प्रकार का निर्माण करने से पहले सरकार के नियमानुसार अनुमति अवश्य लें। प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता के बारे में सुनिश्चित करें।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर 'प्लास्टिक मुक्त चंडीगढ़' अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



एक स्वच्छ और हरित भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'प्लास्टिक मुक्त चंडीगढ़' नामक विशेष अभियान की शुरुआत की।

इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ मेयर हरप्रीत कौर बबला ने किया। इस अवसर पर एमसी कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस, क्षेत्रीय पार्षद दिलीप शर्मा, संयुक्त आयुक्त हिमांशु गुप्ता आदि उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम सेक्टर 26 मंडी में आयोजित किया गया, जो प्लास्टिक उपयोग के प्रमुख केंद्रों में से एक है।

अभियान का मुख्य आकर्षण 'कपड़े के थैले का एटीएम' था, जिसे 'आई हेट पॉलीथीन' नामक स्वयंसेवी संस्था द्वारा स्थापित किया गया। यह मशीन 10 रुपए की मामूली कीमत पर पर्यावरण अनुकूल कपड़े के थैले उपलब्ध कराती है, जो थैला वापस करने पर पूरी तरह से लौटाई जा सकती है। इस अवसर पर मेयर ने कहा कि यह पहल एकल-प्रयोग प्लास्टिक बैग्स के व्यावहारिक विकल्प को बढ़ावा देने और टिकाऊ उपभोग प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने स्वयंसेवी संस्था के प्रयासों की सराहना की और उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए मशीन में क्यूआर कोड भुगतान विकल्प जोड़ने का निर्देश दिया।

### जींद में सीएम फ्लाइंग ने की राजकीय आईटीआई में छापेमारी

**अनंत ज्ञान, जींद।** सीएम फ्लाइंग ने गुरुवार को राजकीय आईटीआई में छापेमारी की। यहां वाशबेसिन और शौचालयों को लेकर सीएम फ्लाइंग ने आईटीआई प्रशासन को कुछ हिदायतें दी हैं। गुरुवार सुबह सीएम फ्लाइंग की टीम डीएसपी पवन शर्मा के नेतृत्व में कैथल रोड स्थित राजकीय आईटीआई में पहुंची। यहां टीम ने सबसे पहले उपस्थित शिक्षकों की जांच की। जांच में जिन शिक्षकों की हाजिरी लगी हुई थी वह सभी उपस्थित पाए गए। इसके बाद सीएम फ्लाइंग ने बाकी चेकिंग की। बाद में सीएम फ्लाइंग ने यहां के शौचालय और वाश बेसिन को चेक किया। सफाई की व्यवस्था में सीएम फ्लाइंग ने आईटीआई प्रशासन को कुछ हिदायतें देने का काम किया है। सीएम फ्लाइंग को जींद आईटीआई में शिक्षकों के गैरहाजिर रहने की शिकायत मिली थी, जिस पर टीम ने यहां दस्तक दी थी।

# अल्केमिस्ट और ओजस अस्पताल ने ट्राइसिटी में शुरू की एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी सेवा

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**



अल्केमिस्ट और ओजस अस्पताल ने ट्राइसिटी क्षेत्र में एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी की पूरी श्रृंखला शुरू कर दी है, जिससे यह क्षेत्र का पहला ऐसा अस्पताल बन गया है जो एक ही छत के नीचे यूनीपोर्टल और बायोपोर्टल एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी दोनों सेवाएं प्रदान करता है।

ये अत्याधुनिक, न्यूनतम चीरा आधारित प्रक्रियाएं रीढ़ की देखभाल में एक बड़ा कदम हैं, जो रोगियों को तेज रिकवरी, कम रक्तस्राव और कम अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि जैसी सुविधाएं प्रदान करती हैं। यह पहल अस्पताल की अत्याधुनिक, रोगी-केंद्रित स्पाइन केयर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसे न्यूरोसर्जन, ऑर्थोपेडिक सर्जन और स्पाइन विशेषज्ञों की एक बहु-विषयी टीम समर्थन दे रही है। एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी रीढ़ की बीमारियों के इलाज में एक क्रांतिकारी बदलाव है। न्यूनतम चीरे और तेज रिकवरी के कारण मरीज जल्दी अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट सकते हैं। अल्केमिस्ट अस्पताल के डॉ. मनीष बुधिराजा, सीनियर कंसल्टेंट ब्रेन एंड स्पाइन स्पेशलिस्ट ने बताया कि हमें गर्व है कि हम इस उन्नत तकनीक को इस क्षेत्र में ला पाए हैं, जिससे हम न्यूनतम इनवेसिव स्पाइन प्रक्रियाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान कर पा रहे हैं, जो जटिलताओं को कम करती हैं और परिणामों को बेहतर बनाती है। ओजस अस्पताल के डॉ. प्रशांत मास्कारा, कंसल्टेंट ब्रेन एंड स्पाइन स्पेशलिस्ट ने कहा कि बायोपोर्टल सर्जरी फिक्सेशन से बचने का एक बेहतर विकल्प है, विशेष रूप से बुजुर्ग मरीजों में जो लंबर कैनाल स्टेनोसिस से पीड़ित होते हैं।

### पाक में निजी कंपनी के 11 कर्मियों का अपहरण

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा से आतंकवादियों ने वीरवार को एक निजी कंपनी के 11 कर्मचारियों का अपहरण कर लिया। हालांकि, पुलिस ने संदिग्धों का पीछा किया और अपहृत कर्मचारियों में से छह को बचा लिया। अलर्ट मिलने पर जिला पुलिस अधिकारी पुलिस अधीक्षक डेरा इस्माइल खान और आतंकवाद निरोधी विभाग के पुलिस अधीक्षक शकील खान अपनी टीमों के साथ मौके पर पहुंचे और तलाशी शुरू की शेष पांच बंधकों को बचाने और संदिग्धों को पकड़ने के लिए फिलहाल तलाशी अभियान चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### मोदी इसराइली पीएम का सस्ता वर्जन : बिलावल

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने पीएम मोदी को इसराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का सस्ता वर्जन बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी खुद को इसराइली पीएम जैसा बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे उनके आसपास भी नहीं हैं। हम भारत सरकार से अपील करते हैं कि वह खराब उदाहरणों से प्रेरित न हो। भारत ने बिलावल के बयान की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान नए निचले स्तर पर पहुंच चुका है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भुट्टो को अपनी हताशा का गुस्सा पाकिस्तान में आतंकवाद के सरगनाओं पर निकालना चाहिए, जो आतंकवाद को देश की नीति का हिस्सा बनाए हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



### सेंसेक्स 443 अंक उछला, निफ्टी 24750 के पार



**एजेंसी, मुंबई।** वैश्विक बाजारों में तेजी के बाद वीरवार को भारतीय शेयर बाजार में भी खरीदारी दिखी। इस दौरान, प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 443.79 अंक या 0.55 प्रतिशत चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 130.70 अंक या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 24,750.90 पर पहुंच गया। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 192 अंक की गिरावट के साथ 37,554 पर और कोरिया का कोस्पी 41 अंक ऊपर 2,812 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 252 अंक तेजी 23,906 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं चीन का शंघाई कंपोजिट 8 अंक की तेजी के साथ 3,384 पर बंद हुआ है। अमेरिका का डाउ जोन्स 91 अंक गिरकर 42,427 पर बंद हुआ। वहीं नैस्डेक कंपोजिट 61 अंक चढ़कर 19,460 पर और एसएंडपी 500 5,970 पर तेजी के साथ बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

# देशहित में काम करना पार्टी विरोधी कार्य नहीं : शशि थरूर

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कहा कि जो लोग ऐसा सोचते हैं कि देशहित में काम करना पार्टी विरोधी है, तो उन्हें खुद से सवाल करने की जरूरत है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ थरूर फिलहाल अमेरिका दौरे पर हैं। वहां एक इंटरव्यू में थरूर ने ये बात कही। दरअसल कई कांग्रेस नेताओं ने थरूर पर निशाना साधा है और उन्हें भाजपा का सुपर प्रवक्ता बताया है। थरूर ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने की अटकलों को भी खारिज कर दिया। पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में शशि थरूर ने कहा कि जब कोई देश की सेवा कर रहा हो तो मुझे नहीं लगता कि किसी अन्य चीजों के बारे में बहुत चिंता करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि जिसे लगता है कि देशहित में काम करना पार्टी विरोधी है, तो उन्हें हमसे सवाल करने के बजाय खुद से सवाल करने की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)



**हम किससे बात करें?**

**शशि** थरूर ने अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'हम लोगों से अक्सर यह सुनते हैं - आप पाकिस्तान से बात क्यों नहीं करते? हम किससे बात करें?... हम जिन लोगों से बात करते हैं, वे या तो उन तत्वों को नियंत्रित करने में असमर्थ हैं या अनिच्छुक हैं, जो हमें नुकसान पहुंचा रहे हैं। यदि आप एक नागरिक सरकार से बात कर रहे हैं और नागरिक सरकार को यह भी नहीं पता है कि सेना हमें मारने के लिए सीमा पार आतंकवादियों को भेज रही है, तो हम किससे बात करें और क्यों करें?'

## देश-विदेश

### अब आम यात्रियों को आसानी से मिल सकेगी तत्काल टिकट




**एजेंसी, नई दिल्ली।** अगर आप भी ट्रेन के तत्काल टिकट बुक करने की कोशिश करते हैं और हर बार 'टिकट उपलब्ध नहीं है' दिखाता है, तो अब तत्काल टिकट बुक करने की समस्या कम होने वाली है। रेलवे तत्काल टिकट बुकिंग में बड़ा बदलाव करने जा रही है। जल्द ही टिकट बुकिंग के वक्त ई-आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा इस नियम से जरूरतमंद और सही यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिल सकेगा। इससे फर्जी आईडी, एजेंट्स की धांधली और बॉट्स की बुकिंग पर लगाम लगेगी और आम यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलना आसान हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# गाजा में सीजफायर प्रस्ताव पर अमेरिका ने किया वीटो

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गाजा में युद्धविराम कायम करने वाले प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया है। NSC में बुधवार को इसके लिए वोटिंग हुई जिसमें 15 में से 14 देशों ने गाजा में युद्ध विराम के पक्ष में वोटिंग की। प्रस्ताव में सभी बंधकों की रिहाई और मानवीय सहायता प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग की गई थी। अमेरिका इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने वाला एकमात्र देश था। अमेरिका ने इसे रोकने के लिए अपने वीटो पावर का इस्तेमाल किया। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने कहा कि यह प्रस्ताव सीजफायर के कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर करेगा। इस प्रस्ताव को एनएससी के 10 देश अल्जीरिया, डेनमार्क, ग्रीस, गयाना, पाकिस्तान, पनामा, कोरिया गणराज्य, सिएरा लियोन, स्लोवेनिया और सोमालिया ने मिलकर प्रस्तुत किया था, जिस पर ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन ने भी सहमति जताई थी। (अनंत ज्ञान)




- **कहा- इसराइल को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार**
- **14 देशों ने जंग रोकने के लिए किया वीटो**

# 4 राज्यों में एक दिन में 100 से अधिक कोरोना केस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वीरवार को 15 राज्यों में 564 मरीज मिले, इनमें से 437 मामले सिर्फ 4 राज्यों से हैं। केरल में सबसे ज्यादा 114, कर्नाटक में 112, पश्चिम बंगाल में 106 और दिल्ली में 105 केस सामने आए। इस तरह देश में एक्टिव केसेज की संख्या 4866 हो गई है। इसके अलावा, बुधवार को कोरोना से 7 और लोगों की जान चली गई। महाराष्ट्र में तीन और दिल्ली-कर्नाटक में दो-दो मौतें हुईं। इसके साथ देश में कोरोना से मौत का आंकड़ा 51 पहुंच गया है। इस बीच, केंद्र सरकार गुरुवार को देश भर के राज्यों के चुनिंदा अस्पतालों में मॉक ड्रिल करेगी। इस दौरान इन अस्पतालों में ऑक्सीजन सप्लाई, जरूरी दवाओं की स्थिति और वेंटिलेटर की व्यवस्थाओं को परखा जाएगा। इससे बनी रिपोर्ट में कोरोना की चौथी लहर आने की स्थिति में अस्पतालों की तैयारियों पर रेटिंग दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)



- **देश में 4866 एक्टिव मामले कुल 51 मौतें**

### मोदी आज करेंगे दुनिया के सबसे ऊंचे पुल का उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के इतिहास में छह जून को नया अध्याय जुड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चिनाब पर बने एफिल टावर से ऊंचे आर्च ब्रिज यानी मेहराब पुल को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। माता वैष्णो देवी मंदिर स्थल कटड़ा में 46,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि पीएम मोदी कटड़ा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाएंगे। चिनाब पुल को वास्तुशिल्प की बेमिसाल कृति बताते हुए बयान में कहा गया कि यह दरिया से 359 मीटर की ऊंचाई पर है।



पुल का एक अहम प्रभाव जम्मू और श्रीनगर के बीच संपर्क को बढ़ाने में होगा। पुल पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से कटड़ा और श्रीनगर के बीच यात्रा करने में केवल 3 घंटे लगेंगे, जिससे मौजूदा यात्रा का समय दो से तीन घंटे कम हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### चांदी की कीमत ऑल टाइम हाई पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चांदी का भाव 5 जून को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 1 किलो चांदी का भाव 3,695 रुपए बढ़कर 1,04,675 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया। इससे पहले चांदी का भाव 1,00,980 रुपए प्रति किलो था। वहीं, सोने के दाम में भी तेजी रही। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,416 रुपए बढ़कर 98,163 रुपए हो गया है। इससे पहले सोने की कीमत 96,747 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)



# यूक्रेन में रूस का ड्रोन हमला, 5 की मौत

## डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन की बातचीत के कुछ घंटों बाद हुआ हमला

**एजेंसी, कीव**

यूक्रेन के उत्तरी शहर प्रिलुकी में वीरवार (स्थानीय समयानुसार) सुबह रूस ने ड्रोन हमला किया। रूस के इस हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है, जिसकी उम्र एक साल थी। इस हमले में बच्चे की मां और दादी की भी मौत हो गई।

अधिकारियों के अनुसार, सुबह करीब 5:30 बजे प्रिलुकी के एक रिहायशी इलाके में छह ड्रोनों ने हमला किया। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि ड्रोन हमले में जिस बच्चे की मौत हुई है, वह एक आपातकालीन कर्मचारी का पोता था। टेलीग्राम पर एक पोस्ट में जेलेंस्की ने कहा, 'बचाव दल के एक सदस्य ने अपने ही घर में हुए हमले का जवाब दिया। पता चला कि है कि शाहिद ड्रोन ने उनके घर पर हमला किया था।' यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात करने के कुछ ही घंटों बाद हुआ। ट्रंप के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस सप्ताह के अंत में यूक्रेन द्वारा रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर किए गए ड्रोन हमलों का जवाब जरूर देगा। (अनंत ज्ञान)



- **मरने वालों में एक वर्ष का बच्चा भी शामिल**

## नुकसान — पूर्वोत्तर में बाढ़-लैंडस्लाइड, 11 दिन में 49 मौतें; असम में 19 की गई जान

# देश के 21 जिलों में 6.8 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। असम में बुधवार को बाढ़ में दो और लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही 24 मई को मानसून आने के बाद से राज्य में अब तक 19 लोगों की जान गई है।

देश के 21 जिलों में 6.8 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अरुणाचल प्रदेश में अब तक 12 लोगों की जान गई है, जबकि दो लोग लापता हैं। उनकी तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। पिछले 11 दिनों में पूर्वोत्तर राज्यों में कुल 49 लोगों की जान जा चुकी है। इसमें असम में 19, अरुणाचल प्रदेश में 12, मेघालय और मिजोरम में 6-6, सिक्किम में 3, त्रिपुरा में 2 और नगालैंड में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

उधर, मानसून अब भी महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर ही रुका है। यह 10 जून तक मध्य प्रदेश पहुंचेगा, हालांकि राज्य में बारिश का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को भोपाल, शाजापुर, छिंदवाड़ा, राजगढ़, सागर, सतना, धार और दमोह में बारिश हुई। राज्य में 6 जून तक बूंदाबांदी जारी रहने के आसार हैं।

राजस्थान में भी बुधवार को कई जगहों पर आंधी-बारिश होने के साथ ओले गिरे। इसके चलते बाड़मेर और जैसलमेर को छोड़कर सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा। (अनंत ज्ञान)



असम में आई बाढ़ से प्रभावित लोग नावों में बैठकर सुरक्षित जगह जाते हुए।

## स्पोर्ट्स विंडो

### श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सचित्र सेनानायके मैच फिक्सिंग के दोषी

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिए ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किए गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है।



उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था। 40 वर्ष के सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिए एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेलकर 78 विकेट लिए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कोलंबो किंग्स के लिए खेल रहे थारिंडु रत्नायके को फिक्सिंग की पेशकश की थी। (अनंत ज्ञान)

### पीवी सिंधू इंडोनेशिया ओपन में हारी

**एजेंसी, जकार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू निर्णायक गेम में हार के साथ वीरवार को यहां महिला एकल के दूसरे दौर में दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त से इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। निर्णायक गेम में एक समय 15-11 से आगे चल रहीं सिंधू को 78 मिनट चले मुकाबले में अंततः 22-20, 10-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने कहा, ''मुझे लगता है कि मुझे इसे जीत में बदलना चाहिए था। मैं तीसरे गेम में 16-13 से आगे थी, लेकिन मुझे लगता है कि वहां से भी खेल थोड़ा तेज था इसलिए मुझे और अधिक नियंत्रण बनाना पड़ा। वहां से उसने बढ़त बना ली और मुझे लगता है कि मैंने स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया। उस समय कोई भी जीत सकता था।'' (अनंत ज्ञान)



### आईपीएल भगदड़: आरसीबी मृतकों के परिवारों को देगी 10 लाख रुपए

**एजेंसी, बेंगलुरु।** आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टीम की आईपीएल खिताबी जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों के परिवारों को दस दस लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है । विराट कोहली और टीम की एक झलक पाने के लिये लाखों की तादाद में प्रशंसक चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर एकत्र हो गए जिससे 11 लोगों की मौत हो गई थी। आरसीबी ने सोशल मीडिया पर वीरवार को जारी बयान में कहा,''बेंगलुरु में कल हुए हादसे से आरसीबी परिवार दुखी है । आरसीबी ने 11 मृतकों के परिवारों को दस-दस लाख रुपए आर्थिक सहायता देने का फैसला किया है । इसके अलावा आरसीबी केयर्स कोष भी बनाया जाएगा जिसके जरिए इस हादसे में घायल हुए प्रशंसकों की मदद की जाएगी।'' इस हादसे में 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### लॉरेन सेसलमैन का बिंदास अंदाज

**कनाडा।** अमेरिकी मूल की कनाडाई फुटबॉलर लॉरेन सेसलमैन बास्केटबॉल टीम का भी हिस्सा रह चुकी हैं। लॉरेन पूर्व फॉरवर्ड और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं। सेसलमैन ने 2015 फीफा महिला विश्व कप में कनाडा का प्रतिनिधित्व किया था।



## इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर

# भारत-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरा अनधिकृत टेस्ट आज से

**एजेंसी, नॉर्थम्पटन**



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी, जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी।

भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिए ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं। राहुल ने 58 टेस्ट में 33.57 की औसत से रन बनाए हैं, लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्षक्रम में मिला है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साई सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था, लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से छह ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा।

तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करुण नायर ने पहले मैच में रन बनाए थे। ऐसी संभावना है कि ऋतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाए। तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिये शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला, लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे। अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिए तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा।

इंग्लैंड लायंस के लिए तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे, ताकि पहले टेस्ट के लिए टीम में जगह बना सकें। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



**मैच : दोपहर 3.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत-ए :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, ऋतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंसः** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद, जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## गिल को बतौर कप्तान टेस्ट मैच में बल्लेबाजी करना आसान नहीं : पोंटिंग



**एजेंसी, नई दिल्ली**

आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा और इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए।



विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरुआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं।

पोंटिंग ने कहा,''गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में कुछ काम करना होगा। अगर आप नये कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता।'' उन्होंने कहा कि भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने कहा कि गिल लंबे समय तक कप्तानी करेंगे। उन्होंने कहा,''पिछले सत्र में जब रोहित ने सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला किया तो मेरी नजर में गिल कप्तान हो सकते थे। बुमराह की फिटनेस को लेकर आशंका थी और उस मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे।'' पोंटिंग ने यह भी कहा कि गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी के मानसिक पहलू पर काम करना होगा।

उन्होंने कहा,''ऐसे महान टेस्ट बल्लेबाज भी हुए हैं जिनकी रक्षात्मक तकनीक उतनी अच्छी नहीं थी। वीरेंद्र सहवाग इसका अच्छा उदाहरण हैं । लेकिन अगर आपका अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण है तो रक्षात्मक तकनीक के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। खेल के मानसिक पहलू पर काम करना होगा।'' (अनंत ज्ञान)

## डब्ल्यूपीएल, प्रदेश लीग ने दिखा दिया कि महिला क्रिकेट से मिल सकता है राजस्व : मंधाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्ल्यूपीएल और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी। मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी।



उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा,''महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और डब्ल्यूपीएल ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है।''

**महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी**

उन्होंने कहा,''लोग अब महिला क्रिकेट में पैसे लगाने को तैयार हैं। खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के क्रिकेटरों के लिए। भारत में इस समय महिला क्रिकेट में निवेश आ रहा है जिससे खिलाड़ी को निखरने में मदद मिल रही है। हमारे करियर में हमें काफी देर से फिटनेस और इन चीजों के महत्व के बारे में पता चला था।'' उन्होंने कहा,''लेकिन मुझे यकीन है कि क्लब और बाकी पहल से इन खिलाड़ियों को इसकी बेहतर जानकारी होगी और वे अच्छी तैयारी से आएंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## रजत पाटीदार बाहर से शांत, भीतर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसी आग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए जूनियर दिनों के उनके कोच अमय खुरासिया ने कहा कि संकल्प को पूरा करने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति उन्हें खास बनाती है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी खुरासिया लंबे समय तक इंदौर में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एपीसीए) के अकादमी के मुख्य कोच रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी और नेतृत्व कौशल में काफी सुधार किया है।



खुरासिया ने पाटीदार को मजबूत इच्छाशक्ति वाली खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि वह बाहर से बेहद सौम्य और शांत दिखते है लेकिन उनके अंदर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसे आग है।

पाटीदार ने अपनी कप्तानी कौशल से प्रभावित करने के साथ इस सत्र में 15 मैचों में दो अर्धशतक की मदद से 312 रन बनाये। उन्होंने आईपीएल में 42 मैचों में एक शतक और नौ अर्द्धशतक की मदद से 1111 रन बनाए हैं। पाटीदार इस फ्रेंचाइजी से चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर जुड़े थे लेकिन 2022 सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर उन्होंने टीम में जगह पक्की की।

आरसीबी ने जब उन्हें इस सत्र से पहले कप्तान बनाने का फैसला किया तो कइयों को हैरानी हुई थी, लेकिन यह 'मास्टरस्ट्रोक' साबित हुआ। पाटीदार ने 13 मैचों की टीम की अगुवाई की जिसमें से 10 में जीत दर्ज की। टीम ने इस दौरान खिताब उठाने के साथ पहली बार चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घर में मात दी। आरसीबी ने जब पाटीदार को कप्तान बनाया तभी खुरासिया को लगा गया था कि यह टीम इस सत्र में कुछ खास करेगी।

उन्होंने कहा, ''आरसीबी ने जब उन्हें कप्तान बनाया था तब भी कई पत्रकारों ने मेरा साक्षात्कार किया था। मैंने तब ही कहा था कि इस सत्र में यह टीम कुछ अलग करने वाली है। पाटीदार बाहर से काफी शांत दिखते है, लेकिन अंदर से ज्वालामुखी की तरह है। उनके मन में सबको साथ लेकर सफलता हासिल करने की जिजीविषा बहुत है।'' उन्होंने कहा, ''जब वह किशोरावस्था में थे तभी एमपीसीए में मेरी देख-रेख में कई शिविर में शामिल हुए थे।'' (अनंत ज्ञान)

## भगदड़ पर क्रिकेट जगत ने जताया शोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**







भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान 11 लोगों की मौत पर शोक जताते हुए कहा कि यह बहुत ही भयावह त्रासदी है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 18 साल बाद पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के जश्न के दौरान भगदड़ में 11 लोग मारे गए और 30 से अधिक घायल हुए हैं। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा,''बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जो भी हुआ, वह भयावह है। हर प्रभावित परिवार के प्रति मेरी संवेदनायें । सभी को सुकून और शक्ति मिले।'' दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने लिखा,''चिन्नास्वामी स्टेडियम पर हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थना।''

भारत के पूर्व कप्तान और कोच और बेंगलुरु के रहने वाले अनिल कुंबले ने इसे क्रिकेट के लिए दुखद दिन करार दिया। उन्होंने लिखा,''क्रिकेट के लिए दुखद दिन। आरसीबी की जीत का जश्न मनाने में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना।''

युवराज सिंह ने लिखा,''जश्न का पल अकल्पनीय त्रासदी में बदल गया। बेंगलुरु हादसे से प्रभावित हर एक के प्रति मेरी संवेदना। दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और उनके परिवार को शक्ति।'' आनन फानन में कराए गए समारोह में भाग लेने के लिए भारी संख्या में भीड़ जुटने के कारण यह हादसा हुआ। (अनंत ज्ञान)

## फ्रेंच ओपन : कोको गाफ का सामना बोइसों से

**एजेंसी, पेरिस**

दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को 6-7, 6-4, 6-1 से हराकर फ्रेंच ओपन महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 7-6, 6-3 से हराया।

**जोकोविच और सिनेर भी जीते**

बाईस वर्ष की बोइसों 1989 के बाद अपने पदार्पण ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। वह 1999 विम्बलडन में एमेली मोरेस्मो के बाद ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा फ्रेंच खिलाड़ी हैं। पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया। (अनंत ज्ञान)



## वैभव सूर्यवंशी बोले- अगले आईपीएल में अपनी टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करूंगा

**एजेंसी, मुंबई**

अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।



सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था। इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के अलावा 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा, ''आईपीएल में खेलना हर किसी के लिए एक सपने जैसा है और मुझे अपने पहले सत्र से बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिलीं और मैंने यह भी सीखा कि मैं अगले सत्र में टीम के लिए क्या कर सकता हूं।''

रॉयल्स के निराशाजनक अभियान के बावजूद बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने व्यक्तिगत मोर्चे पर सफलता का स्वाद चखा जब मंगलवार को फाइनल के समापन के बाद उन्हें 'आईपीएल सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन' का पुरस्कार दिया गया। सूर्यवंशी ने कहा, ''अगले साल मैं उन क्षेत्रों पर काम करूंगा जहां मैंने गलतियां की और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा।'' पहले सत्र से मिली सीख के बारे में बात करते हुए सूर्यवंशी ने कहा, ''मेरी सीख यह है कि मुझे अपने प्रदर्शन से दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना होगा, जिससे कि मेरी टीम भी अगले साल फाइनल में खेल सके और मैं इस पर ध्यान केंद्रित करूंगा कि अगले साल मैं टीम के लिए कितना योगदान दे सकता हूं।''

सूर्यवंशी के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मुंबई के आयुष म्हात्रे के साथ इंग्लैंड के कई प्रारूप के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया। सूर्यवंशी ने कहा, ''यह एक नई प्रतियोगिता है। मैं पहली बार ब्रिटेन जा रहा हूं इसलिए यह एक नया अनुभव होगा। मैं अनुभव करूंगा कि वहां खेल कैसे चलता है।'' (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट**

### वोक्स ने 2018 में लाड्र्स टेस्ट में भारत पर इंग्लैंड की जीत में निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका

## पहले टेस्ट के लिए वोक्स इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में

**एजेंसी, लंदन**

तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को लीड्स में भारत में खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पांच टेस्ट की सीरीज के पहले मैच के लिए वीरवार को इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया।

अब तक 57 टेस्ट में 181 विकेट लेने के अलावा 1970 रन बनाने वाले 36 साल के वोक्स ने 2018 में हुई सीरीज के दौरान लार्ड्स टेस्ट में भारत पर इंग्लैंड की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वोक्स ने उस मैच में नाबाद 137 रन बनाने के अलावा चार विकेट चटकाए जिससे इंग्लैंड ने पारी और 159 रन से जीत दर्ज की। वोक्स के अलावा तेज गेंदबाज जोश टंग को इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 20 जून से शुरू हो रहे टेस्ट से पूर्व जरूरी तैयारी करने को कहा है, इसलिए ये दोनों खिलाड़ी नॉर्थम्पटन में शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ शुरू हो रहे इंग्लैंड लॉयन्स के दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलेंगे। जून 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण करने के बाद जेमी ओवरटन को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्हें हालांकि बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दाएं हाथ की छोटी अंगुली में चोट लगी थी।



ईसीबी ने अपनी वेबसाइट पर कहा है कि हाल में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेलने वाले 31 साल के ओवरटन की चोट की इंग्लैंड की चिकित्सा टीम रोजाना आकलन और समीक्षा करेगी।

इंग्लैंड की टीम की कमान बेन स्टोक्स के हाथों में होगी। टीम में शोएब बशीर के रूप में एकमात्र स्पिनर शामिल है, जिन्होंने इन गर्मियों में जिंबाब्वे के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट में टीम की जीत के दौरान नौ विकेट चटकाए थे।

मौजूदा आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलने वाले युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल और जिंबाब्वे के खिलाफ पदार्पण करने वाले तेज गेंदबाज सैम कुक को भी टीम में जगह मिली है। ईसीबी ने कहा, ''डरहम के तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स और वारविकशर के जैकब बेथेल और क्रिस वोक्स को टीम में शामिल किया गया है।''

बयान के अनुसार, ''सरे के गस एटकिंसन हाल ही में ट्रेंटब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट के दौरान दाहिने पैर की मांसपेशियों में लीग चोट के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।''

भारत अपना इंग्लैंड दौरा 20 से 24 जून तक हेडिंग्ले में खेले जाने वाले पहले टेस्ट से शुरू करेगा, जबकि दूसरा टेस्ट दो से छह जुलाई तक एजबेस्टन में होगा। तीसरा टेस्ट 10 से 14 जुलाई तक लॉर्ड्स में, चौथा 23 से 27 जुलाई तक ओल्ड ट्रैफर्ड में और पांचवां तथा अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में खेला जाएगा।

बदलाव के दौर से गुजर रहे भारत की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे, क्योंकि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेल रही है जिन्होंने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अपने टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया था। तैयारी की कमी के कारण तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस दौरे के लिए नहीं चुना गया। (अनंत ज्ञान)